भोपाल

बुधवार, 7 मई 2025

वैशाख मास शुक्ल पक्ष–10

वर्ष : 14, अंक : 36

पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम

अधि. 32

न्यून. 22

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**एमपी बोर्ड : मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जारी किए 10वीं-12वीं के परिणाम**

# दोनों ही कक्षाओं में बेटियों ने ही बाजी मारी

## 10वीं का परीक्षा परिणाम 76.22% और बारहवीं का परिणाम 74.48% रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपी बोर्ड) की दसवीं-बारहवी के विद्यार्थियों के लिए मंगलवार को दिन विशेष रहा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दोनों कक्षाओं के परिणाम मुख्यमंत्री निवास से जारी किए। 10वीं का परीक्षा परिणाम 76.22 प्रतिशत और 12वीं का परिणाम 74.48 प्रतिशत रहा है। दोनो ही कक्षाओं में बेटियों ने बाजी मारी है। दसवीं में छात्रों का परीक्षा परिणाम 73.21 रहा है, तो वहीं छात्राओं का परिणाम 79.27 है। बारहवीं में 71.37 प्रतिशत छात्र और 77.55 ▶▶ शेष पेज 6 पर

### बेटियां हमारा, मान, सम्मान और गौरव बढ़ा रही हैं : मुख्यमंत्री

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में 76.22 प्रतिशत एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा में 74.48 प्रतिशत विद्यार्थियों ने पिछले 15 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए सफलता हासिल की है। यह सफलता लक्ष्य के प्रति समर्पण, अथक परिश्रम और लगन का प्रतिफल है। सफल विद्यार्थियों को बधाई-शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आपके लिए भविष्य* ▶▶ शेष पेज 6 पर

### दसवीं में प्रज्ञा जायसवाल को 500 में से 500 अंक, बारहवीं में प्रियल द्विवेदी प्रदेश में अव्वल



**सिंगरौली की प्रज्ञा ने रचा इतिहास**

### घंटे के हिसाब से नहीं बल्कि टारगेट से पढ़ाई की

10 वीं परीक्षा में इस सिंगरौली की साल प्रज्ञा जायसवाल ने 500 में से 500 में नंबर लाकर इतिहास बना दिया। प्रदेश की टॉपर प्रज्ञा ग्लोरियस पब्लिक स्कूल की छात्रा हैं। उन्होंने यह उपलब्धि बिना किसी ट्यूशन के हासिल की है। इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता और स्कूल के शिक्षकों को दिया है। प्रज्ञा के पिता विनय कुमार जायसवाल शासकीय उच्चतर माध्यमिक शिक्षक हैं। उनकी माता शशिकला जायसवाल भी उच्च माध्यमिक शिक्षिका हैं। प्रज्ञा ने बताया कि उनके माता-पिता का हमेशा सहयोग मिला। विद्यालय के शिक्षकों ने भी लगातार उनका उत्साहवर्धन किया। प्रज्ञा ने अपनी ▶▶ शेष पेज 6 पर



प्रज्ञा जायसवाल

### खुद पर विश्वास रख कर पढ़ाई करें

मैथ्स-साइंस में 500 में से 492 नंबर हासिल कर प्रदेश में टॉप करन वाली सतना की छात्रा प्रियल द्विवेदी यह कीर्तिमान रचकर बाकी स्टूडेंट्स के लिए एक उदाहरण पेश किया है। प्रियल द्विवेदी ने कहा कि जब रिजल्ट आया और मुझे टॉप करने की जानकारी मिली, तो यकीन ही नहीं हुआ। हर छात्र का सपना होता है कि वह टॉप करे। मेरा भी सपना था और इसके पूरा होने पर बहुत ख़ुशी हो रही है। उन्होने बताया कि पढ़ाई के दौरान सोशल मीडिया से खुद को दूर रखा। हर दिन 6 घंटे पढ़ती थी। सभी विषय को बराबर समय दिया। एनसीईआरटी की किताबों पर फोकस रखा। इससे बहुत मदद मिली। खुद पर विश्वास रख कर पढ़ाई करें। अब मंजिल सिविल सर्विसेज हैं। अगर रेगुलर स्कूल जाकर मन लगाकर पढ़ाई की जाए, तो कोई भी लक्ष्य दूर नहीं होता।

▶▶ पढ़ें पेज 04 और 09 भी



प्रियल द्विवेदी












## खबर संक्षेप

### छतरपुर में 12वीं में फेल छात्रा ने दी जान

**छतरपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं और 12वीं परीक्षा का रिजल्ट मंगलवार को जारी किया। इसके कुछ देर बाद छतरपुर में 17 वर्षीय छात्रा ने आत्महत्या कर ली। छात्रा का शव उसके कमरे में फांसी पर लटका मिला। घटना विश्वनाथ कॉलोनी की है। छात्रा हटवारा हायर सेकेंडरी स्कूल की थी और मूल रूप से महाराजपुर थाना क्षेत्र के कुसमा गांव की रहने वाली थी।



### अब सांची दूध दो रुपए प्रति लीटर हुआ महंगा

**भोपाल।** अमूल के बाद अब सांची ने भी ग्राहकों को झटका दिया है। सांची ने भी दूध के रेट बढ़ा दिए हैं। 1 लीटर दूध पर 2 रुपए, जबकि आधा लीटर पर एक रुपए की बढ़ोतरी की गई है। 7 मई से नए रेट लागू हो जाएंगे। फुल क्रीम गोल्ड की कीमत अब 65 से बढ़कर 67 रुपए हो गए हैं। भोपाल के अलावा इंदौर में भी सांची दूध महंगा हुआ है।



## पाकिस्तान पर एक्शन की तैयारी



यूएनजीएसी का फाइल फोटो

# 24 घंटे में एनएसए डोभाल ने मोदी से दूसरी बार की मुलाकात



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनातनी जारी है। इस बीच एनएसए अजीत डोभाल पीएम मोदी से मिलने पहुंचे। प्रधानमंत्री के आवास पर ये मुलाकात हुई है। केंद्र सरकार आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की रणनीति तैयार करने में जुटी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस हमले के बाद से लगातार उच्च-स्तरीय बैठकों का सिलसिला जारी है। पिछले 24 घंटों में यह दूसरी बार है जब प्रधानमंत्री ने अजीत डोभाल से मुलाकात की। यह मुलाकात राज्य सरकारों द्वारा मॉक ड्रिल आयोजित करने से एक दिन पहले हुई है। पिछले कुछ दिनों में नरेंद्र ▶▶ शेष पेज 6 पर

### यूएनएससी में पाकिस्तान ने फिर मुंह की खाई

*कश्मीर पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बंद कमरे में बैठक पर संयुक्त राष्ट्र में भारत के पूर्व स्थायी प्रतिनिधि सैयद अकबरुद्दीन ने मंगलवार को कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय समुदाय में पाकिस्तान की वास्तविक स्थिति यह है कि कोई भी देश उसकी बातों को गंभीरता से नहीं लेता। इस बार भी पाकिस्तान बे-बेआबरू होकर लौटा है। हालात ये हैं कि उसके परमाणु हथियार और सिंधु जल समझौते के निलंबन पर हमले की धमकी का भारत पर कोई असर नहीं होता है। अकबरुद्दीन ने कहा, बहुपक्षीय संगठनों का इस्तेमाल करके दुनिया का ध्यान आकर्षित करने का पाकिस्तान का प्रयास नया नहीं है। पाकिस्तान ने सोचा कि इसके* ▶▶ शेष पेज 6 पर

## हवाई हमले के सायरन बजेंगे और ब्लैकआउट भी होगा

# देश भर में आज 244 जगह होगी मॉक ड्रिल सिखाए जाएंगे हमले से बचने के तरीके

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान से तनाव के बीच बुधवार को देश के 244 इलाकों में युद्ध के दौरान बचाव के तरीकों की मॉक ड्रिल होगी। गृह मंत्रालय ने इन इलाकों को सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट के तौर पर सूचीबद्ध किया है। ये सामान्य प्रशासनिक जिलों से अलग हैं। सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट को उनकी संवेदनशीलता के आधार पर 3 कैटेगरी में बांटा गया है। कैटगरी-1 सबसे संवेदनशील, कैटगरी-2 संवेदनशील और कैटेगरी-3 कम सेंसेटिव है। गृह ▶▶ शेष पेज 6 पर

सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट को उनकी संवेदनशीलता के आधार पर 3 कैटेगरी में बांटा गया है।

**कैटेगरी-1** सबसे संवेदनशील

**कैटेगरी-2** संवेदनशील

**कैटेगरी-3** कम सेंसेटिव है



जम्मू के एक स्कूल में छात्रों को सुरक्षा के उपाए बताए

### पाक बॉर्डर पर आज गरजेंगे राफेल, सुखोई और मिराज

भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान सीमा के नजदीक एक महत्वपूर्ण युद्धाभ्यास को लेकर एनओटीएएम यानी नोटाम (नोटिस टू एयर मिशन) जारी किया है। इसका सीधा मतलब है कि उस क्षेत्र में किसी भी सामान्य विमान या एयरलाइन को उड़ान भरने की इजाजत नहीं होगी। भारत के इस कदम को सैन्य तैयारी के संकेत के रूप में देखा जा रहा है जिससे पाकिस्तान की चिंता बढ़ गई है। इस बार भारत ने नोटाम इसलिए जारी किया है क्योंकि ▶▶ शेष पेज 6 पर



### पानी, दवाएं और टॉर्च पास में रखें

अधिकारियों ने जनता से मॉक ड्रिल के दौरान शांति बनाए रखने और स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की है। साथ ही लोगों को यह सलाह दी गई है कि वे जरूरी वस्तुएं जैसे पानी, दवाएं और टॉर्च पास में रखें। सोशल मीडिया के माध्यम से फैलने वाली अफवाहों से बचने के लिए जनता से आग्रह किया गया है कि वे केवल सरकारी स्रोतों से ही जानकारी लें। यदि बिजली या मोबाइल सेवाएं कुछ समय के लिए बाधित होती हैं, तो लोग रेडियो और आधिकारिक संचार चैनलों से अपडेट लेते रहें।

### कतर ने कहा- आतंक के खिलाफ भारत का देंगे पूरा साथ

कतर के अमीर तमीम बिन हमद अल-थानी ने पहलगाम हमले को लेकर दुख जताया है। आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में कतर ने साथ देने की बात कही है। कतर के अमीर ने पीएम मोदी से फोन पर बात की। कतर के अमीर अल थानी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम भारत के साथ हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी से टेलीफोन पर बातचीत की। उन्होंने पहलगाम में सीमा पार से हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना और एकजुटता व्यक्त की। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई और अपराधियों को न्याय के कटघरे ▶▶ शेष पेज 6 पर

### भोपाल में शाम 4 से रात 8 बजे के बीच बजेगा सायरन

#### इंदौर, भोपाल, ग्वालियर जबलपुर और कटनी में मॉक ड्रिल होगी: सीएम

*भोपाल। सीएम डॉ. मोहन यादव ने राज्य मंत्रिमंडल की बैठक से पहले संबोधन में जानकारी दी की वर्तमान राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के दृष्टिगत प्रदेश के पांच नगरों क्रमशः इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और कटनी में नागरिक सुरक्षा, मॉकड्रिल होगी। बुधवार सायं 4 बजे से सायरन के माध्यम से खतरे की सूचना, ब्लैकआउट, प्रमुख अधो-संरचनाओं को सुरक्षित रखने, दुर्घटना की स्थिति में घायलों को सुरक्षित निकालने जैसी गतिविधियों की ड्रिल की जाएगी। इस संबंध में जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों को विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए किए गए हैं। मुख्य* ▶▶ शेष पेज 6 पर



▶▶ पढ़ें पेज 12 भी

## भारत की अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर

# इस साल के अंत तक भारत बनेगा चौथी बड़ी इकोनॉमी, जापान को छोड़ेगा पीछे

*आईएमएफ के अनुसार जर्मनी से भी आगे निकलने का अनुमान*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-पाक टेंशन के बीच इंडियन इकोनॉमी के मोर्चे पर अच्छी खबर आई है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का अनुमान है कि भारत की अर्थव्यवस्था दिसंबर 2025 तक जापान को पीछे छोड़ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी बन सकती है। आंकड़ों के अनुसार, भारत 2025 तक जापान को पीछे छोड़कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। वर्ल्ड इकोनॉमिक डेटा के अनुसार, भारत की वर्तमान में जीडीपी 4.3 ट्रिलियन डॉलर के साथ ▶▶ शेष पेज 6 पर




### पिछले साल पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का रिकॉर्ड रहा

*बता दें कि इस साल अगर ऐसा होता है तो यह 2024 के बाद एक महत्वपूर्ण बदलाव होगा, क्योंकि पिछले साल भारत 3.9 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनी थी। आईएमएफ ने पिछले महीने जारी अपने ग्लोबल इकोनॉमी आउटलुक में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के वास्तविक रूप से 6.3 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है, जबकि पहले 6.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया था।*

## सीधी जिले के पटेहरा गांव का मामला

# नायब तहसीलदार पर ग्रामीणों का हमला, सिर फोड़ा, 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीधी

जिले के पटेहरा गांव में मंगलवार दोपहर 3.30 बजे नायब तहसीलदार पर हमला हो गया। वे किसी तरह वहां से जान बचाकर भागे। पुलिस के मुताबिक तहसील कार्यालय का चौकीदार सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए गांव में नोटिस देने गया था। इस दौरान विवाद के हालात बन गए। चौकीदार ने इसकी जानकारी नायब तहसीलदार जेपी पांडे को दी। इसके बाद पांडे खुद मौके पर पहुंचे, लेकिन गांव वालों का गुस्सा उन पर भी फूट पड़ा। 7-8 लोगों ने उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर लात-घूंसों से पीटा। सिर फोड़ दिया। वे गिरते-पड़ते भागते रहे। खून से लथपथ पांडे किसी तरह जान बचाकर रामपुर नैकिन थाने पहुंचे। थाना प्रभारी सुधांशु ▶▶ शेष पेज 6 पर



## सरकार ने जारी की अधिसूचना

# सड़क हादसे में घायल लोगों को अब पूरे देश में मिलेगा मुफ्त इलाज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने पूरे देश में कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम (नकद रहित इलाज योजना) लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी है। जिसके तहत सड़क दुर्घटना के शिकार हर व्यक्ति को प्रति हादसा अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल सकेगा। सड़क परिवहन ▶▶ शेष पेज 6 पर

■ 5 मई 2025 से ये योजना लागू हो गई



### दुर्घटना के 7 दिनों तक मुफ्त इलाज की सुविधा

इस योजना के तहत पीड़ित व्यक्ति को दुर्घटना की तारीख से अगले सात दिनों तक, अधिकतम 1,50,000 रुपये तक का मुफ्त इलाज दिया जाएगा। यह सुविधा सिर्फ ▶▶ शेष पेज 6 पर

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में अहम फैसला

### नक्सल प्रभावित जिलों के लिए विशेष सहयोगी दस्ते के 850 पद स्वीकृत

# पचमढ़ी अभयारण्य की सीमा से बाहर होगी नजूल की 395.931 हेक्टेयर जमीन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में पचमढ़ी नगर की नजूल भूमि को अभयारण्य की सीमा से पृथक किए जाने का निर्णय लिया गया। पचमढ़ी नगर में नजूल क्षेत्र की 395.931 हेक्टेयर भूमि साडा के प्रशासनिक नियंत्रण में है। कैबिनेट की बैठक में इसे पचमढ़ी अभयारण्य की सीमा से बाहर करने का निर्णय लिया गया है। इसके पूर्व 22 दिसंबर 2017 की अधिसूचना द्वारा पचमढ़ी अभयारण्य की ▶▶ शेष पेज 6 पर

### *पैरा-ओलम्पिक पदक विजेता खिलाड़ियों को मिलेगी 50 लाख की अतिरिक्त राशि, कुल 1 करोड़ मिलेंगे*



### एक करोड़ हो जाएगी सम्मान की राशि

राज्य मंत्रिमंडल द्वारा पैरा-ओलम्पिक में पदक विजेता खिलाड़ियों को 50-50 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि दिए जाने का अनुमोदन दिया गया। मुख्यमंत्री की घोषणा के क्रियान्वयन के लिए पैरा-ओलम्पिक-2024 में कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों को 50 लाख रुपए की अतिरिक्त ▶▶ शेष पेज 6 पर

### बैठक में ये निर्णय भी लिए गए

- पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए 'राज्य केंद्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल' का गठन करने के निर्णय को स्वीकृति दी गई। इस सेल को पेंशन प्रकरणों के निराकरण से संबंधित समस्त प्रक्रिया के लिए अधिकृत किया जाएगा। इसके द्वारा पदों का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। इससे राज्य सरकार पर व्यय भार 5 करोड़ रुपए होगा।
- बैठक में नव गठित जिले मऊगंज, मैहर एवं पांढुर्णा में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अंतर्गत जिला आपूर्ति अधिकारी कार्यालय और निवाड़ी, मऊगंज, मैहर एवं पांढुर्णा में नाप-तौल कार्यालय स्थापित करने और नवीन पदों की स्वीकृति दी गई।

## मुरैना में लव जिहाद का मामला

# कोचिंग संचालक ने लड़कियों से अश्लील हरकत की, आपत्तिजनक वीडियो भी बनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना

राजधानी के बाद मुरैना में भी लव जिहाद का मामला सामने आया है। यहां असलम खान पिछले ढाई साल से कंप्यूटर कोचिंग चला रहा था। यहीं पर वो लड़कियों के वीडियो बनाता था। शहर के जीवाजीगंज इलाके में 'अभी इंसानियत' नाम से कोचिंग सेंटर चलाने वाले असलम खान को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि खुद को 'अभी' बताकर छात्राओं को बहला-फुसलाता था और कोचिंग सेंटर में लगे हिडन कैमरे से उनकी ▶▶ शेष पेज 6 पर



### उज्जैन में लव जिहाद गैंग: रेप कर बनाते थे वीडियो, गुस्साए लोगों ने फूंका घर

**उज्जैन।** महाकाल नगरी उज्जैन के बिछड़ोद में लव जिहाद गिरोह का खुलासा हुआ है। इस गिरोह में समुदाय विशेष के दर्जन भर लोग शामिल हैं। हालांकि हिन्दू संगठनों के सहयोग से पुलिस ने इनमें से 7 आरोपियों को अरेस्ट कर लिया है। इनमें से एक आरोपी फरमान के मोबाइल फोन से ढेर सारे अश्लील वीडियो और कॉल ▶▶ शेष पेज 6 पर



# GALGOTIAS UNIVERSITY STUDENTS OUTPERFORM GLOBALLY

**10 students won Apple's WWDC 25 Swift Student Challenge on a Worldwide Platform**



Abu Shahma Ansari | Aditya Rai | Arnav Chauhan | Avineet Singh Juneja | Harshit Gupta | Kavyansh Pratap Singh | Mayank Verma | Praveen Shrivastav | Raj Pratap Singh | Nalinish Ranjan

## AMONGST THE WORLDS BEST

## TOP RANKED IN QS ASIA & THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025

**G-SCALE**
**GALGOTIAS STUDENT CENTERED ACTIVE LEARNING ECOSYSTEM**
• Critical Thinking • Collaboration • Engagement • Experiential Learning

IN CONSULTANCY COLLABORATION WITH
InsPIRE at NANYANG TECHNOLOGICAL UNIVERSITY SINGAPORE

### AN HONOUR BEYOND WORDS. A LEGACY BEYOND BOUNDARIES.

We will continue to carry forward the vision of our Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi Ji of making India a Vishvaguru & Viksit Bharat and the dream of our Dynamic Leader, Hon'ble Chief Minister of UP, Shri Yogi Aditya Nath Ji of making the State of Uttar Pradesh a truly Global Knowledge Superpower.



Her Excellency Smt. Anandiben Patel, Hon'ble Governor Of Uttar Pradesh felicitating Dr Dhruv Galgotia, CEO, Galgotias University for the University's exceptional performance in the QS Asia-World University Rankings 2025.

## ALWAYS LEADING BY EXAMPLE

Transforming Galgotias University as one of the leading **"Industry Integrated Learning Campuses"** in India; supported by multiple centers of excellence including

wipro | SAMSUNG | LG | Infosys | hp | Tech Mahindra | intel | ITMI | T-Series




**iOS Development Centre** Powered by Apple and Infosys

### The Edge That Sets Us Apart

Amongst **#98** in India (Management Category) | **#50** in India (Pharmacy Category)

By NIRF Ranking 2024 — nirf NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK — शिक्षा मंत्रालय Ministry of Education Government of India

**TOP 3** in India for filing MAXIMUM PATENTS

NAAC A+ Accreditation in First Cycle | Ranked Platinum+ Band: Institution of Prominence OBE Rankings 2024 | NBA National Board of Accreditation ACCREDITED Tier 1 for Computer Science Engineering, Mechanical Engineering, Electronics, & Communications Engineering, B.Pharm and MBA | School of Business AACSB Business Education Alliance Member

**5th Ranked** Amongst the Top Private Universities by Times B School Survey 2025

### Apply Today for Career Focussed 2025-26 UG/PG/DIPLOMA/Ph.D. Programmes

Engineering | Computer Applications | Biosciences & Technology | Clinical Healthcare | Forensic Science | Design | Education | Nursing | Liberal Education
Media and Communications Studies | Law | Agriculture | Basic Sciences | Finance & Commerce | Pharmacy | Allied & Health Sciences | Business | Aviation
Logistics & Supply Chain Management | Hospitality & Tourism | Polytechnic | Vocational Education




Launched India's 1st and Finest
**AI led Active Learning Campus**
@ Galgotias University

GALGOTIAS UNIVERSITY

GALGOTIAS INCUBATION CENTRE
FOR RESEARCH INNOVATION STARTUP AND ENTREPRENEURS
Government of UP Recognized Incubator

- Launchpad for 100+ Promising Startups
- Several of our Startups are already generating revenue in crores of rupees.
- Over 30 Industry Partnerships & 80+ Mentors empowering startups with invaluable resources and expertise

For the complete list of programmes offered and to apply online visit
www.galgotiasuniversity.edu.in
9810162221 / 9582847072
9717300418 / 0120-4370000

#GetYourSelfPlaced

## अभाविप ने 'सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल' में सहभागिता करने के लिए युवाओं-विद्यार्थियों को किया आह्वान


संवेदनशील क्षेत्रों में शुमार शहर का रानी कमलापति स्टेशन। यहां हमेशा हजारों यात्री जमा रहते हैं।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने 7 मई को देशभर में आयोजित की जा रही 'सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल' में युवाओं-विद्यार्थियों से बढ़-चढ़कर सहभागिता करने का आह्वान किया है। इस अभ्यास में एयर रेड वॉर्निंग सायरन का परीक्षण, क्रैश ब्लैकआउट अभ्यास, नागरिकों की सुरक्षित निकासी का पूर्वाभ्यास, और विद्यार्थियों व आम नागरिकों को आपात स्थिति में सुरक्षा के उपाय सिखाने का प्रशिक्षण सम्मिलित है। साथ ही रेडार स्टेशन, पावर प्लांट्स जैसी महत्त्वपूर्ण संस्थाओं को छिपाने हेतु रणनीतिक कैमोफ्लाज तकनीकों का अभ्यास भी किया जाएगा।

### राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल एक जरूरी कदमः शालिनी

अभाविप देशभर के विद्यार्थियों, युवाओं और शैक्षणिक संस्थानों से आह्वान करती है कि वे'मॉक ड्रिल' में पसक्रियता से भाग लें, प्रशिक्षण को गंभीरता से लें, और एक सजग, अनुशासित एवं सुरक्षित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री कु. शालिनी वर्मा ने बताया कि मॉक ड्रिल राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक जरूरी कदम है,मॉक ड्रिल युद्ध की सजगता और तैयारी का प्रतीक है। ब्लैकआउट और सायरन बजने की मॉक ड्रिल बेहद महत्वपूर्ण पहल है। मेरी अपील है कि घबराएं नहीं, सावधान रहें,शासन प्रशासन का सहयोग करें।

### सुरक्षा एवं सजगता का संदेश



विभिन्न विभागों के सहयोग से मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है। इस ड्रिल के माध्यम से सुरक्षा और सजगता का संदेश दिया जा रहा है। आम लोगों से अपील है इसे सामान्य रूप में लें, किसी भी प्रकार से कोई घबराने की जरूरत नहीं है। मॉक ड्रिल को लेकर पुलिस के स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**हरिनारायण चारी मिश्रा**,
पुलिस कमिश्नर, भोपाल नगरीय पुलिस

# हवाई हमला हुआ तो दो मिनट तक ऊंची नीची आवाज में तेजी से बजेगा सायरन

## शाम 7.40 से 7.42 बजे तक होगा शहर में ब्लैक आउट, लोगों से की अभ्यास में सहयोग की अपील

### प्रदेश के भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर और कटनी में होगी मॉक ड्रिल

इस समय पूरे देश में पाकिस्तान के साथ युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं। इसी श्रृंखला में मप्र के प्रदेश के ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, जबलपुर और कटनी में मॉक ड्रिल कराए जाने के आदेश जारी किए गए है, जो बुधवार शाम 7.40 से 7.42 के बीच ब्लैकआउट कर की जाएगी। वहीं इस मॉक ड्रिल से लोगों को बताया जाएगा कि युद्ध की स्थिति में वे क्या करें और क्या नहीं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान से युद्ध के हालात को देखते हुए प्रदेश के ग्वालियर, भोपाल, इन्दौर, जबलपुर और कटनी में हवाई हमले को लेकर एक साथ मॉक ड्रिल रखी गई है। यह मॉकड्रिल शाम 4 बजे से रात आठ बजे तक की जाएगी। जिसमें हवाई हमले के पहले सायरन बजाया जाएगा, जिसमें अगर सायरन ऊंची-नीची आवाज में बजता है, तो आम लोगों के लिए यह हवाई हमले का संकेत होगा। इसके साथ एक सीधी आवाज में बजने वाले सायरन का मतलब होगा कि अब खतरा नहीं है। यह सायरन राजधानी के प्रत्येक इलाके के थाने से बजाया जाएगा। इसके साथ रात के समय हवाई हमला होने पर ब्लैक आउट किया जाएगा, जिसके तहत पूरी बिजली को बंद किया जाएगा।

बुधवार को इसके लिए भोपाल में शाम 7.40 से 7.42 बजे तक का समय तय किया गया है। बुधवार को रखी गई मॉकड्रिल के माध्यम से आम लोगों को बताया जाएगा कि किस तरह से हवाई हमला होने पर खुद को और अपने लोगों का बचाव करना है। इसके साथ काल्पनिक रूप से किसी बिल्डिंग पर हुए हवाई हमले के बाद वहां रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर लोगों को इलाज मुहैया कराने का अभ्यास भी किया जाएगा। इसके साथ ब्लैकऑउट का अभ्यास भी किया जाएगा। प्रदेश में इसके लिए बुधवार शाम 7.40 बजे का समय तय किया गया है। अस्थायी अस्पताल बनाने और खतरे वाले स्थान से लोगों को सुरक्षित जगह पर भेजने का अभ्यास भी किया जाएगा।

सभी थानों से शाम 4 से 8 बजे तक बजेगा सायरन

काल्पनिक हवाई हमला होने पर हर शहर में होगा ब्लैकआउट

किसी बिल्डिंग पर हवाई हमले के बाद किया जाएगा रेस्क्यू



संवेदनशील क्षेत्रों में शुमार शहर का जेपी अस्पताल। यहां हर वक्त भीड़ बनी रहती है।

### ब्लैक आउट के लिए भी बजेगा सायरन

मॉकड्रिल को लेकर बुधवार शाम 7.40 बजे सायरन बजाया जाएगा। जिसके बाद आम लोगों को रात के समय में लाइटें बंद कर पर्दों को ढांक देना है। जिससे मौका आने पर किसी तरह की दिक्कत न हो। अफसरों ने आम लोगों से सहयोग करने की अपील भी की है।

### हवाई हमले में लाइटें भी करें बंद

ब्लैक आउट को लेकर आम लोगों से कहा गया है कि वह घर, दफ्तर, के पर्दों और लाइट को बंद करें। खतरा टलने का सायरन बजे पर लाइट जला लें। कहीं भी एक जगह पर भीड़ न बढ़ाएं, अफवाह न फैलाएं।

### केंद्रीय कंट्रोल रूम से मिलेंगे मैसेज

*इस मॉकड्रिल के लिए केंद्रीय कंट्रोल रूम से हवाई हमले के मैसेज मिलेंगे, जिसे जिले के कंट्रोल रूम से अमल में लाया जाएगा। अफसरों ने आम लोगों से अपील की है कि वह इस मॉकड्रिल से घबराएं नहीं।*

# कॉलेज छात्राओं के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपियों को कोर्ट ने भेजा जेल

## लव जिहाद के आरोपी फरहान, साहिल, अली और नबील से पुलिस कर चुकी पूछताछ

### आरोपियों को वकीलों के आक्रोश से बचाने पुलिस ने सुबह11:15 बजे किया पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल






हिन्दू छात्राओं को डरा-धमकाकर उनके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपियों फरहान खान, साहिल खान, अली खान एवं नबील को न्यायालय ने गांधी नगर जेल भेज दिया है।

आरोपियों का पुलिस रिमांड समाप्त होने पर थाना अशोका गार्डन ने मंगलवार को प्रातः11:15 बजे आरोपियों को कड़ी सुरक्षा के बीच न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आरती आर्य के न्यायालय में पेश किया था। थाना अशोका गार्डन ने आरोपियों से पूछताछ पूरी होने का हवाला देते हुए उन्हें गांधी नगर जेल भेजे जाने की प्रार्थना की थी। पुलिस ने आरोपियों को 28 अप्रैल को शाम 4 बजे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आरती आर्य के न्यायालय में भगवा गमछे में पेश किया था। आरोपियों को भगवा गमछे में चेहरा छिपाकर पेश किए जाने पर आक्रोशित वकीलों ने पुलिसकर्मियों की सुरक्षा के बावजूद बेल्ट और गमले से मारपीट की थी। शाम 4 बजे से रात 8:30 बजे तक साढ़े आठ घंटे तक भोपाल जिला न्यायालय परिसर में वकीलों ने हंगामा किया था। पुलिस को वकीलों के हंगामा करने की खबर मिलने पर कई थानों और पुलिस लाइन से पुलिसकर्मियों को भोपाल जिला न्यायालय परिसर में तैनात किया गया था।

### लगातार दुष्कर्म से एक छात्रा हो गई थी गर्भवती, बाद में कराया गर्भपात

*इस मामले में अभी जहांगीराबाद पुलिस ने एक आरोपी को पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है। उधर, आरोपियों ने एक और सनसनीखेज खुलासा किया था कि लगातार दुष्कर्म से एक छात्रा को गर्भ ठहर गया था, जिसका बाद में एक निजी अस्पताल के चिकित्सक की मदद से गर्भपात कराया गया था। महिला आयोग ने इस पर भी नाराजगी जताई है कि उस चिकित्सक के खिलाफ पुलिस ने कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। इधर, इसी मामले की जांच के लिए आई राष्ट्रीय महिला आयोग की तीन सदस्यीय टीम सोमवार को टीआईटी कालेज पहुंची थी, लेकिन कॉलेज प्रबंधन के रवैया को लेकर टीम नाराजगी जताई। इस दौरान पुलिस की जांच में भी गई तरह की खामियां मिलने पर महिला आयोग की टीम अंसतुष्ट दिखी।*

# गायूस किचन में गंदगी मिलने पर फूड लाइसेंस सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के होटल-रेस्टोरेंट में कैसी परिस्थितियों में खाद्य पदार्थ बनाए जा रहे हैं। यह पता लगाने खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने मंगलवार को बाग मुगलिया में गायूस किचिन का निरीक्षण किया तो वहां गंदगी में खाना बनाया जा रहा था। इससे रेस्टोरेंट का खाद्य पंजीयन निलंबित कर दिया गया है।



जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि टीम ने श्रीरामेश्वर कालोनी बागमुगालिया स्थित गायूस किचिन का निरीक्षण किया। इस दौरान यहां गंदगी के बीच भोजन बनाया जा रहा था। जांच के बाद यह निष्कर्ष निकला कि रेस्टोरेंट संचालक द्वारा खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था, जिसको देखते हुए उसका खाद्य पंजीयन निलंबित किया गया है। इस दौरान रेस्टोरेंट का संचालन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। यदि संचालन किया गया तो कार्रवाई की जाएगी।

## नहीं थम रहा डॉक्टरों का आक्रोश

# डीएमई डॉ. अरुणा को हटाने डॉक्टरों ने काली पट्टी बांधकर ओपीडी में देखे मरीज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के गांधी मेडिकल कॉलेज समेत प्रदेश भर के मेडिकल कॉलेजों में डॉ. अरुणा कुमार को डायरेक्टर मेडिकल एजुकेशन (डीएमई) के पद से हटाने की मांग को लेकर डॉक्टरों को विरोध थम नहीं रहा है। मंगलवार को हमीदिया अस्पताल में डॉक्टरों ने काली पट्टी बांधकर मरीजों का इलाज कर डॉ. अरुणा को हटाने की मांग की। ओपीडी में सुबह सभी डॉक्टरों ने काली पट्टी पहनकर मरीजों को देखा। ऑपरेशन थिएटर, फॉरेंसिक डिपार्टमेंट हो या फिर पोस्टमार्टम में भी डॉक्टरों ने काली पट्टी बांधकर डॉ. कुमार की नियुक्ति पर विरोध जताते हुए तत्काल उनकी निरस्त करने की मांग की। वहीं एनेस्थीसिया विभाग, स्त्री रोग विभाग एवं मेडिसिन समेत सभी क्लीनिकल नॉन, क्लीनिकल विभागों के लगभग 300 चिकित्सकों ने दोपहर एक बजे धूप में एक घंटे खड़े होकर डॉ. अरुणा कुमार के खिलाफ नारेबाजी की।

- 300 डॉक्टर्स ने एक घंटे की नारेबाजी

### आज राज्यपाल से मिलेंगे डॉक्टर

*डॉ. अरूणा कुमार की नियुक्ति निरस्त करने की मांग को लेकर अब मेडिकल टीचर एसोसिएशन बुधवार को राज्यपाल से मिलेंगे। डॉक्टरों के धरना, प्रदर्शन करने के साथ उपमुख्यमंत्री से गुहार लगाने के बाद भी डॉ. अरूणा कुमार की नियुक्ति निरस्त नहीं हुई। इसलिए मंगलवार रात प्रोग्रेसिव मेडिकल टीचर एसोसिएशन की बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि बुधवार को राज्यपाल से मिलकर डॉ. अरूणा की विवादित छवि से अवगत कराएंगे।*

# आरपीएफ ने दबोचे दो दलाल, 700 रु. तक कमीशन लेकर बेच रहे थे तत्काल का टिकट

### टिकटों की कालाबाजारी को लेकर रेलवे का विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

समर सीजन के साथ ही एक तरफ जहां ट्रेनों में भीड़ व टिकट को लेकर मारामारी देखने को मिल रही है वहीं टिकटों की कालाबाजारी करने वाली एजेंट व दलाल सक्रिय हो गए हैं। भोपाल रेल मंडल के सीनियर कमांडेट प्रशांत यादव के निर्देश पर आरपीएफ थाना प्रभारी व स्टाफ तत्काल के समय टिकट बुकिंग काउंटर पर सर्चिंग की कर रही है।



इसी के तहत 3 मई को आरपीएफ एएसआई राघवेन्द्र सिंह व आरक्षकों की टीम ने स्टेशन परिसर में गश्त और निगरानी के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को तत्काल टिकट बुक कराते हुए पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम अयान खान बताया और स्वीकार किया कि वह समीर नामक व्यक्ति के कहने पर यह टिकट बनवा रहा था। मौके पर जांच के दौरान टीम ने उसके पास से तत्काल आरक्षित टिकट (गाड़ी संख्या 12137, सीएसएमटी से भोपाल) साढ़े चार हजार रुपए और एक खाली आरक्षण फॉर्म बरामद किया। समीर को स्टेशन परिसर आरपीएफ पोस्ट बुलाकर पूछताछ की गई।

समीर ने स्वीकार किया कि वह यात्रियों, परिचितों एवं हज यात्रियों के कहने पर अपने संबंधों का लाभ उठाकर अयान के माध्यम से तत्काल टिकट बनवाता था और प्रत्येक टिकट पर 500 से 700 तक का कमीशन वसूलता था। रेलवे अधिनियम की धारा 143 के अंतर्गत अयान खान पर उपधारा 143(1) तथा समीर खान पर उपधारा 143(2) के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की गई।

# भोपाल, उज्जैन में होती रही बूंदाबांदी, इंदौर में गिरा पानी

## प्रदेश में अगले 4 दिन ऐसा ही रहेगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में तेज आंधी, बारिश और गरज-चमक का दौर जारी है। मंगलवार को इंदौर में करीब 25 मिमी बारिश हो गई। इधर, भोपाल और उज्जैन में भी हल्की बूंदाबांदी हुई। बदले मौसम की वजह दिन के तापमान में खासी गिरावट आई है। मंगलवार को एक भी शहर ऐसा नहीं रहा, जब दिन का तापमान 40 डिग्री या इसके पार पहुंचा हो। सबसे गर्म नरसिंहपुर और खजुराहो रहे। यहां तापमान 39.4 डिग्री रहा। मंडला में 39 डिग्री दर्ज किया गया।

उज्जैन में 32.5 डिग्री, भोपाल में 34.6 डिग्री, इंदौर में 32.4 डिग्री, ग्वालियर में 35.4 डिग्री और जबलपुर में 37.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सबसे ठंडा पचमढ़ी रहा। यहां 32 डिग्री दर्ज किया गया। बुधवार को इंदौर, भोपाल, उज्जैन, जबलपुर, नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगर-मालवा, शाजापुर, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, देवास, गुना, अशोकनगर, राजगढ़, विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, कटनी, सतना, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर में गरज-चमक, बारिश और आंधी चल सकती है।


छोला दशहरा मैदान पर भरा बारिश का पानी और ऊपर मंडराते काले बादल।

## मौसम के मिजाज ने खोली मेंटेनेंस की पोलः हवा और हल्की बारिश के बाद घंटों के लिए गुल हो जाती है बिजली

# यह हाल हैं राजधानी के...48 घंटे लगे मेंटेनेंस में, 1912 पर 22 हजार शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में बदले मौसम के मिजाज ने बिजली मेंटेनेंस की पोल खोल दी है। हल्की बारिश और हवा चलते ही शहर की कई कॉलोनियों में बिजली गुल हो जाती है। ऐसा हम नहीं कह रहे हैं। सोमवार-मंगलवार को बारिश और हवा चलने से शहर की 250 कॉलोनी में बिजली गुल हो गई।

हैरानी की बात तो यह है कि बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने में 48 घंटे लग गए। वहीं, बिजली कंपनी ने कॉल सेंटर के नंबर 1912 का प्रचार-प्रसार तो खूब किया, लेकिन शिकायतों को अटेंड करने के लिए इसकी क्षमता नहीं बढ़ाई। कॉल सेंटर पर 48 घंटे में करीब 22 हजार शिकायतें आ चुकी हैं। हरिभूमि टीम ने बिजली कंपनी के 1912 कॉल सेंटर पर पड़ताल की तो खुलासा हुआ कि यहां 60 कम्प्यूटर सिस्टम लगे हैं।

सुबह से रात तक दो शिफ्ट में यहां ऑपरेटर्स रहते हैं, लेकिन रात के कॉल अटेंड करने के लिए सिर्फ 12 ऑपरेटर हैं। शहर के लगभग सवा 6 लाख बिजली उपभोक्ताओं के लिए उस दिन परेशानी बढ़ जाती है, जिस दिन आंधी या तेज बारिश की स्थिति बनती है। ऐसे में रात में बिजली गुल हो जाए तो कॉल सेंटर कनेक्ट ही नहीं होता।

### खास बातें

- बीती रात 250 कॉलोनियों की बिजली हो गई थी गुल
- इन कॉलोनियों की बिजली बहाली में लग गए 48 घंटे
- रात के वक्त नहीं होते उपभोक्ताओं के कॉल कनेक्ट

### कॉल सेंटर में 60 ऑपरेटर में से ऑनलाइन रहते हैं सिर्फ 40



*ऑपरेटर्स से बात करने पर खुलासा हुआ कि 60 में से 15 ऑपरेटर आउटगोइंग कॉल के लिए हैं। वे लाइनमैन या अन्य अधिकारियों को कॉल कर शिकायत के संबंध में जानकारी देते हैं। बचे 45 में से 5-7 ऑपरेटर खाने-पीने के ब्रेक या अन्य किसी काम से ऑफलाइन रहते हैं। ऐसे में कुल मिलाकर 35-40 लाइन ही सक्रिय रहती हैं।*

#### मैसेज मिला यह नंबर मौजूद नहीं

करोंद निवासी राजेश मालवीय ने बताया उन्होंने रात 12.30 बजे लाइट जाने पर 1912 पर कॉल किए, लेकिन कॉल कनेक्ट ही नहीं हुआ। करीब 15 मिनट तक बार-बार यही मैसेज मिला कि यह नंबर मौजूद नहीं है।

#### 15 मिनट की वेटिंग के बाद कनेक्ट हुआ फोन

शाहपुरा में रहने वाले गोपाल ने बताया उन्होंने मंगलवार की रात बिजली गुल होने पर 1912 पर कॉल लगाया। करीब 15 मिनट की वेटिंग के बाद कॉल कनेक्ट हुआ। रात भर बिजली गुल नहीं आई। सुबह 10 बजे बिजली व्यवस्था दुरूस्त हो सकी।

#### चेक कराते हैं...

1912 को बिजली कंपनी के कॉल सेंटर नंबर के रूप में फिक्स करवाने के लिए हमने सभी मोबाइल ऑपरेटर्स को बता रखा है। अगर कहीं समस्या आ रही है, तो हम चेक करवाते हैं। रात को शिकायतों का फ्लो बहुत कम होता है, इसलिए ऑपरेटर कम रहते हैं। हम फिर इसकी समीक्षा करेंगे। जरूरत लगी तो बदलाव कर देंगे।

**समीर शर्मा**, डीजीएम,
मध्य क्षेत्र विद्युत
वितरण कंपनी

#### रोजाना 12 हजार कॉल कैसे अटेंड करें

ऑपरेटर्स ने बताया अमूमन सेंटर पर 3000 शिकायतें हर दिन आती थीं, जो पिछले कुछ समय से 12 हजार प्रतिदिन को क्रॉस कर चुकी हैं। कई बार एक ही घंटे में ही 500 से 600 कॉल आ जाते हैं। ऐसे में ऑपरेटर को थोड़ी भी राहत नहीं मिलती।

## दसवीं में 212 और बारहवीं के विभिन्न विषयों में 159 विद्यार्थियों को मिला मेरिट लिस्ट में स्थान

# मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल: दसवीं-बारहवीं के परीक्षा परिणामों में इस साल निजी स्कूलों से आगे रहे शासकीय स्कूल, 77.59% रहा रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माध्यमिक शिक्षा मंडल के हाई स्कूल और हायर सेकंडरी के परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिए गए। पिछले साल की तुलना में इस वर्ष का रिजल्ट बहुत अच्छा रहा, कुल 76.22 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। वहीं निजी विद्यालयों की तुलना में शासकीय विद्यालयों के परिणाम बेहतर रहे, शासकीय विद्यालयों का 77.59 प्रतिशत और अशासकीय विद्यालयों का परिणाम 74.20 प्रतिशत रहा। हाई स्कूल की प्रावीण्य सूची में प्रथम आई सिंगरौली की कुमारी प्रज्ञा जायसवाल ने 500 में से 500 अर्थात शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं, राजधानी के विद्यार्थियों ने भी इन परिक्षाओं में सर्वाधिक अंक लाकर सबको चौंका दिया। हालांकि प्रावीण्य सूची में भोपाल से कोई भी विद्यार्थी नहीं है।

दसवीं-बारहवीं कक्षाओं के नियमित विद्यार्थियों के उत्तीर्ण प्रतिशत इस साल बड़ा इजाफा हुआ है। माशिमं द्वारा जारी परिणामों के अनुसार, दसवीं कक्षा में जहां 2024 में 58.10 प्रतिशत परिणाम था, वहीं 2025 में 18.12 की बढ़त के साथ यह परिणाम 76.22 रहा है। कक्षा बारहवीं में 2024 में 64.49 प्रतिशत परिणाम था, जिसमें 9.99 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2025 में यह 74.48 रहा है। दसवीं में 212 और बारहवीं के विभिन्न विषयों में 159 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान बनाया है। इस वर्ष दोनों कक्षाओं में किसी भी छात्र का परीक्षा फल पूरक घोषित नहीं किया गया है। दसवीं में 1 लाख 91 हजार 354 और 93 हजार 511 प्राइवेट विद्यार्थी फेल हुए हैं। वहीं कक्षा बारहवीं में 1 लाख 53 हजार 144 नियमित एवं 68 हजार 695 प्राइवेट विद्यार्थी फेल हुए हैं।



परिक्षा परिणाम आने के बाद खुशियां मनाते सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय के बच्चे।

**परीक्षा में एक भी एफआईआर नहीं, न पेपर लीक की घटना**

माध्यमिक शिक्षा मंण्डल की अध्यक्ष स्मिता भारद्वाज ने बताया कि परीक्षा पद्धति में सुधार और तकनीकी नवाचार के परिणाम स्वरूप इस वर्ष मण्डल द्वारा संचालित परीक्षा में एक भी एफआईआर दर्ज नहीं हुई और न ही किसी स्थान पर पेपर लीक होने जैसी घटना घटी। नकल के प्रकरण भी न्यूनतम रहे। मण्डल द्वारा विकसित परीक्षा संचालन मानक प्रक्रिया को निरंतर अद्यतन करते हुए क्रियान्वित किया जाता रहेगा।

## भोपाल 12वीं में पिछड़ा, 10वीं में 3 नंबर की बढ़त

परीक्षा परिणाम में जिलों के मुकाबले इस बार भोपाल जिले की स्थिति ठीक नहीं रही है। जहां बीते साल भोपाल दसवीं में 39वें और 12वीं में 22वें स्थान पर था, वहीं इस बार 10वीं में 3 नंबर की बढ़त के साथ 12वीं में 11 नंबर से पिछड़ गया है। इस साल 10वीं में भोपाल जिले का 36वां और 12वीं में 33वां स्थान रहा है। दसवीं में इस बार भोपाल के नियमित विद्यार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 73.28 और बारहवीं में 73.87 प्रतिशत रहा है।

### सरकारी स्कूलों का प्रदर्शन बेहतर

निजी और सरकारी संस्थानों के मुकाबले इस बार सरकारी स्कूलों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। बीते साल जहां निजी स्कूल आगे थे, तो वहीं इस बार सरकारी स्कूलों ने बढ़त बनाई है। दसवीं में जहां बीते साल सरकारी स्कूलों का उत्तीर्ण प्रतिशत 56.32 और निजी स्कूलों का उत्तीर्ण प्रतिशत 60.95 था, वहीं इस बार सरकारी स्कूलों का 77.59 प्रतिशत और निजी स्कूलों का परिणाम 74.2 प्रतिशत रहा है। कक्षा 12वीं में पिछले साल जहां सरकारी स्कूल का प्रतिशत 63.27 और निजी का 66.27 था, वहीं इस बार सरकारी स्कूल का प्रतिशत 72.47 और निजी का 74.48 फीसदी रहा है।

**द्वितीय अवसर के लिए 7 मई से होंगे आवेदन**

द्वितीय अवसर की परीक्षा में शामिल होने के लिए दोनों कक्षाओं के विद्यार्थी 7 मई से आवेदन कर सकेंगे। यह आवेदन 21 मई तक ऑनलाइन भरे जाएंगे। विद्यार्थी एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अंतिम तिथि रात 12 बजे तक आवेदन कर सकेंगे। जून-जुलाई में परीक्षा का आयोजन होगा।

### 10वीं में कुल 24 नकल प्रकरण बने 4,29,042 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में

दसवीं की परीक्षा 27 फरवरी से 21 मार्च 2025 के बीच हुई थी। 76.22 प्रतिशत नियमित परीक्षार्थी तथा 28.70 प्रतिशत स्वाध्यायी परीक्षार्थी उत्तीर्ण रहे हैं। 73.21 प्रतिशत नियमित छात्र एवं 79.2 प्रतिशत नियमित छात्राए परीक्षा में सफल हुई हैं। कुल 3887 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षाएं आयोजित की गई थी। नियमित परीक्षार्थियों के रूप में 804932 परीक्षार्थी तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के रूप में 131293 परीक्षार्थी शामिल हुये। परीक्षा में 24 नकल प्रकरण बने है। आज 804768 नियमित परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए। इनमें 429042 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में, 182172 परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी में एवं 2200 परीक्षार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार कुल 613414 परीक्षार्थी परीक्षा में सफल हुये हैं, जिनका परीक्षाफल 76.22 प्रतिशत रहा है।

**12वीं में 43 नकल प्रकरण बने, 318743 परीक्षार्थियों ने प्रथम स्थान पाया**

बारहवीं की परीक्षा 25 फरवरी से 25 मार्च 2025 के बीच हुई थी। इस वर्ष 74.48 प्रतिशत नियमित परीक्षार्थी तथा 26.48 प्रतिशत स्वाध्यायी परीक्षार्थी उत्तीर्ण रहे हैं। प्रावीण्य सूची में कला (मानविकी संकाय) 26 परीक्षार्थी, विज्ञान (गणित) संकाय 35 परीक्षार्थी, विज्ञान (जीवविज्ञान) संकाय 53 परीक्षार्थी, वाणिज्य संकाय 34 परीक्षार्थी, कृषि संकाय 8 परीक्षार्थी, ललितकला गृहविज्ञान 3 परीक्षार्थी द्वारा प्रदेश स्तर की अस्थाई प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश के कुल 3636 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित परीक्षा में नियमित 6,02574 परीक्षार्थी तथा स्वाध्यायी 94,465 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा में 43 नकल प्रकरण बने है। 3,18,743 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में, 1,29,472 परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी में, 592 परीक्षार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

**कलेक्टर कौशलेंद्र सिंह ने दी विद्यार्थियों को बधाई**

*कलेक्टर कौशलेंद्र सिंह ने कहा, जिन विद्यार्थियों ने कक्षा 10वीं और 12वीं में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है, उन्हें हमारी ओर से ढेरों शुभकामनाएं। वह अपने जीवन में आगे बढ़े और अगर कोई आशा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाया है, तो निराश होने की जरूरत नहीं है। जीवन कहीं से खत्म नहीं होता है। आप सभी बच्चे और मेहनत करें और अगले साल श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त करें।*

# राजधानी के विद्यार्थियों ने टॉप लिस्ट में अंकित किया नाम

### क्लैट का एग्जाम देकर पूरा फोकस 12वीं टॉप करने पर था



नाम-निखिल कुमार
क्लास -12वीं
परसेंट- 97%
रैंक- स्टेट मेरिट 5वां
विषय- ह्यूमैनिटीज

ह्यूमैनिटीज में 97% लाने वाले सुभाष स्कूल के स्टूडेंट निखिल कुमार ने कहा कि मेरा रोजाना का रुटीन था कि 8 से 10 घंटे पढ़ाई करनी है और उसके साथ-साथ में क्लैट की भी प्रिपरेशन कर रहा था, जिसका एग्जाम दिसंबर में हुआ था। उन्होंने कहा कि मेरा पूरा फोकस अपने पढ़ाई पर ही रहता था। मेरे पिता किसान और मां हाउसवाइफ हैं और उन दोनों का ही मेरी इस सफलता में बहुत योगदान है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई करते समय बार-बार रिवीजन करने से आप बोर हो जाते हो और तनाव में आ जाते हो, ऐसे में अपने खुद को मोटिवेटेड रखना जरूरी है, जिसमें मेरे पैरेंट्स का भी बहुत बड़ा योगदान है।

### जेईई में 99% लाया और सिर्फ एक महीना की 12वीं की पढ़ाई



नाम-अमित बघेल
क्लास- 12वीं
परसेंट -95.8%
रैंक- जिला स्तरीय दूसरी
विषय- गणित

12वीं क्लास में गणित सब्जेक्ट में सेकंड रैंक लाने वाले 95.8% लाने वाले अमित बघेल का कहना है कि मैं 12वीं की पढ़ाई के साथ-साथ आईआईटी प्रिपरेशन भी कर रहा था और जिसमें मेरा 99 परसेंटाइल आया है। उन्होंने कहा कि इसलिए 12वीं की पढ़ाई में मैंने एग्जाम के एक माह पहले ही की और मुझे उम्मीद थी कि मैं अच्छा स्कोर करूंगा, लेकिन यह नहीं पता था की मेरिट लिस्ट में ही नाम आ जाएगा। अमित के पिता पेंटर हैं और मां हाउसवाइफ है। घर में दादा-दादी बहन-भाई सभी हैं। उन्होंने कहा कि असल में परीक्षा में अच्छा स्कोर करना मेरी मंजिल थी, लेकिन इस मंजिल को तक पहुंचने में मेरे पूरे परिवार का बहुत बड़ा योगदान है।

### सोशल मीडिया पर पढ़ाई से रिलेटेड रील्स काम आते हैं



नाम-आयुषी यादव
क्लास- 12वीं
परसेंट -93.4%
रैंक- जिला में द्वितीय स्थान
विषय- ह्यूमैनिटीज

12वीं क्लास ह्यूमैनिटीज में 93.4% अंक जिला में द्वितीय स्थान लाने वाली आयुषी यादव ने कहा कि मुझे टीचर्स का गाइडेंस बहुत अच्छा मिला। साथ ही स्कूल के अलावा लाइब्रेरी में भी काफी स्टडी किया करती थी और फिर घर में जाकर रिवीजन करती और करीब 4 से 5 घंटे पढ़ाई करने का मेरा रूटीन था। उन्होंने कहा कि इसके अलावा एनसीईआरटी की किताबों के अलावा रेफरेंस बुक्स से भी मैंने पढ़ाई की है। ह्यूमैनिटीज सब्जेक्ट लेने के बारे में आयुषी रहती है, क्योंकि मुझे सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन क्रेक करना है। इसीलिए मैंने यह सब्जेक्ट लिया है। आयुषी के पिता एक बेकरी शॉप पर काम करते हैं और मां हाउसवाइफ है। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट्स को सोशल मीडिया एकदम से बंद नहीं करना चाहिए, क्योंकि इसमें पढ़ाई से रिलेटेड रील्स आपको काफी मददगार होती है।

### पढ़ाई के अलावा रोजाना एक घंटा खेलता था क्रिकेट



नाम-श्याम सिंह
क्लास-12वीं
परसेंट -95.6%
रैंक- जिला स्तरीय लेवल थर्ड रैंक
विषय- मैथ्स

डिस्ट्रिक्ट लेवल थर्ड रैंक लाने वाले मैथ्स में 95.6% लाने वाले श्याम सिंह ने कहा कि मैंने सेल्फ स्टडी की है और हॉस्टल में रहता था। अपने टीचर से गाइडेंस लेता रहता था। 8 से 10 घंटे मैं पढ़ाई करने वाले श्याम ने कहा कि मेरा पूरा फोकस सब्जेक्ट को अच्छे से समझने में लगता, इसके बाद याद करता। उन्होंने कहा कि क्योंकि मुझे खेलने का भी बहुत शौक है तो अपनी पढ़ाई के अलावा मैं रोजाना क्रिकेट खेलने जरूर जाया करता था। क्योंकि आप कई बार पढ़ते-पढ़ते इतना बोर हो जाते हैं कि आपको कुछ ना कुछ खेलना भी बहुत जरूरी है।


### सबसे बड़ा काम किसी का जीवन बचाना है, इसलिए बनूंगी डॉक्टर



नाम-महक बिथारे
क्लास-10वीं
परसेंट -98.8%
रैंक- स्टेट में सातवीं रैंक

98.8% लाने वाली स्टेट में सातवीं रैंक लाने वाली महक बिथारे का कहना है कि ज्यादातर होता है की माता-पिता बच्चों को पढ़ाने की कोशिश करते हैं, लेकिन कई बार बच्चे उस पर पूरी तरह से खरा नहीं उतर पाते, लेकिन मैंने अपने माता-पिता के सपने को पूरा करने में जान लगा दी। शायद इसलिए सफल रही और आज वह काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि मैंने कोई कोचिंग नहीं ली, रात के समय 4 से 5 घंटे पढ़ती थी। महक ने कहा कि मैं आगे चलकर बायोलॉजी लेना चाहूंगी और डॉक्टर बनना चाहूंगी, क्योंकि मुझे लगता है कि आज के समय में सबसे बड़ा काम किसी का जीवन बचाना है और यदि मैंने किसी एक का भी जीवन बचा लिया तो शायद मेरा जीवन सार्थक हो जाएगा और मां-बाप की थी शिक्षा भी बिल्कुल खरी उतरेगी। महक ने कहा कि मेरे पिता सिलाई मशीन सुधारने का काम करते हैं।

### आगे चलकर गणित विषय लूंगा आईआईटियन बनना चाहूंगा



नाम- लवकेश बरपेटे
क्लास-10वीं
परसेंट -98.44%
रैंक- स्टेट में नौवीं रैंक

वहीं 10वीं क्लास में स्टेट लेवल में नौवीं रैंक और 98.44% लाने वाले लवकेश बरपेटे का कहना है कि मैं स्कूल के अलावा 4 से 5 घंटे की पढ़ाई करता था और मेरा पूरा फोकस एनसीईआरटी की किताबों को कंप्लीट करने में उनको याद करने में लगा रहता था। इसके साथ ही स्कूल से दिया होमवर्क भी पूरा करता। सुभाष स्कूल के स्टूडेंट लवकेश ने कहा कि मेरे पिता किसान हैं और घर में मम्मी और दादी हैं और मेरी इस सफलता में मेरे परिवार का बेहद सपोर्ट है। मेरे परिवार ने हमेशा कहा कि तुम्हारा लक्ष्य पढ़ने का है तुम पढ़ते रहो हम तुम्हें पूरी तरह से मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं आगे चलकर गणित विषय लेना चाहूंगा और आईआईटियन बनना चाहूंगा।

### सौम्या 93 फीसदी अंकों के साथ 10वीं में अव्वल



मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने मंगलवार को 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट जारी कर दिया। भोपाल जिले में न्यू सेंट मैरी स्कूल की कक्षा 10वीं की छात्रा सौम्या हिवराले ने 500 में से 466 अंक प्राप्त कर अव्वल स्थान हासिल किया है। सौम्या ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

### घर जाकर 11,000 रुपए सम्मान राशि भेंट की

## चुनौतियों का सामना कर आफरीन ने पाई सफलता, 12वीं कक्षा में किया टॉप




**भोपाल।** नरेला विधानसभा क्षेत्र में रहने वाली आफरीन ने कड़ी चुनौतियों को शिकस्त देकर 12वीं कक्षा में टॉप किया है। नरेला विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने आफरीन और उसके परिजनों से मिलकर 11,000 रुपए और ट्रॉफी पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए।

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपीबीएसई) की दसवीं और बारहवीं क्लास के रिजल्ट मंगलवार को जारी हुए। इस बार 7 लाख 6 हजार छात्र - छात्राओं ने परीक्षा दी, जिसमें नरेला विधानसभा क्षेत्र से एक बच्ची मेरिट लिस्ट में आई है। आफरीन मंसूरी पिता- मो. अकरम खान हैं, स्वर पब्लिक स्कूल उ. मा. विद्यालय मुरली नगर करोंद की छात्रा है। कॉमर्स ग्रुप में यह भोपाल में दूसरे नंबर पर आई हैं, व प्रदेश में इनकी 22वीं रैंक है। पिता मो. अकरम प्राइवेट मजदूर हैं। उन्होंने मजदूरी कर के आफरीन को पढ़ाया और इस काबिल बनाया। कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने आशीर्वाद दिया।

## बेटियों ने बढ़ाया प्रदेश का मान, सम्मान और गौरव: वीडी

**भोपाल।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने मंगलवार को मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकंडरी एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा डीपीएसई मुख्य परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण हुए सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



शर्मा ने कहा कि दसवी और बारहवीं की परीक्षा में फिर से बेटियां अव्वल आई हैं। हमारी बेटियां प्रदेश का मान, सम्मान और गौरव बढ़ा रही है। उत्तीर्ण हुए सभी छात्र-छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी अपनी अपेक्षा के अनुरूप परिणाम नहीं ला पाए हैं, वे हताश न हों और पूरी लगन के साथ पुनः प्रयास करें, सफलता अवश्य मिलेगी।

## समाज के 12वीं,10वीं के उत्कृष्ट विद्यार्थियों का कायस्थम करेगा सम्मान

**भोपाल।** कायस्थम मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित 12वीं और 10 बोर्ड परीक्षा की मेरिट लिस्ट में आए कायस्थ समाज के छात्र-छात्राओं को सम्मानित करेगा। कायस्थम की सचिव डॉ. रश्मि सक्सेना ने बताया कि 12वीं एवं 10वीं की मेरिट सूची में जिन मेधावी चित्रांश छात्र-छात्राओं ने स्थान प्राप्त किया है, उन्हें आने वाले दिनों में होने वाले कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। 12वीं की मेरिट लिस्ट में गणित संकाय में शीतल श्रीवास्तव शासकीय उमावि बरोदिया कला सागर ने 500 में से 482 अंक प्राप्त कर दसवां स्थान प्राप्त किया है।

कॉमर्स विषय की सूची में आस्था श्रीवास्तव आदित्य बिड़ला उमावि नागदा, उज्जैन ने 500 में से 481 अंक प्राप्त कर दसवां स्थान प्राप्त किया है। कृषि समूह में अक्षय खरे दिव्य संस्कार शिक्षण संस्थान उमावि चतुर्वेदी कांपलेक्स निवाड़ी ने 500 में से 480 अंक प्राप्त कर चौथा स्थान और जीव विज्ञान विषय में इशिका श्रीवास्तव गार्जियन एंड गाइड पब्लिक उमावि, बैंक कॉलोनी, रघुराज नगर सतना ने 500 में से 475 अंक प्राप्त कर नौवां स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह दसवीं की बोर्ड परीक्षा में नरसिंहपुर की कुमारी वत्सला श्रीवास्तव उमावि उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर, आयुषी भटनागर शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय माधव नगर उज्जैन एवं कुमारी रोशनी खरे कन्या शासकीय उमावि बंडा, जिला सागर शामिल है।

प्रदेशभर के टॉपरों से बातचीत

# 5 से 6 घंटे की नियमित पढ़ाई सोशल मीडिया से दूरी बनाई



**रीवा** के अंकुर यादव ने 12वीं (कला संकाय) में 500 में से 489 अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। रीवा के शासकीय मार्तण्ड उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 के छात्र अंकुर यादव रीवा के चाकघाट स्थित डीह गांव के मूल निवासी हैं। वर्तमान में वे अपने माता-पिता के साथ रीवा के कोष्ठा ग्राम में रहते हैं। उनके पिता प्रमोद यादव सरकारी टीचर हैं और मां उर्मिला यादव गृहणी हैं। अंकुर बताते हैं कि वह जज बनना चाहते हैं। बेहतर परिणाम के लिए हर दिन 5-6 घंटे नियमित पढ़ाई की और सोशल मीडिया से दूरी बनाई। पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी काफी रुचि है। स्कूल की तरफ से सॉफ्टबाल में स्टेट लेवल तक खेल चुके हैं।

## ऑटो चालक पिता की बेटी ने वाणिज्य में प्रदेश में किया टॉप

**ग्वालियर** की 12वीं की छात्रा रिमझिम करोठिया ने वाणिज्य में 500 में से 491 अंक हासिल कर प्रदेश में टॉप किया है। रोजाना कारी 4 किलोमीटर साइकिल चलाकर स्कूल पहुंचने वाली रिमझिम ने इस कामयाबी के लिए अपने माता-पिता की मेहनत बताया है। रिमझिम का कहना है कि वह आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती है। रिमझिम के पिता एक ऑटो चालक हैं। रिमझिम ने बताया कि सुबह जब उसने अपना रिजल्ट देखा, तो उसे देखकर खुशी हुई, लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई गलती न हो, उसने चार-पांच बार अपना नाम और नंबर चेक किया। जब पूरा विश्वास हो गया, तो उसने अपनी मां को बताया।



### 10वीं में आयुष प्रदेश में दूसरे स्थान पर, बनना चाहते हैं डॉक्टर

**रीवा** के अमित पब्लिक हाईस्कूल, मऊगंज के छात्र आयुष द्विवेदी ने 500 में से अर्जित किए 499 अंक प्राप्त कर प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया। आयुष के पिता अरुणेंद्र कुमार द्विवेदी शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हडिया में शिक्षक के रूप में पदस्थ हैं। उनकी माताजी भी शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हसलों में शिक्षक हैं। आयुष द्विवेदी ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और स्कूल के शिक्षकों को दिया है। आयुष ने कहा उनका सपना एक अच्छा डॉक्टर बनने का है। आगे की पढ़ाई पूरी करके वह डॉक्टर बनकर लोगों का बेहतर इलाज कर के देश की सेवा करेंगे। आयुष के पिता अरुणेंद्र द्विवेदी ने बताया कि बेटे की पढ़ाई में बचपन से रुचि है। आयुष द्विवेदी पढ़ाई के साथ ही क्रिकेट खेलने में दिलचस्पी रखते है।



### जीव विज्ञान में प्रथम गार्गी बनना चाहती हैं फैशन डिजाइनर

**दमोह** के नव जागृति उमा विद्यालय की छात्रा गार्गी अग्रवाल ने जीव विज्ञान में 484 अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। गार्गी अग्रवाल ने अपनी सफलता पर बताया कि उन्होंने कभी मोबाइल का उपयोग नहीं किया है। सेल्फ स्टडी से ही यह सफलता हासिल की है। पूरा परिवार मेडिकल लाइन में है। इसलिए उन्होंने जीव विज्ञान विषय को चुना था। वह फैशन डिजाइनर बनना चाहती है। गार्गी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है।



## पिता को खेत में दिन-रात मेहनत करते देख कृषि वैज्ञानिक बनने की ठानी



**छिंदवाड़ा** जिले के अमरवाड़ा स्थित ज्ञानदीप उमा विद्यालय के छात्र हरिओम साहू ने कृषि विज्ञान समूह में 486 अंक प्राप्त कर पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। हरिओम बताते हैं कि पिताजी दिन-रात खेती में मेहनत करते थे। उन्हें देखकर मैं भी खेती के कामों में उनका हाथ बंटाता था, लेकिन इतनी कड़ी मेहनत के बाद भी खेती में पर्याप्त आमदनी नहीं होती। जो मेरे लिए भी काफी चिंता का विषय थी। ऐसे में पिता को खेती में मेहनत करते देख कृषि वैज्ञानिक बनने की ठान ली है। आधुनिक खेती करने के तरीके को अपनाने के लिए कृषि विज्ञान समूह का सहारा लिया और पढ़ाई शुरू की। आगे कृषि वैज्ञानिक बनकर ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को ज्यादा से ज्यादा आधुनिक खेती के लिए जागरूक करना चाहते हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया नीति संवाद-2025 श्रृंखला का शुभारंभ

# नई शिक्षा नीति एक दस्तावेज ही नहीं, सांस्कृतिक चेतना और स्वाभिमान को पुनः स्थापित करने का माध्यम भी है

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि औपनिवेशिक उद्देश्यों से लागू लॉर्ड मैकाले की शिक्षा नीति के दुष्प्रभावों से समाज और आगामी पीढ़ी को मुक्त कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई। यह शिक्षा नीति केवल एक दस्तावेज नहीं अपितु भारत की सांस्कृतिक चेतना और स्वाभिमान को पुनः स्थापित करने का माध्यम है। शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उसे अपने गौरव का बोध कराना भी है।

भारतीय ज्ञान परम्परा व्यक्तिगत प्रसंगों से नैतिक मूल्यों को विद्यार्थियों में विकसित करने को विशेष महत्व देती है। डॉ. यादव मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग द्वारा आयोजित नीति संवाद- 2025 श्रृंखला के अंतर्गत सशक्त भारत और समृद्ध मध्यप्रदेश के लिए मूल्य आधारित और रोजगारोन्मुखी शिक्षा विषय पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित संवाद श्रृंखला को संबोधित कर रहे थे।

### मूल्य आधारित और रोजगारोन्मुखी शिक्षा विषय पर हुई चर्चा



### संस्कार और जीवन मूल्य लाते हैं परिवर्तनः डॉ. इंद्रेश

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ शिक्षा विचारक डॉ. इंद्रेश कुमार ने कहा कि संस्कार और जीवन मूल्य ही व्यक्ति में वास्तविक परिवर्तन लाते हैं। मनुष्य को हिंसा, अशिक्षा और विकार से मुक्त कर और समाज में सद्भाव, समता और एकता का वातावरण निर्मित कर अनेक समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में उनका मंत्रिमंडल और लोक सेवक मध्यप्रदेश को आदर्श राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए प्रयासरत है। सम्पूर्ण टीम का यह प्रतिबद्ध प्रयास प्रदेश को विश्व के मस्तक पर हीरे के रूप में चमकाएगा।

### प्रदेश में शिक्षा नीति के सभी आयामों का क्रियान्वयनः देवड़ा

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के विजन की ओर अग्रसर होने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने नेतृत्व में प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सभी आयामों का क्रियान्वयन प्रभावी रूप से किया जा रहा है। उन्होंने 276 सीएम राइज स्कूलों का नाम संदीपनी विद्यालय करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार माना।

### प्रेरणादायक शिक्षाओं को वर्तमान शिक्षा प्रणाली में शामिल करना आवश्यक

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पन्ना धाय और रानी दुर्गावती जैसे ऐतिहासिक प्रसंगों का समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। ऐसी प्रेरणादायक शिक्षाओं को वर्तमान शिक्षा प्रणाली में शामिल करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नीति संवाद पुस्तिका का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल और अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला उपस्थित थे।*

---

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने किया शीला दाहिमा को सम्मानित

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नवाचार के लिए मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार 2022-23 से उप सचिव सहकारिता सुश्री शीला दाहिमा को मंत्रालय में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सुश्री दाहिमा को माध्यमिक शिक्षा मंण्डल की अतिरिक्त सचिव रहते हुए किए गए नवाचार के लिए यह सम्मान प्राप्त हुआ। मण्डल में पदस्थापना के दौरान सुश्री दाहिमा ने परीक्षा की तैयारी के लिए मोटिवेशनल वीडियो बनाकर यूट्यूब और माध्यमिक शिक्षा मंडल की वेबसाइट पर अपलोड किए, जिससे छात्रों को परीक्षा की तैयारी करने में काफी मदद मिली।

### मध्य प्रदेश को मिलेंगे 19 नए डीएसपी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश पुलिस प्रशिक्षण अकादमी भौंरी, भोपाल के परेड ग्राउंड में बुधवार सुबह 8 बजे उप पुलिस अधीक्षकों (डीएसपी) का दीक्षांत समारोह होगा। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना मुख्य अतिथि होंगे। इस बैच में 19 अधिकारी प्रशिक्षण पूर्ण कर प्रदेश में तैनात किए जाएंगे। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर डीजीपी परेड की सलामी लेंगे और निरीक्षण करेंगे।

---

### डॉ. यादव ने कानून व्यवस्था की समीक्षा कर दिए दिशा-निर्देश

# मुख्यमंत्री ने कहा, अपराधों पर नियंत्रण के लिए सख्त एक्शन लें पुलिस अधिकारी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में सामान्य अपराधों और महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों के मामलों में सख्त एक्शन लिया जाए। जो पुलिस अधिकारी प्रभावी कार्रवाई नहीं करेंगे, वे अधिकारी मैदान में नहीं दिखेंगे। डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षा केंद्रों पर विशेष सावधानी की आवश्यकता है।

स्कूल और कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाएं भी शिक्षण केंद्र स्तर पर अराजक तत्वों को रोकने की पुख्ता कार्रवाई के लिए नजदीकी थाने में तत्काल सूचना दें। छेड़खानी करने वाले युवकों को शिक्षण केंद्र के स्तर पर भी बिल्कुल नहीं बख्शा जाएं। पुलिस द्वारा ऐसे दर्ज मामलों और निरीक्षण के उपरांत सख्त कार्रवाई की जाए। साइबर अपराधों में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर एक्शन लिया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास में कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बैठक में प्रदेश के पुलिस अधीक्षकों को भी निर्देश दिए और की जा रही कार्रवाई का नियमित प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा जिलों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### *कार्रवाई न करने वाले अधिकारी नहीं दिखेंगे मैदान में*



### अधिकारियों से ली नए कानूनों के क्रियान्वयन की जानकारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में इलेक्शन गतिविधियों के नियंत्रण और नए आपराधिक कानून के संबंध में क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने अपराध नियंत्रण से संबंधित प्रेजेंटेशन दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति, नक्सल गतिविधियों के नियंत्रण, पुलिस द्वारा सुशासन क्षेत्र के प्रयास और नए कानूनों के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त कर समीक्षा कर निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने बैठक में दिए ये भी निर्देश

- *प्रदेश में विद्यालय और महाविद्यालय स्तर पर छात्राओं और सार्वजनिक स्थान पर महिलाओं के विरुद्ध अपराध घटित करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई हो।*
- *प्रदेश में एक समेकित अभियान संचालित कर छात्राओं और महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर नियंत्रण को अधिक प्रभावी बनाया जाए और नियमित मॉनिटरिंग भी की जाए।*
- *नए कानून के क्रियान्वयन के प्रति गंभीर रहें।*
- *प्रदेश में न्याय श्रुति सॉफ्टवेयर के माध्यम से थानों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग व्यवस्था को सशक्त बनाया जाए।*
- *देवास जिले में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट, विधि विज्ञान रिपोर्ट और ई-अभियोजन के कार्य में लगभग 20 हजार मानव घंटे की बचत का कार्य सराहनीय है। अन्य जिले भी इस मॉडल पर कार्य करें।*

---

### महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस भी रहेंगे मौजूद

# 10 को ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना के लिए होगा एमओयू

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश शीघ्र ही तीसरी नदी जोड़ो परियोजना के क्रियान्वयन की ओर अग्रसर हो रहा है। यह परियोजना महाराष्ट्र के सहयोग से क्रियान्वित की जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की नदी जोड़ो परियोजना की संकल्पना को क्रियन्वित करने में मध्यप्रदेश, देश में अग्रणी रहा है। उत्तर प्रदेश और राजस्थान के बाद महाराष्ट्र के साथ ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना के लिए एमओयू होने जा रहा है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस भी 10 मई को भोपाल में मौजूद रहेंगे। दोनों राज्यों में सिंचाई क्षेत्र के विस्तार और पेयजल उपलब्धता को सुगम बनाने में यह परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे गुजरात भी लाभान्वित होगा। मुख्यमंत्री ने समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास में मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में यह जानकारी दी।

## वित्तीय वर्ष 2025-26 में जीएसटी में 96 हजार करोड़ का राजस्व लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मप्र में पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में जीएसटी में रिकार्ड राजस्व हासिल हुआ है। यह अब तक का सर्वाधिक राजस्व है। इसके साथ ही आबकारी, पंजीयन में भी रिकार्ड बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वाणिज्यिक कर विभाग ने जीएसटी, वैट, प्रोफेशनल टैक्स, आबकारी व पंजीयन में 10 फीसदी से ज्यादा बढ़ोतरी के साथ लगभग 82 हजार करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त किया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 96 हजार करोड़ रुपए का राजस्व का लक्ष्य रखा गया है।

प्रदेश में 5 वर्ष पहले तक में वाणिज्यक कर विभाग को कुल 25 से 30 हजार करोड़ रुपए तक का ही राजस्व मिला करता था। अब पांच वर्षों में ही दोगुना से भी ज्यादा राजस्व मिलने लगा। प्रदेश के टैक्स इतिहास में यह अब तक का रिकार्ड है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के मुकाबले जीएसटी में वर्ष 2024-25 में करीब 24 फीसदी और पंजीयन में 22 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। टैक्स में पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष काफी अधिक बढ़ोतरी के साथ राजस्व प्राप्त हुआ है। संभावना जताई जा रही है कि 15 फीसदी बढ़ोतरी के साथ लक्ष्य हासिल हो जाएगा।

### वाणिज्यिक कर को 82 हजार करोड़ रुपए का राजस्व

वित्तीय वर्ष 2024-25 में जीएसटी, वैट और प्रोफेशनल्स टैक्स से कुल करीब 55,500 करोड़ रुपए का राजस्व मिला है। इसी तरह आबकारी से करीब 15,200 करोड़ रुपए और पंजीयन से करीब 11000 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। लगभग 82 हजार करोड़ रुपए का राजस्व 29 मार्च तक प्राप्त हुआ। वाणिज्यक कर विभाग ने पिछले वित्तीय वर्ष के लिए कुल 75 हजार करोड़ रुपए राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य रखा था। बाद में रिवाइज कर इसे 82 हजार करोड़ रुपए कर दिया गया। किंतु यह 29 मार्च तक के आंकड़ों में ही आ गया।

### 2025-26 के लिए लक्ष्य तय

वाणिज्यिक कर विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल करीब 96 हजार करोड़ रुपए राजस्व लक्ष्य तय किया है। वर्ष के अंत तक में रिवाइज टारगेट के साथ एक लाख करोड़ रुपए तक जा सकता है। विभागीय अधिकारियों खासकर मैदानी अधिकारियों से कहा गया है कि वे अभी से मासिक लक्ष्य बनाकर टैक्स वसूली पर ध्यान दें। टैक्स चोरी रोकने से लेकर टैक्स में हेराफेरी करने वाले कारोबारियों पर अंकुश लगाने को कहा गया है। टारगेट के अनुसार पंजीयन में 13900 करोड़ जीएसटी में 42,140 करोड़, आबकारी में 17,500 करोड़ रुपए, वैट में 22,698 करोड़ तथा प्रोफेशनल टैक्स में 372 करोड़ का राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य है।

---

# जल गंगा संवर्धन अभियानः राजस्व रिकॉर्ड में जल संरचनाओं को संरक्षण के उद्देश्य से किया जा रहा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में 30 मार्च से शुरू किया गया 'जल गंगा संवर्धन अभियान' में आम लोगों की भागीदारी से सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। यह अभियान समाज के प्रत्येक तबके को महत्वपूर्ण उद्देश्य से जोड़ने में सफल रहा है। प्रत्येक जिले में जल स्त्रोतों की पहचान की गई है और उनके संरक्षण की दिशा में ठोस कार्य किया जा रहा है। अभियान में प्राचीन बावड़ी के इतिहास की जानकारी नागरिकों को देते हुए इसके सफाई अभियान से नागरिकों को जोड़ा गया है। यह अभियान 30 जून तक चलेगा। अभियान में जल संरचनाओं को राजस्व रिकार्ड में भी जागरूकता के साथ दर्ज किया जा रहा है।

उमरिया जिले में अमृत सरोवर को राजस्व रिकार्ड में दर्ज किया जा रहा है। जिले में एक मई तक 30 अमृत सरोवरों में से 20 अमृत सरोवरों को राजस्व रिकार्ड में दर्ज किया जा चुका है। राजस्व अभिलेख में अन्य जल संरचनाएं नहर, तालाब, चेक डैम, स्टॉप डैम आदि को भी अभिलेख मे दर्ज किया गया है। इनकी संख्या 173 है। जिले में नदी, तालाबों, घाटों, कुओं के आस पास श्रमदान करके साफ-सफाई की जा रही है। तहसीलदार मानपुर ने बताया कि चितौहा, नाला डोडका, ताजिया नाला, मझखेता ग्राम पंचायत के अंतर्गत 0.185 हैक्टेयर में हुए अतिक्रमण को हटाने की भी कार्रवाई की गई।

### ग्राम पंचायत नरवार व मझौली में किए गए नवीन खेत तालाब के कार्य

शहडोल में जल स्रोतों के संरक्षण के काम को आंदोलन का रूप दिया गया है। यह संदेश दिया गया है कि जल को बचाएं, जीवन को बचाएं, जब तक जल सुरक्षित है तब तक कल सुरक्षित है। जिले की समस्त जनपद पंचायत की ग्राम पंचायतों में जल गंगा संवर्धन अभियान में लोग उत्साह एवं उमंग के साथ जल का महत्व समझते हुए श्रमदान कर रहे हैं।

### जिले के सभी नागरिक कम से कम एक घंटे श्रमदान अवश्य करें

देवास जिले में हाटपीपल्या विधानसभा क्षेत्र के ग्राम टिगरिया गोगा में जल गंगा संवर्धन अभियान में 4 करोड़ 93 लाख रुपए की लागत से बनने वाले बैराज का भूमिपूजन किया गया। ग्राम टिगरिया गोगा में क्षिप्रा में मिलने वाले नाले की सफाई और गहरीकरण कार्य में श्रमदान किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान में जिले के सभी नागरिक कम से कम एक घंटे श्रमदान अवश्य करने की अपील की जा रही है।

### *सामूहिक रूप से डैम का किया गया गहरीकरण*

बुरहानपुर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान जन भागीदारी के साथ उत्साहपूर्वक चलाया जा रहा है। जिले में स्थित प्रत्येक जल स्त्रोतों को चिन्हित कर उनके संरक्षण व साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। आरटीओ ऑफिस के पास बिरोढा रोड पर स्थित तालाब एवं चेक डैम के पास जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत श्रमदान किया गया। स्टॉप डैम पर श्रृंखला बना कर श्रमदान किया गया। डैम के गहरीकरण का कार्य भी किया जा रहा है। सामूहिक रूप से श्रमदान में बड़े-छोटे पत्थरों को भी तालाब से उठा कर किनारे किया गया। विदिशा जिले में ग्यारसपुर बाजरा मठ के समीप स्थित प्राचीन हराऊ बावड़ी में सफाई कर श्रमदान किया गया। इसके साथ ही ग्रामीणों के बीच जल चौपाल भी लगाई गई। ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इंदौर जिले में जल स्रोतों की सफाई का कार्य प्रभावी रूप से किया जा रहा है। जिले में तालाबों, कुंओं, बावड़ियों के गहरीकरण, जीर्णोद्धार के कार्य किए जा रहे हैं। ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति प्रेरित किया जा रहा है।

---

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दूर की विकास में आ रही बाधा

## सरकार के निर्णय के बाद पचमढ़ी के विकास को लगेंगे पंखः जिराती

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जीतू जिराती ने कैबिनेट बैठक में लिए गए निर्णयों का स्वागत करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार द्वारा पचमढ़ी के संबंध में लिए गए निर्णय से न सिर्फ इस हिल स्टेशन के विकास को गति मिलेगी, बल्कि पचमढ़ी देश-विदेश के पर्यटन मानचित्र पर तेजी से उभरेगा। वहीं, प्रदेश के मंडला, बालाघाट और डिंडोरी जिलों में नक्सल विरोधी अभियान के लिए विशेष सहयोगियों की भर्ती भी एक क्रांतिकारी कदम है।

जिराती ने कहा कि सतपुड़ा की पहाड़ियों पर स्थित पचमढ़ी प्रदेश का एक मात्र हिल स्टेशन है और सुरम्य पर्यटन स्थल है, लेकिन यह संपूर्ण नगर वन भूमि पर था और नजूल की भूमि उपलब्ध नहीं थी। इसलिए प्रदेश सरकार पचमढ़ी में पर्यटन सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कदम नहीं उठा पा रही थी। लेकिन राज्य मंत्रिमंडल ने पचमढ़ी शहर को अभयारण्य से बाहर करने और यहां की 395.93 हेक्टेयर जमीन को नजूल घोषित करने का निर्णय लिया है। इसके बाद यह भूमि पचमढ़ी विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के स्वामित्व में आ जाएगी और यहां विकास कार्यों में तेजी लाने व जमीन की खरीदी-बिक्री का काम किया जा सकेगा। अभी अभयारण्य होने के कारण यहां कोई व्यवसायिक गतिविधियां चलाने की अनुमति सरकार नहीं दे पा रही थी। जिराती ने कहा कि पचमढ़ी में पर्यटन सुविधाओं के विकास से यहां पर्यटन उद्योग में तेजी आएगी।

---

### डॉ. मोहन ने की प्रदेश के गेहूं उपार्जन की समीक्षा

# कोई किसान स्लॉट बुकिंग से वंचित न रहे सभी का किया जाए गेहूं उपार्जित : मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि गेहूं उपार्जन के लिए कोई भी किसान स्लॉट बुकिंग से वंचित न रहे और बुकिंग वाले सभी किसानों का गेहूं उपार्जित किया जाए। किसानों को कोई परेशानी न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए।

उपार्जन केंद्रों पर किसी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब तक 8 लाख 87 लाख से हजार से अधिक पंजीकृत किसानों से 76.60 लाख मीट्रिक टन गेहूं उपार्जित हुआ है। किसानों को 5 मई तक 16 हजार 472 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है।



### प्रदेशवासियों को अन्नदाताओं पर गर्व

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम पिछले वर्ष का रिकार्ड तोड़ते हुए इस वर्ष 81 लाख मीट्रिक टन गेंहू उपार्जन लक्ष्य की ओर अग्रसर हैं। यह प्रदेश के किसानों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। इस उपलब्धि के लिए प्रदेशवासियों को अन्नदाताओं पर गर्व है। डॉ. यादव रबी उपार्जन अंतर्गत गेहूं उपार्जन की समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास में समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा उपस्थित थे। बैठक में जानकारी दी गई कि वर्ष 2025-26 में 34 लाख 93 हजार एकड़ रकबे में हुए गेंहू उपार्जन के लिए 15 लाख 44 हजार किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया। प्रदेश में 3 हजार 620 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए। स्लॉट बुकिंग से शेष किसानों की बुकिंग के लिए पोर्टल पर सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इन किसानों से गेंहू का उपार्जन 9 मई तक किया जाएगा।

---

### दो अफसरों की विभागीय जांच पेंडिंग होने से 16 के बजाय 14 पदों के लिए डीपीसी कराने की तैयारी

# अब जुलाई में होगी एसएएस से आईएएस के लिए डीपीसी मुख्यमंत्री से मंजूरी के बाद ही फाइल भेजी जाएगी केंद्र के पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में राज्य प्रशासनिक सेवा (एसएएस) से आईएएस में होने वाली डीपीसी अब जुलाई में संभावित है। पहले मार्च या अप्रैल में होना संभावित था, किंतु सरकार प्रस्ताव भेजने की तैयारी नहीं कर पाई। अब सरकार जुलाई में ही यूपीएससी को प्रस्ताव भेजेगी। हालांकि दो अफसरों की विभागीय जांच पेंडिंग होने की वजह से 16 के बजाय 14 पदों के लिए डीपीसी कराने की तैयारी की जा रही है। इस दौरान वर्ष 2024 व 2025 के 8-8 पदों के लिए डीपीसी कराई जाएगी। दोनों वर्षों में डीओपीटी ने 8-8 पद ही आईएएस के लिए अलॉट किए हैं।

एसएएस के वर्ष 2008 बैच के अफसरों को वर्ष 2024 में आठ पदों पर आईएएस में पदोन्नत किया जाना था। किंतु मप्र संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को प्रस्ताव भेजने में देरी होने की वजह से यूपीएससी ने डीपीसी के लिए समय पर तारीख तय नहीं किया। जीएडी भी प्रस्ताव भेजने में एक साल लगा दिए। इससे पूरा वर्ष निकल गया और डीपीसी नहीं हो पाई। इसके साथ ही वर्ष 2024 में आईएएस बनने का सपना संजोए बैठे एसएएस अफसरों को निराशा हाथ लगी। इसे लेकर सवाल भी उठे। अब हालांकि वर्ष 2024 और वर्ष 2025 के पदों के लिए एक साथ डीपीसी कराने की तैयारी शुरू की गई है। इस बार ऐसी गलती न हो, इसलिए एसएएस से आईएएस में पदोन्नति के लिए सामान्य प्रशासन विभाग (कार्मिक) ने एक साथ डीपीसी का प्रस्ताव तैयार कर रहा है।

### कुल 16 पदों पर होगी पदोन्नति

दोनों वर्षों के लिए वर्ष 2008 व 2009 बैच के एसएएस अफसरों के आईएएस में पदोन्नति के लिए 48 अफसरों के नामों पर विचार किया जाएगा। इसके लिए पहले स्वीकृति का प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा जाएगा। इस पर केंद्र से सहमति मिलते ही इसे यूपीएससी को भेज दिया जाएगा। इसकी प्रक्रिया जुलाई तक पूरी हो जाएगी। इसके बाद बैठक ही डीपीसी की तिथि मांगी जाएगी। इसके पहले मुख्यमंत्री से इस प्रस्ताव पर अनुमोदन भी कराया जाएगा। इसकी तैयारी सामान्य प्रशासन विभाग ने कर ली है। जीएडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीट का निर्धारण अभी नहीं हो पाया है। जल्दी सीट का निर्धारण करने के बाद बैठक की सहमति के लिए पत्र यूपीएससी को भेजा जाएगा। वहां से सहमति मिलते ही पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

### सहमति के बाद डीपीसी के लिए तय होगी तारीख

*जीएडी (कार्मिक) ने एसएएस से आईएएस में पदोन्नति के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अनुमोदन के बाद पिछले साल दिसंबर के दूसरे पखवाड़े में प्रस्ताव संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को भेजा था। सामान्य तौर पर मार्च से जून के बीच में प्रस्ताव भेज दिया जाता है, तो सितंबर तक बैठक हो जाती है, लेकिन पिछली बार ऐसा नहीं हुआ। अब एक साथ दो वर्ष के पदों के लिए एक साथ डीपीसी होगी। संभावना यह भी जाहिर की जा रही है कि यदि राज्य सरकार ने केंद्र से डीपीसी को लेकर तथ्यात्मक बात करेगी तो वर्ष 2025 में 10 पद भी मिल सकता है।*

## अब सड़कों पर उतरेंगे 9 करोड़ व्यापारी

# खतरे में डाल रहे तीन करोड़ किराना दुकानों को 'डार्क स्टोर'

### ई-कॉमर्स कंपनियों की कथित अनैतिक व अवैध प्रथाओं के खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन की घोषणा

कैट का आरोप है कि इन कंपनियों ने विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) का उपयोग बुनियादी ढांचे के विकास के बजाए घाटे की भरपाई और चुनिंदा विक्रेताओं के माध्यम से गहरी छूट देने के लिए किया है, जो एफडीआई मानदंडों का उल्लंघन है। मूल्य निर्धारण में हेरफेर कर रहे हैं। उपभोक्ताओं से महत्वपूर्ण जानकारी छिपा रहे हैं।


वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल/नई दिल्ली

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने विदेशी निवेश वाली ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स कंपनियां, जैसे अमेजन, फ्लिपकार्ट, ब्लिंकिट, स्विगी, इंस्टामार्ट, जेप्टो और अन्य इसी तरह की प्रमुख कॉमर्स कंपनियों की कथित अनैतिक व अवैध प्रथाओं के खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन की घोषणा की है।

कैट का कहना है कि ये कंपनियां, एफडीआई का दुरुपयोग कर रही हैं तो वहीं नियामक उल्लंघन करने से भी पीछे नहीं हट रही हैं। इन कंपनियों की 'डार्क स्टोर्स' जैसी नीतियां देशभर में 3 करोड़ से अधिक किराना दुकानों की आजीविका खतरे में डाल रही हैं। इसके चलते देशभर के 9 करोड़ व्यापारी सड़कों पर उतरने की योजना बना रहे हैं। यह विरोध सभी राज्यों में किया जाएगा।

*देशभर में 3 करोड़ से अधिक किराना दुकानों*

*यह विरोध सभी राज्यों में किया जाएगा*



#### एफडीआई नीतियों का उल्लंघन

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने ई-कॉमर्स कंपनियों पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। कैट का आरोप है कि इन कंपनियों ने विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) का उपयोग बुनियादी ढांचे के विकास के बजाए घाटे की भरपाई और चुनिंदा विक्रेताओं के माध्यम से गहरी छूट देने के लिए किया है, जो एफडीआई मानदंडों का उल्लंघन है। ये प्लेटफॉर्म 'प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002' का उल्लंघन करते हुए विशेष समझौतों में प्रवेश कर रहे हैं। मूल्य निर्धारण में हेरफेर कर रहे हैं। उपभोक्ताओं से महत्वपूर्ण जानकारी छिपा रहे हैं, जिससे बाजार प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता विकल्प सीमित हो रहे हैं। देश भर में डिलीवरी के लिए कई 'डार्क स्टोर्स' का संचालन एफडीआई नीतियों का सीधा उल्लंघन है, जो ई-कॉमर्स संस्थाओं को इन्वेंट्री बनाए रखने और खुदरा आउटलेट स्थापित करने से प्रतिबंधित करती हैं।

#### तत्काल नियामक हस्तक्षेप की मांग की

मध्यप्रदेश एफएमसीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील जैन 501 ने कहाकि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म आधुनिक युग की ईस्ट इंडिया कंपनी से कम नहीं हैं। इनका उद्देश्य छोटे किराना और खुदरा दुकानों को समाप्त करके बाजार पर प्रभुत्व स्थापित करना है, जिससे भारत के 3 करोड़ से अधिक किराना दुकानों की आजीविका खतरे में है। उन्होंने कहा कि कैट ने पहले ही एक व्यापक श्वेत पत्र प्रस्तुत किया है, जिसमें इन चिंताओं को उजागर किया गया है और तत्काल नियामक हस्तक्षेप की मांग की गई है।

#### कैट का अमेजन, वॉलमार्ट फ्लिपकार्ट भारत छोड़ो अभियान

कैट ने अमेजन, वॉलमार्ट, फ्लिपकार्ट भारत छोड़ो अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान का उद्देश्य बड़ी विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों के खिलाफ विरोध करना है, जो भारी छूट और अनैतिक तरीकों से भारतीय खुदरा व्यापार को नुकसान पहुंचा रही हैं। जिससे छोटे दुकानदार और पारंपरिक व्यापारी बाहर हो रहे हैं। इसके साथ ही सरकारी नियमों का उल्लंघन, टैक्स चोरी, शैल कंपनियों के माध्यम से व्यापार और कैश बर्निंग मॉडल इनकी रणनीति का हिस्सा भी हैं। व्यापार संघों की मांग है कि प्रतिस्पर्धा कानून में बदलाव कर छोटे व्यापारियों की रक्षा की जाए और सरकार व आम जनता विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों का बहिष्कार करें।

---

### अवीवा 7वें साल बना इंडियाज मोस्ट ट्रस्टेड प्राइवेट लाइफ इंश्योरर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अवीवा लाइफ इंश्योरेंस लगातार सातवें साल टीआरए की ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट 2025 में इंडियाज मोस्ट ट्रस्टेड प्राइवेट लाइफ इंश्योरर बनकर सामने आया है। प्राइवेट लाइफ इंश्योरेंस सेक्टर में अपनी लीडरशिप को और मजबूती देते हुए अवीवा इंडिया ने वित्त वर्ष 2023-24 में 100 प्रतिशत क्लेम 30 दिन के भीतर सेटल किए, जो बेस्ट क्लेम सेटलमेंट टर्नअराउंड टाइम में से है। अवीवा लाइफ इंश्योरेंस के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर विनीत कपाही ने कहा कि अवीवा में हम केवल पारंपरिक बीमा सुरक्षा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि हम जीवन बीमा को नए रूप में परिभाषित कर रहे हैं जहां जहां हमारा ध्यान रोकथाम, स्वास्थ्य और समग्र कल्याण पर है।

# दस महीने बाद फिर से सांची दूध महंगा

## *दो रुपए प्रति लीटर बढ़ा दाम, नया रेट आज से लागू*

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

अमूल के बाद अब सांची ने भी ग्राहकों को झटका दिया है। सांची ने भी दूध के रेट बढ़ा दिए हैं। 1 लीटर दूध पर 2 रुपए, जबकि आधा लीटर पर 1 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। 7 मई से नए रेट लागू हो जाएंगे। भोपाल के अलावा इंदौर में भी सांची दूध महंगा हुआ है। वहीं उज्जैन, ग्वालियर, सागर, बुंदेलखंड दुग्ध संघ भी रेट बढ़ा रहे हैं।

#### भोपाल में रोज साढ़े 3 लाख लीटर से अधिक दूध



भोपाल में पैक्ड दूध में सांची की सबसे ज्यादा खपत होती है। रोज साढ़े 3 लाख लीटर से अधिक दूध की खपत है। अमूल की खपत 70 हजार लीटर है। इसके बाद सौरभ, श्रीधी, मदर डेयरी के दूध भी पैकेट में बिकते हैं। इनकी करीब 1 लाख लीटर दूध की खपत शहर और भोपाल के ग्रामीण इलाकों में है। मदर डेयरी ब्रांड के दूध की ज्यादातर खपत शहर में ही होती है।

#### पैक्ड से ज्यादा खुला दूध बिकता

भोपाल में पैक्ड दूध की तुलना में खुले दूध की बिक्री ज्यादा होती है। खुले दूध की खपत 8 से 9 लाख लीटर तक प्रतिदिन है। खुला दूध भी महंगा हुआ है। कई डेयरियों पर प्रति लीटर 2 रुपए तक की बढ़ोतरी की गई है। सांची ने पिछले साल जुलाई में रेट बढ़ाए थे। करीब 10 महीने के बाद फिर से दूध के रेट में बढ़ोतरी की गई है। हालांकि, सांची डीटीएम 160 एमएल टोंड मिल्क एवं परिवार 200 मिमी पैक दूध के रेट में बढ़ोतरी नहीं की गई है।

*महापौर मालती राय रूस के विजय दिवस समारोह में राज्य अतिथि के रूप में आमंत्रित*

# भोपाल और स्मोलेंस्क के बीच 'सिस्टर सिटी' समझौते की ऐतिहासिक पहल

#### भोपाल वैश्विक मंच पर एक नई भूमिका के लिए अग्रसर

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री फेडरेशन (एफएमपीसीसीआई) के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने महापौर मालती राय की उपस्थित में बताया कि फेडरेशन ने मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल और रूस के स्मोलेंस्क शहर के बीच सांस्कृतिक, शैक्षणिक और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'सिस्टर सिटी' समझौते पर हस्ताक्षर की दिशा में एक बड़ी पहल की है।

यह गौरव का विषय है कि स्मोलेंस्क के मेयर द्वारा भोपाल की महापौर और एक प्रतिनिधिमंडल को रूस में विजय दिवस समारोह में राज्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है।




#### दोनों शहरों के बीच सहयोग मैत्रीपूर्ण संबंधों का प्रतीक

*शर्मा ने बताया कि यह आमंत्रण दोनों शहरों के बीच बढ़ते सहयोग और मैत्रीपूर्ण संबंधों का प्रतीक है। रूस में हर वर्ष 9 मई को विजय दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य परेड आयोजित की जाती है, जो मॉस्को से लेकर अन्य प्रमुख राज्यों की राजधानी में भव्य आयोजन कर मनाई जाती है। यह परेड रूस की द्वितीय विश्व युद्ध में ऐतिहासिक विजय और शौर्य को दर्शाती है। इस वर्ष इसमें भोपाल की महापौर की उपस्थिति हमारे शहर के लिए गर्व का विषय है।*

इस यात्रा के दौरान भोपाल और स्मोलेंस्क के बीच 'सिस्टर सिटी' समझौते पर हस्ताक्षर होने है। यह समझौता केवल दो नगर निगमों के बीच नहीं, बल्कि दो संस्कृतियों, दो सभ्यताओं और दो राष्ट्रों के बीच गहरे जन-संपर्क की दिशा में एक सशक्त कदम होगा। दीपक शर्मा ने बताया कि समझौते से शिक्षा एवं प्रशिक्षण, कला और संस्कृति, पर्यटन, हस्तशिल्प और लघु उद्योग, तकनीकी सहयोग की संभावनाएं मजबूत होंगी। महापौर मालती राय ने कहा कि यह वह क्षण है जब भोपाल वैश्विक मंच पर एक नई भूमिका के लिए अग्रसर हो रहा है। यह सिस्टर सिटी समझौता न केवल भोपाल और स्मोलेंस्क, बल्कि भारत और रूस के द्विपक्षीय संबंधों को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाने की क्षमता रखता है।


---

*50 लाख से 1 करोड़ रुपए कमाने वालों को राहत*

# आईटीआर -2 फॉर्म में किए बड़े बदलाव शेड्यूल कैपिटल गेन को दो हिस्सों में बांटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2024-25 (आकलन वर्ष 2025-26) के लिए आईटीआर-1, 3, 4 फॉर्म के बाद आयकर विभाग ने असेसमेंट ईयर 2025-26 के लिए आईटीआर फॉर्म 2 अधिसूचित कर दिया है। इस नए फॉर्म में फाइनेंस एक्ट 2024 के तहत किए गए कुछ अहम बदलावों को शामिल किया गया है। ये बदलाव उन टैक्सपेयर्स के लिए खास हैं जो पूंजीगत लाभ, शेयर बायबैक और टैक्स डिडक्शन क्लेम करते हैं। आईटीआर-2 फॉर्म उन वेतनभोगी कर्मचारियों, पेंशनर्स और अन्य करदाताओं के लिए है जिनकी आय 50 लाख से 1 अधिक है और जिनकी आय में व्यापार या पेशे से होने वाली आय शामिल नहीं है। अब आईटीआर फार्म 2 में शेड्यूल कैपिटल गेन को दो हिस्सों में बांटा गया है।




#### एसेट और लायबिलिटी रिपोर्टिंग की सीमा बढ़ी

अब जिन टैक्सपेयर्स की कुल आय 1 करोड़ रुपए या उससे अधिक है, उन्हें अपनी संपत्ति और देनदारियों का विवरण फॉर्म में भरना अनिवार्य होगा। पहले यह सीमा कम थी। अब धारा 80 सी और 10(13ए) जैसी टैक्स डिडक्शन क्लेम करने वालों को और अधिक स्पष्ट विवरण देना होगा। इससे पारदर्शिता और डेटा की सटीकता बढ़ेगी।

#### टीडीएस की रिपोर्टिंग के लिए नया कोड

शेड्यूल -टीडीएस में अब टैक्सपेयर्स को उस सेक्शन कोड का उल्लेख करना होगा जिसके तहत टीडीएस काटा गया है। इससे टैक्स क्रेडिट की जानकारी अधिक साफ और ट्रैक करने योग्य हो सकेगी। इन बदलावों का मकसद टैक्स रिटर्न की प्रक्रिया को ज्यादा पारदर्शी और व्यापक बनाना है। टैक्सपेयर्स को सलाह दी गई है कि वे आईटीआर फाइल करते वक्त इन नए पॉइंट्स का ध्यान रखें।

### रेलवे से पार्सल ट्रेन के संचालन के लिए एवीजी ने किया अनुबंध


**मुंबई।** एवीजी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड को भारतीय रेलवे से पार्सल कार्गो एक्सप्रेस ट्रेन पट्टे पर लेने के लिए 6 साल का दीर्घकालिक अनुबंध प्राप्त हुआ है। यह विशेष ट्रेन अगरतला (त्रिपुरा) / गुवाहाटी (असम) से दिल्ली / लुधियाना (पंजाब) के बीच चलाई जाएगी और अगले 6 वर्षों में प्रति माह 4 फेरे पूरे करेगी, जिससे अनुबंध अवधि में कुल 313 फेरे होंगे। इस यात्रा के दौरान शुरुआती 6 महीनों में प्रति फेरा 364 टन माल परिवहन क्षमता की उम्मीद है, जो बाद में बढ़कर प्रति फेरा 484 टन तक हो जाएगी। यह एक्सप्रेस ट्रेन सेवा 2768 किलोमीटर की दूरी 90 घंटों में तय करेगी।

## *धानुका ने दिया कृषि क्षमता के सदुपयोग के लिए भागीदारी के महत्व पर जोर*

# 14 करोड़ किसानों और 6.5 लाख गांवों की जरूरतें कोई एक संस्था अकेले पूरी नहीं कर सकती: डॉ. अग्रवाल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के पास विविध कृषि-जलवायु क्षेत्र और मजबूत फसल उत्पादन क्षमता होने के बावजूद राज्य अभी तक अपनी पूरी कृषि क्षमता का उपयोग नहीं कर पाया है ताकि भारत की कृषि जीडीपी में और बड़ा योगदान दे सके। यह बात धानुका एग्रीटेक लिमिटेड के प्रेसिडेंट चेतन सराओगी ने मध्य प्रदेश में मौजूद कृषि क्षमता पर रोशनी डालते हुए कही। इस मौके पर डॉ. आर.जी. अग्रवाल, चेयरमैन एमेरिटस मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि कृषि विकास को तेज़ करने और किसानों की भलाई के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है, खासकर पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के जरिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के 14 करोड़ किसानों और 6.5 लाख गांवों की जरूरतें कोई एक संस्था अकेले पूरी नहीं कर सकती।




#### किसानों तीन प्रमुख समस्याओं पर हुई चर्चा

डॉ. आरजी अग्रवाल, चेयरमैन एमेरिटस, धानुका एग्रीटेक लिमिटेड ने आधुनिक कृषि तकनीकों तक सीमित पहुंच, उत्पादों के लिए उचित मूल्य न मिलना और उच्च गुणवत्ता वाले असली कृषि उत्पादों की कमी पर चर्चा की और सरकार से आग्रह किया कि इन मुद्दों को हल करने के लिए किसानों के लिए जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाएं। उन्होंने यह भी सलाह दी कि किसान केवल वैध बिलों के साथ कृषि इनपुट्स खरीदें और पैकेजिंग पर मौजूद क्यूआर कोड के जरिए उत्पाद की प्रमाणिकता जांचें। धानुका एग्रीटेक ने आईसीएआर के साथ हुए समझौता ज्ञापन के तहत देशभर में राज्य-स्तरीय जागरूकता अभियानों, किसान प्रशिक्षण कार्यक्रमों, और डीलरों के लिए जागरूकता सत्रों का आयोजन कर रहा है, ताकि वैज्ञानिक खेती और असल कृषि उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा सके।

### भारत टेक ट्रायम्फ प्रोग्राम के 20 विजेताओं की घोषणा

**मुंबई।** क्रिएटिव एवं टेक दूरदृष्टा, वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट के लांच के लिए एकजुट हुए हैं। देश के ग्लोबल एंटरटेनमेन्ट परिवेश में नए अध्याय की शुरूआत करते हुए इंटरैक्टिव एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म विंजो ने इंटरैक्टिव एंटरटेनमेन्ट एंड इनोवेशन काउंसिल के साथ मिलकर भारत टेक ट्रायम्फ प्रोग्राम के 20 विजेताओं की घोषणा की।

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

**आम सूचना**

गौतम नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल भूखण्ड/भवन क्रमांक एम.आई.जी. 171 मण्डल द्वारा श्रीमती कामनी देवी खन्ना पत्नी स्व. श्री शिव प्रसाद खन्ना के नाम पर भाड़ाक्रय खरीद करार के आधार पर आवंटन आदेश क्र. 15424 दिनांक 26/12/1987 को आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 10/04/1978 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्रीमती कामनी देवी खन्ना द्वारा संपत्ति का नोटीरीकृत वसीयतनामा अपनी पुत्र / पुत्री गण 1) श्रीमती हेलन खन्ना 2) सुश्री रंजन खन्ना 3) श्री प्रदीप खन्ना 4) श्री संदीप खन्ना पुत्र/पुत्री स्व. श्री शिव प्रसाद खन्ना के संयुक्त नाम पर दिनांक 25/02/1996 को पंजीकृत कराया गया है। श्रीमती कामनी देवी खन्ना पत्नी स्व. श्री शिव प्रसाद खन्ना की दिनांक 17/01/1998 को मृत्यु होने के उपरांत उनके पुत्र/पुत्री गण 1) श्रीमती हेलन खन्ना 2) सुश्री रंजन खन्ना 3) श्री प्रदीप खन्ना 4) श्री संदीप खन्ना पुत्र/पुत्री स्व. श्री शिव प्रसाद खन्ना के द्वारा उक्त संपत्ति को अपने संयुक्त नाम पर नामान्तरण करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, नोटरीकृत वसीयतनामा, परिचय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं मण्डल प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति 1) श्रीमती हेलन खन्ना 2) सुश्री रंजन खन्ना 3) श्री प्रदीप खन्ना 4) श्री संदीप खन्ना पुत्र/पुत्री स्व. श्री शिव प्रसाद खन्ना के नाम से नामान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो ता 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकस मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल**

---

## बिजनेस न्यूज

### होंडा मोटरसाइकिल ने अप्रैल बेचे 4,80,896 यूनिट्स



**गुरुग्राम ।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने अप्रैल 2025 के लिए अपने बिक्री आंकड़े जारी किए। अप्रैल महीने में कंपनी की कुल बिक्री 4,80,896 यूनिट्स रही, जिसमें 4,22,931 यूनिट्स की घरेलू बिक्री और 57,965 यूनिट्स का निर्यात शामिल है। होंडा मोटरसाइकिल ने अपने लोकप्रिय डियो 125 स्कूटर के ओबीडी2बी मानकों के अनुकूल नए संस्करण को उन्नत फीचर्स के साथ लांच किया। कंपनी ने अपने प्रीमियम मोटरसाइकिल पोर्टफोलियो को और मजबूत किया है, जिसमें 2025 सीबी350, सीबी350 एच'नेस और सीबी350आरएस को नए रंगों के साथ बाजार में उतारा गया है। वैश्विक मानकों के अनुरूप होंडा ने सीबी300आर मोटरसाइकिल के 2018 से 2020 के बीच बने कुछ यूनिट्स के लिए स्वैच्छिक रिकॉल की घोषणा भी की।

### सेनहाइजर ने किया छूट के साथ समर सेल डील का ऐलान

**भोपाल।** सेनहाइजर, ऑडियो इनोवेशन में ग्लोबल पायोनियर ब्रांड इस सीजन में अमेजन की समर सेल 2025 के दौरान बेहतरीन डील्स के साथ ग्राहकों को अच्छी खासी बचत का मौका दे रही है। 1 मई से शुरू होने वाले इस सेल में ग्राहक सेनहाइजर के टॉप-रेटेड प्रोडक्ट्स, जैसे हेडफोंस, माइक्रोफोंस और कई अन्य एसेसरीज आदि पर 58 फीसदी तक की अच्छी खासी छूट और बचत का आनंद ले सकते हैं। भारी छूट के अलावा, ग्राहक 24 महीने तक की नो कॉस्ट ईएमआई का लाभ उठा सकते हैं और चुनिंदा बैंक कार्ड ऑफर के साथ एडीशनल बचत का आनंद भी ले सकते हैं। प्रोफाइल स्ट्रीमिंग सेट यूएसबी माइक्रोफोन, ई-945 माइक्रोफोंस, एचडी-25 प्लस हेडफोन, मोमेंटम 4 (कॉपर) हेडफोंस, एसेंटम प्लस हेडफोंस और मोमेंटम ट्रू वायरलेस 4 जैसे उत्पादों बेहद किफायती कीमतों पर खरीद सकते हैं।

### ओडिसी ने किया नया लो-स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर हायफाय लांच



**मुंबई ।** ओडिसी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स ने अपने नए लो-स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर हायफाय को लांच कर अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। इस लांच के साथ ओडिसी इलेक्ट्रिक ने पर्यावरण-अनुकूल और सस्ते शहरी यातायात समाधान देने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। ओडिसी हायफाय की कीमत 42,000 रुपए है, जो इसे काफी किफायती बनाती है। यह बेहतरीन पैसा वसूल प्रोडक्ट है। यह 10 मई 2025 से ओडिसी के 150 से अधिक डीलरशिप नेटवर्क और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से पूरे देश में उपलब्ध होगा। शुरुआती ग्राहकों को विशेष छूट और वारंटी लाभ मिलेंगे। ओडिसी हायफाय उन शहरी यात्रियों के लिए बनाया गया है जो पारंपरिक पेट्रोल स्कूटरों के बजाय किफायती और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प चाहते हैं। यह एक नया लो-स्पीड मॉडल है जो आकर्षक डिजाइन, भरोसेमंद प्रदर्शन और शून्य उत्सर्जन के साथ आता है। शहरी यात्रा को आसान बनाने, नियमों का पालन करने और कम रखरखाव के साथ, ओडिसी हायफाय स्टूडेंट्स, प्रोफेशनल्स और लास्ट-माइल डिलीवरी राइडर्स के लिए बिल्कुल परफेक्ट गाड़ी है। ओडिसी हायफाय में 250वाट मोटर दी गई है और 25 किमी/घंटा तक की स्पीड पकड़ती है। इसमें सिटी ड्राइव, पार्किंग और रिवर्स राइड मोड जैसे फीचर्स हैं।

### बैंक ऑफ बड़ौदा का मुनाफा 3.3 फीसदी बढ़कर 5048 करोड़ हुआ

**भोपाल।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अब तक के सबसे बड़े डिविडेंड देने का ऐलान किया है। यह डिविडेंड चौथी तिमाही के नतीजों के साथ घोषित किया गया है। कंपनी ने बताया कि उसने हर 2 रुपए के फेस वैल्यू वाले शेयर पर 8.35 का डिविडेंड देने की सिफारिश की है। प्रतिशत के हिसाब से बात करें तो यह 417.5 फीसदी का डिविडेंड है। यह डिविडेंड बैंक के शेयर स्प्लिट के बाद अब तक का सबसे ज़्यादा डिविडेंड होगा। बैंक ने कहा है कि यह डिविडेंड अभी रेकमंडेशन के तौर पर है और इसे 29वीं सालाना आम बैठक में मंजूरी दी जाएगी। एजीएम के बाद ही डिविडेंड का भुगतान किया जाएगा। बैंक ऑफ बड़ौदा ने डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट भी तय कर दी है। 6 जून 2025 को जो निवेशक बैंक के शेयर अपने पास रखेंगे, उन्हें ही यह डिविडेंड मिलेगा। यानी अगर आपने बैंक के शेयर 6 जून तक खरीदे हैं और वो आपके डीमैट खाते में हैं, तो आप इस डिविडेंड के हकदार होंगे।




**होम लोन की ब्याज दरें, नई दरें 8 फीसदी प्रति वर्ष से शुरू :** बैंक ऑफ बड़ौदा ने होम लोन ब्याज दरें अब 8 फीसदी प्रति वर्ष (पहले 8.40 फीसदी प्रति वर्ष) से शुरू होंगी। ये दरें नए होम लोन और होम इमप्रूवमेंट लोन पर लागू होंगी। दरें उधारकर्ता के क्रेडिट स्कोर से लिंक्डहैं और15 लाख रुपए और उससे अधिक के ऋण पर लागू होंगी। बैंक ने रेपो रेट से लिंक्ड ऋणवाले अपने मौजूदा उधारकर्ताओं को रेपो रेट में कटौती का लाभ पहले ही दे दिया है।

### अर्बन कंपनी ने 1900 करोड़ जुटाने दाखिल किया डीआरएचपी

**मुंबई।** टेक्नोलॉजी-आधारित, फुल-स्टैक ऑनलाइन सेवा बाजार संचालित करने वाली कंपनी अर्बन कंपनी लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। कंपनी का लक्ष्य प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से 1900 करोड़ रुपए जुटाना है, जिसमें 1 अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों की पेशकश की जाएगी। इस ऑफर में 4290 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का ताजा इश्यू और विक्रय शेयरधारकों द्वारा 1471 करोड़ तक के शेयरों की बिक्री का ऑफर शामिल है।

## *पावर एंड इंस्ट्रुमेंटेशन ने किया 21.41 करोड़ का ईपीसी कॉन्ट्रैक्ट हासिल*

**मुंबई।** पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड को न्याती इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड से एक महत्वपूर्ण ऑर्डर प्राप्त हुआ है। यह ऑर्डर 21.41 करोड़ रुपए मूल्य का है और इसके तहत राजस्थान के उदयपुर एयर टर्मिनल पर पावर सप्लाई सिस्टम के डिजाइन, सप्लाई, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग, कमीशनिंग और क्लाइंट हैंडओवर का कार्य शामिल है । इस 21.41 करोड़ मूल्य के ऑर्डर में पावर सप्लाई सिस्टम की विस्तृत इंजीनियरिंग और डिजाइन, सभी आवश्यक इलेक्ट्रिकल उपकरणों की आपूर्ति तथा अंतिम रूप से क्लाइंट को पूरी तरह से तैयार सिस्टम सौंपना शामिल है।

#### पावर इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराया

यह अनुबंध पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड के लिए एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो हवाई अड्डों के लिए टर्नकी ईपीसी समाधान प्रदान करने की उसकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह उपलब्धि पीआईजीएल की उस सिद्ध विशेषज्ञता को और मजबूत करती है, जिसके तहत कंपनी ने हमेशा विमानन क्षेत्र के लिए मिशन-क्रिटिकल पावर इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराया है ।

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

**ई- नीलामी विक्रय सूचना**

SCAN HERE For detailed terms & conditions.

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8 (6) का परन्तुक देखें ]

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियाँ जो बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **कब्जा** बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्न वर्णित ऋणियों से बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार की निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा बेची जाएगी।

| क्र. | शाखा/ऋणी/ जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | चल एवं अचल संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि | ई-नीलामी की दिनांक एवं समय | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| | **बैंक ऑफ बड़ौदा, रेलवे सोसायटी अरेरा कालोनी शाखा : भोपाल** | | | | |
| 1 | ऋणी- (1) **मेसर्स नारायण टेंट एंड कैटरिंग** प्रोपराइटर- श्री गणेश प्रसाद सेन, (2) **श्री गणेश प्रसाद सेन,** जमानतदार : (1) **श्रीमती मणि बेन पटेल पत्नि स्व. श्री के.बी. पटेल** (2) **श्री महेश राणावत** | **फ्लैट नं. 2, तीसरी मंजिल, मोहिनी रेजीडेंसी, प्लॉट नंबर 234, 'सी' सेक्टर, बीडीए स्कीम, इंद्रपुरी, भोपाल (म.प्र.)** क्षेत्रफल- 400 वर्गफिट चर्तुसीमाएं- दक्षिण- प्लॉट नंबर 239, 'सी' सेक्टर, पूर्व- तृतीय तल पर फ्लैट नं. 1, पश्चिम- प्लाट नं. 233 ''सी'' सेक्टर, उत्तर- कॉमन (पैसेज) संपत्ति मालिक- श्रीमती मणी पटेल **सांकेतिक कब्जा** | ₹ 8,00,000/- / ₹ 80,000/- / ₹ 10,000/- | 22-05-2025 दोपहर 2.00 बजे से 6.00 बजे तक | 09/06/2023 / 06/09/2023 / ₹ 8,86,812.99 + ब्याज एवं अन्य खर्च |
| 2 | ऋणी- **श्री विजेश सिंह राठौर पुत्र हरिसिंह राठौर एवं श्रीमती रक्षा राठौर पत्नि श्री विजेश सिंह राठौर** | **बंधक संपत्ति फ्लैट नं. ईडब्ल्यूएस-101, ब्लॉक ए-5, कैनाल किंशिप, वार्ड नं. 83, सलैया, भोपाल - 462026** संपत्ति मालिक- श्री विजेश सिंह राठौर और श्रीमती रक्षा राठौर, चर्तुसीमाएँ : पूर्वः फ्लैट नं.102, पश्चिमः कॉरिडोर, उत्तरः सड़क, दक्षिणः सड़क **सांकेतिक कब्जा** | ₹ 12,00,000/- / ₹ 1,20,000/- / ₹ 10,000/- | 22-05-2025 दोपहर 2.00 बजे से 6.00 बजे तक | 10/10/2024 / 13/01/2025 / ₹ 11,23,008.26/- + ब्याज एवं अन्य खर्च |

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट https:// www.bankofbaroda.in / e-auction.htm एवं http://BAANKNET.com देखें। इच्छुक निविदाकर्ता प्राधिकृत अधिकारी उपरोक्त तालिका में वर्णित दूरभाष क्रमांक पर सम्पर्क कर सकते हैं।

कृपया ध्यान दें - किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए बैंक की वेबसाइट http://BAANKNET.com पर दर्ज विवरण ही मान्य होगा।

तारीख : 06.05.2025, स्थानः भोपाल — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

## चिंतन

# सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों के लिए कैशलेस योजना वरदान

देश में सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को निर्दिष्ट अस्पतालों में पहले सात दिन के लिए डेढ़ लाख रुपये तक के कैशलेस उपचार की सुविधा मानव सुरक्षा के लिहाज से जनकल्याणकारी कदम है। विश्व में सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं भारत में होती हैं। तमाम सरकारी प्रयासों के बावजूद सड़क हादसे कम नहीं हो रहे हैं, ये सालाना स्तर पर प्रति वर्ष करीब 12 फीसदी की दर से बढ़ रहे हैं। प्रति वर्ष औसत 4.5 लाख से अधिक सड़क हादसे हो रहे हैं। इनमें करीब दो लाख लोगों की अकाल मृत्यु हो जाती है और करीब 4.5 लाख लोग घायल हो जाते हैं। मौतों में 9 फीसदी व घायलों में 15 फीसदी की बढ़ोत्तरी दर्ज हो रही है। सड़क दुर्घटना के बाद अगर पीड़ितों को जल्द अस्पताल पहुंचा दिया जाय तो हजारों लोगों को मौत से और लाखों लोगों को अपंग होने से बचाया जा सकता है। देखा गया है कि सड़क दुर्घटना के सबसे अधिक शिकार परिवार के कामकाजी व युवा होते हैं। इसलिए हादसे का समाज पर आर्थिक असर गहरा है। ऐसे में पांच मई से लागू सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार योजना घायलों की जीवनरक्षा के लिए वरदान साबित होगी। अक्सर देखा जाता है कि पैसे के चलते अस्पताल इलाज करने में आनाकानी करते हैं। सड़क हादसे के पीड़ितों के लिए नकदी रहित इलाज योजना व्यापक प्रभाव पैदा करेगी। इस योजना का उद्देश्य समय पर चिकित्सा सहायता न मिलने के कारण हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या को कम करना है और पीड़ितों को संभावित स्थाई अपंगता से बचाना है। देशभर में किसी भी सड़क पर मोटर वाहन से दुर्घटना का शिकार होने वाला कोई भी व्यक्ति इस योजना के प्रावधानों के अनुसार कैशलेस उपचार का हकदार होगा। इस योजना के अंतर्गत निर्दिष्ट अस्पताल के अलावा किसी अन्य अस्पताल में उपचार केवल पीड़ित की हालत स्थिर करने के उद्देश्य से और दिशानिर्देशों के अनुसार ही होगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) को पुलिस, अस्पतालों और राज्य स्वास्थ्य एजेंसियों के साथ समन्वय कार्यक्रम के लिए कार्यान्वयन एजेंसी बनाया गया है। राज्य सड़क सुरक्षा परिषद उस राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के लिए योजना के कार्यान्वयन के लिए नोडल एजेंसी होगी और निर्दिष्ट अस्पतालों को शामिल करने, पीड़ितों के उपचार, उपचार पर निर्दिष्ट अस्पताल को भुगतान एवं संबंधित मामलों के लिए पोर्टल को अपनाने तथा उपयोग के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के साथ समन्वय करने को लेकर जिम्मेदार होगी। सरकार ने योजना के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए सड़क सचिव के अधीन 11 सदस्यीय एक संचालन समिति भी गठित की है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 14 मार्च, 2024 को सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कैशलेस उपचार प्रदान करने के लिए चंडीगढ़ में एक पायलट कार्यक्रम शुरू किया था, जिसे बाद में छह राज्यों तक विस्तारित किया गया। हाल में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा था कि वर्ष 2023 में 4.80 लाख सड़क दुर्घटनाओं में 1.72 लाख लोगों की मौत हो गई। देश में 5 साल में सड़क हादसों में 7.77 लाख मौतें हुई हैं। वर्ष 2021 तक एक दशक में करीब 13 लाख से अधिक लोगों की मृत्यु सड़क हादसे में हुई व 50 लाख लोग घायल हुए थे। सरकार ने वर्ष 2024 तक सड़क हादसे में 50 फीसदी कमी लाने का लक्ष्य रखा था, पर यह नहीं हो सका। देर से ही सही, पर सरकार जागी है और हादसे पीड़ितों के इलाज के लिए कैश्लेस योजना लेकर आई, लेकिन इस योजना के दुरूपयोग को रोकने के उपाय भी सुनिश्चित करने होंगे।



विश्लेषण
कृष्ण प्रताप सिंह

# भारत से दुश्मनी पाक के डीएनए में

भारत से दुश्मनी पाकिस्तान के डीएनए में शामिल है और इस दुश्मनी का अक्लमंदी से विलोम सम्बन्ध है। तभी तो उसके लिए इशारा तो क्या, वह 'सीख' भी काफी नहीं सिद्ध हो पा रही, जो उसके राष्ट्रपति (सदर) फील्ड मार्शल अयूब खां ने भारत से 1965 के युद्ध में तब दी थी, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के नेतृत्व में भारत ने उन्हें दिन में तारे दिखाते हुए अपनी सेनाएं लाहौर तक पहुंचा दी थीं। भारत पर नाहक हमले के अपने दुस्साहस का ऐसा जवाब पाकर अयूब खां ने अपने मंत्रियों से कहा था कि मैं पाकिस्तान 50 लाख कश्मीरियों के लिए 10 करोड़ पाकिस्तानियों की ज़िंदगी कभी ख़तरे में नहीं डालेगा, लेकिन पाक तभी से इसे समझने से लगातार इनकार करता रहा है।

कहावत है कि अक्लमंद के लिए इशारा काफी होता है, लेकिन यह कहावत जैसे पाकिस्तान पर लागू नहीं होती। इसलिए कि भारत से दुश्मनी उसके डीएनए में शामिल है और इस दुश्मनी का अक्लमंदी से विलोम सम्बन्ध है। तभी तो उसके लिए इशारा तो क्या, वह 'सीख' भी काफी नहीं सिद्ध हो पा रही, जो उसके राष्ट्रपति (सदर) फील्ड मार्शल अयूब खां ने भारत से 1965 के युद्ध में तब दी थी, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के नेतृत्व में भारत ने उन्हें दिन में तारे दिखाते हुए अपनी सेनाएं लाहौर तक पहुंचा दी थीं। भारत पर नाहक हमले के अपने दुस्साहस का ऐसा जवाब पाकर अयूब खां की घिग्घी कुछ इस तरह बंध गई थी कि वे अपने मंत्रिमंडल की बैठक में भी उसका बंधना नहीं भुला पाये थे। तब उन्होंने अपने मंत्रियों से कहा था कि मैं चाहता हूँ कि यह समझ लिया जाए कि पाकिस्तान 50 लाख कश्मीरियों के लिए 10 करोड़ पाकिस्तानियों की ज़िंदगी कभी ख़तरे में नहीं डालेगा...कभी नहीं। लेकिन पाकिस्तान तभी से इसे समझने से लगातार इनकार करता रहा है।

दरअसल, 22 दिनों के उस युद्ध में पाकिस्तान के 3,800 सैनिक मारे गए थे और भारत ने उसके 1840 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्ज़ा कर लिया था। अयूब के लिए यह कब्जा सर्वथा अकल्पनीय था क्योंकि हमले से पहले उन्होंने सोचा था कि जो भारत अभी तीन साल पहले चीन से लड़कर बुरी तरह मुंह की खा और भारी नुक़सान उठा चुका है, उसका मनोबल इतना कम होगा कि पाकिस्तान के सामने दो दिन भी मुश्किल से टिक पायेगा। अयूब लाल बहादुर शास्त्री के ठिगने कद को लेकर प्रायः उनका मजाक उड़ाया करते और कहा करते थे कि यह आदमी तो बात करने लायक ही नहीं है। इसीलिए उन्होंने हमले से पहले प्रस्तावित अपनी दिल्ली यात्रा रद कर दी थी और शास्त्री जी पाकिस्तान गये तो उनका यथोचित आदर भी नहीं किया था। वे इस गुमान में फूले हुए थे कि उनके हमले के बाद शास्त्री भारत की सेनाओं को अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कराने या उनसे लाहौर की तरफ नया मोर्चा खुलवाने का सपना तक नहीं देख पायेंगे, जबकि पाक चहलकदमी करते हुए दिल्ली पहुंच जायेगा। दरअसल, 1947-48 के प्रथम जम्मू-कश्मीर युद्ध में अयूब का देश गिलगिट व बाल्टिस्तान समेत कश्मीर के लगभग एक तिहाई हिस्से पर कब्जा जमाकर उसे बरकरार रखने में कामयाब हो गया था, क्योंकि 01 जनवरी,1949 को संयुक्त राष्ट्र संघ का युद्धविराम प्रस्ताव औपचारिक तौर पर लागू होने तक भारत की सेनाएं वहां से उसे खदेड़ नहीं पाई थीं। जहां तक खदेड़ पाई थी, संयुक्त राष्ट्र संघ ने वहीं तक भारत की नियंत्रण रेखा बना दी थी। यह और बात है कि अपने हजारों सैनिक खोकर पाक को इस कब्जे की बड़ी क़ीमत चुकानी पड़ी थी। अयूब को लगता था कि 1965 में पाक सेनाएं कहीं ज्यादा तेजी से भारतीय इलाके पर कब्ज़ा कर लेंगी और भारत के उनको पीछे हटा पाने से पहले ही युद्धविराम के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ जायेगा और एक नई वास्तविक नियंत्रण रेखा बन जायेगी। लेकिन जिन शास्त्री जी को वे सटियाते नहीं थे, उनके द्वारा युद्ध के दौरान निष्कंप भाव से और तेजी से लिये गये फ़ैसलों ने अंततः अयूब को नानी याद दिला दी। शास्त्री जी ने भारतीय सेनाओं से कहा कि वे देश की रक्षा के लिए कुछ



भी उठा न रखें और उन्हें सिर्फ यह बतायें कि इसके लिए उन्हें क्या-क्या चाहिए। उनकी इस सदाशयता के उत्साह से भरी भारतीय सेना ने छह सितंबर,1965 की सुबह अमृतसर के रास्ते पाकिस्तानी पंजाब में घुसकर लाहौर तक पहुंचने का अपना अभियान शुरू किया तो दुश्मन को उसकी भनक तक नहीं लगने दी और कुछ ही घंटों में डोगराई के उत्तर में बड़े क्षेत्र पर क़ब्ज़ा कर इच्छोगिल नहर को पार कर लिया। अयूब ख़ां को इसकी खबर हुई तो उनकी आंखों के आगे अंधेरा छाने लगा। उन्होंने आईएसआई के प्रमुख ब्रिगेडियर रियाज़ हुसैन को फ़ोन किया तो पाया कि इस बाबत उन्हें कोई जानकारी ही नहीं थी। बहरहाल, इसके बाद मजाक उड़ाने की बारी शास्त्री जी की थी। 26 सितंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान पर एक सभा में उन्होंने कहा, 'सदर अयूब ने एलान किया था कि वे दिल्ली तक चहलक़दमी करते हुए पहुंच जाएंगे। वो इतने बड़े आदमी हैं, लहीम-शहीम हैं। मैंने सोचा कि उनको दिल्ली तक पैदल चलने की तकलीफ़ क्यों दी जाए। हम ही लाहौर की तरफ़ बढ़कर उनका इस्तक़बाल करें।' यह तो सुविदित ही है कि बाद में ताशकंद में वार्ता की मेज पर अयूब ने गिड़गिड़ाते हुए शास्त्री जी से कहा कि समझौते में कुछ तो ऐसा कर दें, जिससे बेचारे पाकिस्तान जाकर मुंह दिखा सकें। शास्त्री जी ने कहा कि माफ कीजिए, सदर साहब, मैं आपकी यह सेवा नहीं कर सकता। यों धूल चाटने के बावजूद पाकिस्तान को नहीं सुधरना था और वह नहीं सुधरा। 1971 में पूर्वी पाकिस्तान (अब बंग्लादेश) के साथ अपने अंतर्विरोध नहीं सुलझा सका तो वहां भीषण कत्लोगारत के बाद तीन दिसम्बर, 1971 को खुन्नस में भारत पर एक और हमला कर दिया। फिर तो उसकी ऐसी शामत आई कि 16 दिसम्बर, 1971 को ढाका में जनरल अमीर अब्दुल्ला खान नियाजी के नेतृत्व में उसके 93 हजार से ज्यादा शस्त्र सज्जित सैनिकों को घुटनों के बल आकर आत्मसमर्पण कर देना पड़ा। दुनिया के इतिहास में अन्य किसी भी युद्ध में इतनी बड़ी संख्या में सैनिकों ने आत्मसमर्पण नहीं किया। वह भी जब उनके पास गोला-बारूद, हथियारों और रसद की कोई कमी नहीं थी। इस युद्ध के फलस्वरूप पाकिस्तान दो टुकड़ों में बंट गया। उसका पूर्वी हिस्सा बंगलादेश नाम से नया राष्ट्र बन गया। अनंतर, उसने कुटिलतापूर्वक भारत में आतंकवाद को प्रश्रय देने और उसके जरिये छद्म युद्ध लड़ने का रास्ता अपना लिया। फ़रवरी, 1999 में उसने दोहरी चाल चलकर एक ओर भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को लाहौर बुलाकर दोनों देशों के बीच नए रिश्ते की शुरुआत का समझौता किया, तो दूसरी ओर कश्मीर में कारगिल की पहाड़ियों पर अपने सैनिकों की घुसपैठ करा दी। इस युद्ध में बुरी तरह हार के बाद नवाज शरीफ सरकार का तख्ता पलट हो गया और सेनाध्यक्ष परवेज मुशर्रफ ने सत्ता अपने हाथ में ले ली। पाकिस्तान की बार-बार हारकर भी न सुधरने की प्रवृत्ति की कोई भी कहानी उसके विदेशमंत्री, प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति रहे जुल्फिकार अली भुट्टो के जिक्र के बगैर पूरी नहीं हो सकती। जब 1974 में भारत ने पोखरन में पहला परमाणु परीक्षण किया तो उन्हें फिर बहुत मिर्ची लगी। तब प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी घास खाकर गुजर कर लेंगे, लेकिन परमाणु बम बनाएंगे। लेकिन इससे पहले कि वे अपना यह 'सपना' पूरा कर पाते उनके सेना प्रमुख जनरल जिया-उल-हक ने उनको सत्ता से बेदखल कर दिया और एक राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी की हत्या के मामले में उन पर मुकदमा चलाकर 4 अप्रैल, 1979 को फांसी पर लटका दिया। अब, इस सबसे कोई सबक लिये बिना भुट्टो के नाती बिलावल भुट्टो जरदारी, भारत द्वारा सिंधु नदी जल समझौते को निलंबित करने से चिढ़कर कह रहे हैं कि सिंधु में पानी बहेगा या उनका (भारतीयों का) खून। यह तो हद है भाई।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## सोशल मीडिया
सुनील कुमार महला




# ट्रोलर्स दूसरों की निजता व गरिमा का भी ख्याल रखें

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हमले में अपने पति, भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल को खोने वाली हिमांशी नरवाल को हाल ही में ट्रोलर्स ने निशाना बनाया। दरअसल, वह लगातार शांति की अपील कर रही थी और उन्होंने पत्रकारों के सामने यह बात कही थी कि-'हम नहीं चाहते कि लोग मुसलमानों या कश्मीरियों के ख़िलाफ़ जाएं। हम शांति चाहते हैं और केवल शांति। बेशक, हम न्याय चाहते हैं, जिन्होंने ग़लत किया है उन्हें सज़ा मिलनी चाहिए।' यह बहुत ही अफसोसजनक है कि मुसलमानों या कश्मीरियों के खिलाफ नफरत न फैलाने की अपील करने वाली हिमांशी नरवाल को ट्रोलर्स द्वारा निशाना बनाया गया और उन पर अभद्र टिप्पणियां की गईं, यहां तक कि उन्हें हिंसा की धमकियां भी दी गईं। हिमांशी नरवाल ही नहीं, एक बच्ची से दरिंदगी के खिलाफ सड़क पर उतरे लोगों की मर्यादाहीन भाषा पर एतराज जताने वाली शैला नेगी को भी अभद्र टिप्पणियों और धमकियों का सामना करना पड़ा। यहां पाठकों को यह बताता चलूं कि नैनीताल में मचे बवाल (मुस्लिमों को गाली दे रहे प्रदर्शनकारियों से भिड़ने पर) के बीच एक स्थानीय महिला शैला नेगी का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ। वीडियो के वायरल होने के बाद शैला नेगी को रेप तक की धमकी दी गई। बहरहाल, इससे बड़ी बात भला और क्या हो सकती है कि सोशल मीडिया आज धमकियों का प्लेटफार्म बन चुका है। वास्तव में, सोशल मीडिया पर आज किसी को भी ट्रोल करना, किसी व्यक्ति विशेष पर ऊल-जलूल और अभद्र टिप्पणियां करना, धमकियां देना, जो भी मन में आए वह कंटेंट डाल देना जैसी बातें आम हो चली हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज के समय में हम पाश्चात्य संस्कृति में जीने लगे हैं और भारतीय संस्कृति और इसके नैतिक मूल्यों, आदर्शों और प्रतिमानों को लगातार भूलते चले जा रहे हैं। सच तो यह है कि सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के साथ ही आज हमारे समाज से नैतिक मूल्यों में निरंतर गिरावट देखी जा रही है। आज सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से लोगों में सहानुभूति की कमी, साइबर बुलिंग (बिना किसी डर के दूसरों को निशाना बनाना) और व्यक्तिगत जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। लोग अब अपनी निजता का सम्मान नहीं करते हैं और दूसरों की भावनाओं की बिल्कुल भी परवाह नहीं करते हैं कि वे एक सार्वजनिक मंच पर क्या कह रहे हैं और वास्तव में उन्हें क्या कहना चाहिए और क्या नहीं कहना चाहिए तथा इसका समाज और देश पर क्या और किस कदर प्रभाव पड़ सकता है? वास्तव में होना तो यह चाहिए कि सोशल मीडिया पर हम दूसरों के प्रति सम्मान और सहानुभूति दिखाएं, और उनके विचारों का सम्मान करें। सोशल मीडिया पर ग़लत सूचनाओं, जानकारी को शेयर ना करें और सोशल मीडिया पर अपने समय को सीमित करते हुए हम व्यक्तिगत जीवन को प्राथमिकता दें। आज ट्रोलर्स सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर ऐसा बर्ताव करते हैं, जिसके सामने कोई नियम-कायदा, नैतिकता या मर्यादा नहीं टिकती। हिमांशी नरवाल और शैला नेगी इसी ट्रेंड का शिकार हुई। वास्तव में ट्रोलर्स को अपनी बात रखने, अपनी अभिव्यक्ति देने की अपनी आजादी तो नजर आती है, लेकिन इस दौरान उन्हें सामने वाले के अधिकार और उसकी गरिमा, नैतिकता आदि का ध्यान नहीं रहता। यह बात ठीक है कि किसी व्यक्ति विशेष की बातों से सहमत या असहमत हुआ जा सकता है, लेकिन इसे व्यक्त करने का तरीका शालीन, सभ्य व नैतिकता को ध्यान में रखने वाला होना चाहिए। वास्तव में सोशल मीडिया पर कंटेंट जानकारी परक, अच्छा, प्रासंगिक, विशिष्ट, मर्यादित होना चाहिए। कहना ग़लत नहीं होगा कि सोशल मीडिया पर अमर्यादित और अभद्र भाषा का इस्तेमाल तो बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। हमें यह याद रखना चाहिए कि सोशल मीडिया का दायरा बहुत ही व्यापक है और जब हम कोई बात ऐसे मंच पर कहते हैं तो यह बहुत दूर तक जाती है। इसलिए सोशल मीडिया इस्तेमाल करते समय इसके प्रभाव और पहुंच को लेकर हमेशा सतर्क व पूर्ण जागरूक रहना चाहिए। ऐसा भी नहीं है कि हिमांशी नरवाल और शैला नेगी को सोशल मीडिया पर सपोर्ट करने वाले लोग नहीं हैं लेकिन दुखद बात यह है कि ग़लत चीजों को सपोर्ट करने वाले लोग आज कहीं अधिक नजर आते हैं। आज जरूरत इस बात की है कि सोशल मीडिया के सही उपयोग पर गाइडलाइंस बनाईं जाएं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को अपनी सामग्री पर निगरानी रखने और गलत सूचना को रोकने के लिए कदम उठाने चाहिए। वहीं,आम आदमी को भी चाहिए कि वे सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं को समझें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## कैसे चेतना को विस्तृत करता है योग?



संकलित
दर्शन

योग के आठ अंग हैं और उनमें से मात्र एक अंग है शारीरिक मुद्राएं या आसन। योग मात्र व्यायाम नहीं है, इसमें मुख्य बात मन की समरसता को बनाए रखना है। जब आप कोई भी कार्य सजगता से करते हैं, तब आप इस बात के प्रति सजग होते हैं कि आप क्या कह रहे हैं। यही आपको योगी बनाता है। योग के प्रतिपादक पतंजलि ने बताया है कि योग का उद्देश्य दुख को आने से पहले ही दूर कर देना है। लालच, क्रोध, जलन, घृणा, निराशा आदि नकारात्मक भावनाओं को योग से मिटाया जा सकता है। जब आप खुश होते हैं, तब आप अपने भीतर एक विस्तार की भावना का अनुभव करते हैं। विफलता या अपमान की स्थिति में लगता है कि हमारे भीतर कुछ सिकुड़ गया है। इस पर ध्यान देना ही योग है, जिसका हमारे खुश हो जाने पर विस्तार होता है और जो हमारे दुखी हो जाने पर सिकुड़ जाता है। मन की इस स्थिति को परिवर्तित करने का रहस्य योग में है। यह आपको स्वतंत्र बनाता है। अपनी ही भावनाओं के द्वारा पीड़ित होने के बजाय आप जिस समय जैसा महसूस करना चाहते हैं, योग उसके लिए आपको शक्ति प्रदान करता है। योग निश्चित रूप से आपको अधिक जिम्मेदार बनाता है, क्योंकि योग से आपके भीतर ऊर्जा एवं उत्साह उत्पन्न होता है। आप तब जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते हैं, जब आप थके हुए और तनावग्रस्त होते हैं। यदि आपने अपनी थकान और तनाव को संभाल लिया, तब आप निश्चित रूप से अधिक जिम्मेदारी उठाएंगे और आपके भीतर हल्कापन भी बना रहेगा।

## तुलसीदास जी द्वारा श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित
प्रेरणा

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक बार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहाः उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहाः आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान् के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहाः ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान् के दर्शन हो जायेंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछाः पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोलाः तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान् श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहाः क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोलाः जी हाँ ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूलपर कूद पडा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गये। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

## अनावरण



वेलागापुड़ी। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने वेलागापुड़ी में पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की प्रतिमा का अनावरण किया।

## आज की पाती


### क्या किसी की भूख की तस्वीर लेना जायज है?

आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहां इनसानियत, परोपकार और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहां 'नेकी कर दरिया में डाल' की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर 'नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल' हो चुकी है। भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है। किन्तु आज के समय में यह गुण मंच पर आ चुका है- एक ऐसा मंच जहां तालियां हैं, टिप्पणियां हैं, और सबसे ज़रूरी, एक कैमरा है जो हर क्षण को 'दृश्य' बनाता है। एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे उसे कुछ खाने को दे जाते थे। लेकिन अब किसी की भूख बुझाने की भी तस्वीरें ली जा रही हैं। *- प्रणय शर्मा, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# कनाडा से अलग होने के लिए जनमत संग्रह का प्रस्ताव


कनाडा में अल्बर्टा प्रांत की प्रमुख ने सोमवार को कहा कि अगर नागरिकों द्वारा प्रस्तुत अर्जी पर अपेक्षित संख्या में लोगों के हस्ताक्षर सामने आते हैं तो वह अगले वर्ष कनाडा से अलग होने के मुद्दे पर जनमत संग्रह कराएंगी। सोशल मीडिया पर अपने 'लाइवस्ट्रीम' संबोधन में डैनियल स्मिथ ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से इस प्रांत के कनाडा से अलग होने का समर्थन नहीं करती हैं और उन्होंने एकजुट कनाडा के भीतर एक मजबूत और संप्रभु अल्बर्टा के लिए 'बेहतर भविष्य' की आशा व्यक्त की। उन्होंने कहा, 'चाहे जो भी वजह हो क्या कनाडा को हमारे प्रांत पर हमला करना जारी रखना चाहिए जैसा कि बीते कुछ दशक में किया गया है, आखिरकार यह अल्बर्टावासियों को तय करना होगा।' उन्होंने कहा, 'मैं उनके (लोगों के) निर्णय को स्वीकार करूंगी।' स्मिथ की घोषणा प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी के लगातार चौथी बार संघीय सरकार बनाने के एक सप्ताह बाद आई है। यह ऐसे वक्त में भी हुआ है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार कनाडा पर शुल्क लगाने की धमकी दे रहे हैं तथा देश (कनाडा) को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की बात करते हैं।



## ऑफ बीट

# बुध ग्रह अभी भी सिकुड़ता जा रहा

ग्रह वैज्ञानिक लंबे समय से जानते हैं कि बुध अरबों वर्षों से सिकुड़ रहा है। सूर्य के सबसे निकट ग्रह होने के बावजूद, आंतरिक गर्मी निकल जाने के कारण इसका आंतरिक भाग ठंडा होता जा रहा है। इसका मतलब यह है कि जिस चट्टान (और, उसके भीतर, धातु) से यह बना है, उसका आयतन थोड़ा सिकुड़ता जा रहा है। हालाँकि, यह अज्ञात है कि ग्रह आज भी किस हद तक सिकुड़ रहा है – और, यदि यह वाकई सिकुड़ रहा है, तो यह भी कोई नहीं जानता कि यह प्रक्रिया कितने समय तक जारी रहने की संभावना है। चूँकि बुध का आंतरिक भाग सिकुड़ रहा है, इसकी सतह (परत) के पास ढकने के लिए उत्तरोत्तर कम क्षेत्र रह गया है। यह 'दबाव थ्रस्ट' विकसित करके इसका जवाब देता है – जहां क्षेत्र का एक भाग निकटवर्ती इलाके पर धकेल दिया जाता है। यह सेब के पुराने होने पर उस पर पड़ने वाली झुर्रियों की तरह है, फर्क सिर्फ इतना है कि एक सेब इसलिए सिकुड़ जाता है क्योंकि वह सूख रहा है जबकि बुध अपने आंतरिक भाग के तापीय संकुचन के कारण सिकुड़ रहा है। बुध के सिकुड़ने का पहला सबूत 1974 में सामने आया जब मेरिनर 10 मिशन ने सैकड़ों किलोमीटर तक अपना रास्ता बना चुकी कई किलोमीटर ऊंची स्कार्पियों (रैंप जैसी ढलानों) की तस्वीरें प्रसारित कीं।



## X ट्रेंड f

### अपूरणीय आध्यात्मिक क्षति



चंबल अंचल के सिद्ध संत, परम पूज्य श्री श्री 1008 माखनदास जी महाराज के ब्रह्मलीन होने का दुःखद समाचार मिला। महाराज जी ने अपनी तपस्या, सेवा और भक्ति से लाखों लोगों को प्रभु-मार्ग की ओर प्रेरित किया। उनका विछोह अंचल के लिए एक अपूरणीय आध्यात्मिक क्षति है।
-ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय संचार मंत्री

### डिजिटलीकरण परियोजना



एनएआई ने ऐतिहासिक दस्तावेजों के डिजिटलीकृत पन्नों की 10 करोड़ की संख्या को पार कर लिया है। डिजिटलीकरण परियोजना का उद्देश्य इस संस्थान के पास मौजूद ऐतिहासिक दस्तावेजों को जनता के लिए और अधिक सुलभ बनाना है।
-गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय संस्कृति मंत्री

### हमें एकजुट रहना है



पहलगाम हमले में शहीद हुए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के शोकाकुल परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। अपार दुख में भी उनका हौसला और साहस देश के लिए एक संदेश है - हमें एकजुट रहना है।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### हॉलीवुड को प्रोत्साहन



राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा अमेरिका में आयात की जाने वाली सभी फिल्मों पर 100% टैरिफ लगाने से हॉलीवुड को अमेरिका से बाहर जाने के लिए प्रोत्साहन मिल सकता है! जो उन्होंने इरादा किया था, उसके विपरीत।
-शेखर कपूर, फिल्मकार

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### शांता बेलानी को नवीन शोध के लिए मिला पेटेंट



**संतनगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की रसायन विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. शांता बेलानी को उनके अनुसंधान कार्यबर्लेरिया प्रियोनाइटिस के पत्तों से बेंजब्रोमारोन और सर्सिमारिटिन यौगिकों के मूत्रवर्धक गुण तथा निष्कर्षण की विधि पर पेटेंट प्रदान किया गया है। उनका यह अनुसंधान बर्लेरिया प्रियोनाइटिस नामक पारंपरिक औषधीय पौधे से प्रभावशाली मूत्रवर्धक यौगिकों की पहचान और निष्कर्षण पर आधारित है, जो शरीर में जल संचय जैसी स्थितियों के उपचार में उपयोगी सिद्ध हो सकता है। यह शोध प्राकृतिक उत्पाद रसायन और औषधीय विज्ञान का समन्वय करते हुए विज्ञान और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक नवीन योगदान प्रस्तुत करता है। डॉ. शांता बेलानी ने इस उपलब्धि पर कॉलेज की प्राचार्या एवं प्रबंधन समिति का आभार व्यक्त किया।

### भारती जनियानी को 'यंग सिस्टम लीडर्स' अवॉर्ड



**संतनगर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय की वरिष्ठ प्रबंधक भारती जनियानी को विगत दिवस काठमांडू, नेपाल में 'यंग सिस्टम लीडर्स अवॉर्ड -2025' से सम्मानित किया गया। भारती को यह अवॉर्ड नेत्र सुरक्षा के क्षेत्र में सामुदायिक नेत्र चिकित्सा सेवाओं के लिए अद्वितीय उपलब्धियां अर्जित करने के फलस्वरूप दिया गया है। भारती को यह अवॉर्ड इंटरनेशनल एजेंसी फॉर प्रिवेंशन ऑफ ब्लाइंडनेस (आईएपीबी) यूके लंदन द्वारा दिया गया। सुश्री भारती ने काठमाण्डू में अंधत्व नियंत्रण के क्षेत्र में लैंगिक समानता विषय पर अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि वेश्विक समुदायों में महिलाओं की सषक्त भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि सभी के लिए नेत्र स्वास्थ्य में स्थायी और सार्थक परिवर्तन लाने के लिये सभी वर्गों की महिलाओं को आगे आना होगा।

### शाहपुरा इलाके में झाड़ियों में मिला भ्रूण

**भोपाल।** शाहपुरा थाने के करीब झाड़ियों में एक भ्रूण मिलने का मामला सामने आया है। भ्रूण लगभग 3 महीने का बताया जा रहा है। फिलहाल इसे फेंकने वाले का कोई सुराग नहीं मिला है। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस को संदेह है कि गर्भपात के बाद भ्रूण को फेंका गया है। वहीं, पुलिस को भ्रूण की जानकारी रायसेन के एक युवक ने दी। सबसे पहले उसी ने भ्रूण को वहां से निकलते समय देखा। इसके बाद वह सूचना देने थाने पहुंचा। इधर, पुलिस का कहना है कि आसपास के अस्पतालों में हाल ही में भर्ती हुई गर्भवती महिलाओं की जानकारी निकाली जा रही है। वहीं रास्तों में लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। अभी इस मामले में कोई सुराग नहीं मिला है।

### 4 हजार की रिश्वत लेते महिला कर्मचारी गिरफ्तार

**भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस की जबलपुर यूनिट ने सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 कर्मचारी विनीता विलियम को 4 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मंगलवार की दोपहर लोकायुक्त की टीम ऑफिस में ही घूस ले रही इस महिला कर्मचारी को पकड़ने के बाद सर्किट हाउस-2 ले गई। शिकायतकर्ता राकेश विश्वकर्मा ने 1 मई को सीएमएचओ ऑफिस में आरटीआई से संबंधित जानकारी मांगी थी। 4 मई को विनीता ने राकेश को फोन करके जानकारी देने के एवज में 5 हजार रुपए की मांग की। बाद में सौदा 4 हजार में तय हो गया। राकेश ने इसकी शिकायत जबलपुर लोकायुक्त में की थी।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 9416 | | |
| दिन: | 479 | 04 | 112 |
| रात: | 770 | 44 | 257 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 790 | 68 | 378 |
| रात: | 359 | 78 | 170 |

# जमीनों के मामले में फर्जीवाड़े के सरगना पूर्व बिशप पीसी सिंह को ईओडब्ल्यू की टीम ने कर्नाटक से किया गिरफ्तार

**आरोपी के खिलाफ मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में 64 प्रकरण दर्ज एक आरोपी की तलाश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ईओडब्ल्यू की टीम ने पूर्व बिशप पीसी सिंह को 2.45 करोड़ के गबन के मामले में गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ देश के अलग-अलग राज्यों में 64 अपराध पंजीबद्ध हैं। ईओडब्ल्यू की टीम ने आरोपी को कर्नाटक से गिरफ्तार किया है।

विशप के खिलाफ ईओडब्ल्यू के अलावा ईडी लोकायुक्त सहित अन्य एजेंसिया भी पूर्व में प्रकरण दर्ज कर चुकी हैं। फिलहाल बिशप के साथ फर्जीवाड़े में शामिल एक और आरोपी की तलाश है।

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व बिशप जबलपुर डायोसिस पीसी सिंह और एनडीटीए के चेयरमैन पॉल दुपारे ने बार्स्लेय स्कूल कटनी की जमीन अधिग्रहण मामले में फर्जीवाड़ा किया है।

रेलवे ने स्कूल की 0.22 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण की है, लेकिन जमीन के बदले मिले 2,45,30,830 रुपए आरोपियों ने हड़प लिए।

**एनडीटीए के चेयरमैन के साथ मिलकर कूट रचित दस्तावेज किए तैयार**

### आधा दर्जन से अधिक राज्यों में फर्जीवाड़ा

आरोपी बिशप जबलपुर का शातिर एवं आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ मध्यप्रदेश सहित दिल्ली उत्तरप्रदेश राजस्थान महराष्ट्र छत्तीसगढ़, झारखंड, पंजाब, हरियाणा में प्रकरण दर्ज है। ईओडब्ल्यू जबलपुर की टीम आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है।



### ईडी भी कर चुकी पहले गिरफ्तार

2 वर्ष पूर्व आरोपी के खिलाफ जबलपुर के चर्च लैंड स्केम केस में ईडी भी मनी लॉड्रिंग का केस दर्ज कर चुकी है। वह सोसाइटी से मिलने वाली विदेश फंडिग का उपयोग खुद के नाम जमीन खरीदने में करता था। इस मामले में उसकी गिरफ्तारी भी हुई थी, लेकिन वह जमानत पर बाहर आ गया था। फिलहाल आरोपी लंबे समय से फरार था, जिसे ईओडब्ल्यू ने अपनी गिरफ्त में ले लिया।

### ईओडब्ल्यू की जांच में खुलासा

उल्लेखनीय है कि ईओडब्ल्यू की जांच में खुलासा हुआ था कि आरोपी पीसी सिंह ने चेयरमैन एनडीटीए पॉल दुपारे के साथ साजिश कर न्यायालय में कूट रचित दस्तावेज प्रस्तुत कर मुआवजा राशि 2,45,30,830 रुपए एनडीटीए के अधिकृत खातों की बजाय अन्य बैंक खातों में हस्तांतरित करा लिए हैं। उनके खिलाफ इस मामले में धारा 406, 420, 120बी भादंवि के तहत अपराध पंजीबद्ध है। ईओडब्ल्यू की जांच में यह भी पता चला है कि एनडीटीए के चेयरमेन पॉल दुपारे ने डायोसिस ऑफ जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में आने वाली संपत्तियों की देखरेख के लिए पॉवर ऑफ अटॉर्नी पूर्व बिशप पीसी सिंह को सौंप रखी थी। एनडीटीए चैरिटी कमिश्नर नागपुर के कार्यालय में बॉम्बे पब्लिक ट्रस्ट एक्ट के तहत पंजीकृत संस्था है। बिना चैरिटी कमिश्नर की अनुमति के ट्रस्ट की प्रॉपर्टी का विक्रय और मुआवजा राशि प्राप्त नहीं की जा सकती।

## बदमाश साद खान की तलाश में पहुंचा था गैंग के साथ जुबेर मौलाना

# कुख्यात बदमाश ने साथियों के साथ इंद्रा नगर छावनी में देर रात की फायरिंग, सहमे रहवासी

*बीते छह माह से दो मामलों में फरार चल रहा है जुबेर, 20 हजार रुपए का है इनाम*

*इनामी फरार बदमाश होने के बाद भी वह भोपाल में रहकर लगातार सक्रिय बना हुआ है*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लंबे समय से फरार चल रहे शहर के कुख्यात इनामी बदमाश जुबेर मौलाना ने सोमवार तड़के एक बार फिर से शहर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में फायरिंग करते हुए दहशत फैला दी है। कुछ देर के लिए रहवासी सहम गए। इस मामलों में दोनों थाना क्षेत्रों में अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए हैं। फिलहाल अब तक जुबैर और उसके साथियों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है। उल्लेखनीय है कि वह बीते छह माह से दो मामलों में फरार चल रहा है और उस पर 20 हजार रुपए का इनाम घोषित है। इनामी फरार बदमाश होने के बाद भी वह भोपाल में रहकर लगातार सक्रिय बना हुआ है।

पुलिस के मुताबिक ऐशबाग निवासी जुबैर मौलाना ने अपने गिरोह के सदस्यों के साथ मंगलवारा इलाके के छावनी में पहुंचकर



हिस्ट्रीशीटर बदमाश साद खान के घर दस्तक दी, जहां पर वह नहीं मिला तो आरोपियों ने दो तीन राउंड हवाई फायर किए। यही नहीं इस दौरान उसने वहां खड़े वाहनों में लाठी-डंडों से तोडफोड की है। यह वारदात उसने रात करीब तीन बजे के आसपास की है। गोली चलने की आवाज आते ही लोग घरों से बाहर निकल आए। इसके बाद जुबैर साथियों के साथ भाग गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि मौलाना अपने गुर्गों के साथ करीब पांच सात दोपहिया वाहनों से आया था। वहां से जाने के बाद वह सुबह करीब पौने छह बजे टीला इलाके के इंद्रानगर पहुंचा। वहां पर उसने साद के बहनोई फैसल के घर पहुंचा और वहां पर भी उसने तीन राउंड हवाई फायर किए और साथियों के साथ फरार हो गया। वहां पर वह तीन दो पहिया वाहनों से पहुंचा था। एक स्कूटी पर वह स्वंय था, जबकि दो स्कूटी पर उसके दो-दो गुर्गे बैठे हुए थे।

### सीसीटीवी फुटेज में हुआ कैद

वहां पर वह सीसीटीवी फुटेज में भी साथियों के साथ कैद हुआ है। दोनों वारदातों के दौरान मौलाना और उसके साथियों ने चेहरे पर कपड़ा बांध रखा था। पुलिस ने इस मामले में मौके पर मौजूद सोहेल पुत्र सईद की शिकायत पर जुबैर और उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। साद का चाचा पहले जुबैर के गिरोह में शामिल था। उधर, मंगलवारा पुलिस ने भी एक अन्य युवक की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस को भी मौके से एक सीसीटीवी फुटेज मिला है, जिसमें वह साथियों के साथ दोपहिया वाहनों से आता हुआ दिख रहा है।

### जुबैर से है पुराना विवाद

छावनी निवासी साद मंगलवारा इलाके का हिस्ट्रशीटर बदमाश है। वह कुछ माह पहले ही जेल से रिहा हुआ है। उसका पुराना विवाद जुबैर से चल रहा है। साद का चाचा पहले जुबैर के गिरोह में शामिल था। वह एक मामले में जेल में है। उसे सजा हो चुकी है। जुबैर चाहता है कि साद उसके गिरोह में शामिल हो जाए। साद इसके लिए तैयार नहीं है। बताया जा रहा है कि गोली कांड के पहले जुबैर की और साद के बीच आपस में वाट्सएप पर बहस भी हुई थी। दोनों ने एक दूसरे को धमकी भरे मैसेज भेजे और ऑडियो रिकॉर्ड कर भी भेजे हैं।

### बी. फार्मेसी के छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

निशातपुरा इलाके में फार्मेसी के एक छात्र ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक अरशान खान पिता जावेद उम्र 20 निवासी रसूल्ली एसआईआरटी कॉलेज में बी. फार्मेसी सेकंड इयर में था। वह रात में अपने भाई दानिश के साथ सोया था। इस दौरान दानिश किसी काम से ईंटखेड़ी चला गया। पिता जावेद ने रात करीब 1 बजे कमरे में जाकर देखा तो अरशान पंखे के कुंदे से लटका हुआ नजर आया। परिजन तत्काल उसे फंदे से उतारकर भोपाल मेमोरियल अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन वहां से शव को घर ले गए और डायल 100 को मामले की सूचना दी। एफआरवी के जवानों ने निशातपुरा थाने को मामले की जानकारी दी। थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस का कहना है कि आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। किसी प्रकार का सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। वहीं परिजनों का भी कहना है कि उसने कभी किसी परेशानी का जिक्र नहीं किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जनसुनवाई में 110 लोगों ने आवेदन देकर लगाई गुहार

# पटवारी ने दोबारा सीमांकन के लिए मांगे 50 हजार रुपए




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गांवों में जमीनों के सीमांकन, नामांतरण और बंटान को लेकर किसान परेशान हैं, जिसकी वजह से किसानों को तहसील दफ्तरों के चक्कर काटना पड़ रहे हैं। मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंची महिला किसान ने एडीएम अंकुर मेश्राम से मदद की गुहार लगाई। मामले की जांच बैरसिया एसडीएम आशुतोष शर्मा को सौंपी है। मंगलवार को जनसुनवाई में 110 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश किए।

रामबतीबाई पत्नी माधोसिंह निवासी ग्राम ऊंची ललोई बैरसिया ने शिकायत दर्ज कराई है कि ग्राम के पटवारी भगवत धनगर ने जमीन का गलत सीमाकंन कर दिया है, जिससे उसकी जमीन अब 2.56 एकड़ थी और अब एक एकड़ बची है। वह बंटान के नाम पर मुझसे 50 हजार रुपए की मांग कर रहा है। पीड़ित किसान का कहना है कि इसके पहले भी सीमांकन के लिए पटवारी को पचास हजार रुपए दिए गए थे। किसान का आरोप है कि पटवारी रामदयाल, कंचनबाई, रजनी बाई, हरीसिंह व महेश का साथ दे रहा है।

### मां को सता रहा बड़ा बेटा, मां ने लगाई गुहार

बुजुर्ग मां संगीता जैन पत्नी मनोज जैन निवासी पवन होम्स टूबा कॉलेज करोंद ने शिकायत दर्ज कराई है कि मेरा बड़ा बेटा सारांश जैन मेरे साथ अभद्र व्यवहार कर गाली-गलौज करता है। खर्च के लिए राशि भी नहीं देता। बुजुर्ग ने बताया कि मेरे पति का देहांत हो गया है। मैंने दोनों बेटों को मजूदरी करके भरण पोषण किया है। मेरे पैर के घुटने खराब हो जाने की वजह से ईलाज चल रहा है। मैं खुद ही मजदूरी करके अपना ईलाज करवा रही हूं। मेरा एक बेटा छोटा है, जो कि वर्तमान में पढाई कर रहा है। बड़े बेटे की प्रताड़ना की वजह से मेरा जीना मुश्किल हो गया है। मां ने बेटे पर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

### सरकारी जमीन पर कब्जा कर बनाए जा रहे बहुमंजिला भवन

बाग-ओ-बहार मैरिज गार्डन के पीछे रियाज मंजिल कंपाउंड के पास खानूगांव में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से बहुमंजिला भवन का निर्माण किया जा रहा है। मोहम्मद अरशद निवासी कोतवाली रोड नियर मस्जिद शकूर खां ने बताया कि खानूगांव निवासी रेहान नामक व्यक्ति ने सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बहुमंजिला भवन का निर्माण किया जा रहा है। जिसे तोड़ा जाना चाहिए। मामले की जांच नगर निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण को सौंपी गई है।

## 14 राज्यों में फैला रहा भगवान महावीर का संदेश

# अहिंसा पावापुरी रथ मंडीदीप पहुंचा श्रद्धालुओं ने पूजा कर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

भगवान महावीर स्वामी के 2550वें निर्वाण महोत्सव के अवसर पर एक विशेष अहिंसा रथ यात्रा का आयोजन किया गया है। यह रथ मंगलवार को औद्योगिक नगर पहुंचा। पटेल नगर स्थित श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर में श्रद्धालुओं ने रथ का स्वागत किया। यह रथ यात्रा आचार्य प्रज्ञसागर की प्रेरणा से शुरू की गई है। इसका संचालन भारत सरकार का संस्कृति मंत्रालय और भगवान महावीर निर्माण उत्सव समिति कर रहे हैं।

मंगलवार सुबह 6 बजे अशोक कुमार जैन द्वारा शांतिधारा और अभिषेक किया। इसमें बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबी शामिल हुए। रथ



में भगवान महावीर की काले पाषाण की दुर्लभ प्रतिमा विराजमान है। श्रद्धालुओं ने आरती, शांतिधारा, अभिषेक और पूजन करते हैं। यह यात्रा लोगों को जैन संस्कृति और दर्शन से जोड़ रही है। रथ यात्रा पिछले डेढ़ वर्ष से चल रही है। यह अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, संयम, ब्रह्मचर्य और श्जियो एवं जीने दोश जैसे जैन सिद्धांतों का संदेश दे रही है।

# बिशनखेड़ा फीडर हर दिन हो जाता है खराब, शहर की व्यवस्था भी बिगड़ी

**औबेदुल्लागंज।** नगर के बिशनखेड़ा बिजली फीडर में आए दिन खराबी आने से नागरिक परेशान हैं। बिजली विभाग के अधिकारी इस समस्या का हल जल्द निकाल लेने की बात कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं। वहीं बिजली बंद होने से स्थानीय नागरिक परेशान हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने कहा बिजली फीडर में हर दिन फाल्ट आता है, पर इसका स्थाई समाधान अधिकारी नहीं खोज पा रहे हैं।

समाजसेवियों एवं नागरिकों ने इसकी शिकायत सीएम हैल्पलाइन में भी की है, साथ ही बिजली कंपनी के अधिकारी को ज्ञापन देकर इस समस्या का स्थायी समाधान की मांग की है। नगर में थोड़ी ही हवा चलने पर लाइट बंद कर दी जाती है। जिससे भीषण गर्मी में लोगों को परेशान होना पड़ता है। व्यवसायी एवं तकनीकी कार्य करने वाले लोगों को भी परेशानी होती है। मंगलवार को नगर सहित वार्ड 2 महावीर कॉलोनी, विजय नगर, जानकी नगर, सीएल नगर, सनोटी, बिशनखेड़ा में विद्युत व्यवस्था को लेकर बिजली कंपनी के उप महा प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा और विद्युत व्यवस्था सुधारने की मांग की है। व्यवस्था नहीं सुधरने पर जन आंदोलन की बात कही है।

## 46 मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगी लैपटॉप की राशि

# एमपी बोर्ड परीक्षा में बेटियों ने मारी बाजी, विद्यालय का किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

एमपी बोर्ड परीक्षा में कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। कक्षा 10वीं में विद्यालय स्तर पर प्रथम श्रेणी में आने वाले विद्यार्थियों में काजल नागर 97 प्रतिशत प्रथम, आयुष होतवानी 95 प्रतिशत द्वितीय, नीलम मेहर 95 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 12वीं के वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान नम्रता मेघानी 95.4 प्रतिशत, द्वितीय स्थान लकी चौधरी 93.4 प्रतिशत, तृतीय स्थान सागर परयानी 93 प्रतिशत, विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान समीक्षा नागर 90.2 प्रतिशत, द्वितीय स्थान आकृति शर्मा 89.4 प्रतिशत, तृतीय स्थान जान्हवी नंदवानी 88 प्रतिशत ने प्राप्त किया। संस्था के अध्यक्ष ने मेधावी छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को बधाई दी। वहीं 46 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटाप के लिए राशि मिलेगी।



काजल नागर, आयुष होतवानी, नीलम मेहर, नम्रता मेघानी, लकी चौधरी, सागर परयानी, समीक्षा नागर, आकृति शर्मा, जान्हवी नंदवानी

# पुलिस आरक्षक 5 हजार रुपए की घूस लेते पकड़ाया

**भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस की सागर इकाई ने टीकमगढ़ के बल्देवगढ़ पुलिस थाने में पदस्थ कॉन्स्टेबल बालचंद्र बेलदार को पांच हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा। आरक्षक ने ग्राम पपावानी निवासी छत्रपाल सिंह लोधी से उनके दो परिजनों का नाम मारपीट की एक एफआईआर से हटाने के एवज में दस हजार की घूस मांगी थी। इस एफआईआर में केवल छत्रपाल सिंह का ही नाम दर्ज है और आरक्षक धमका रहा था कि इसमें दो अन्य परिजनों का नाम भी जोड़ा जाएगा। बालचंद्र इसमें से पांच हजार रुपए वह पहले ही ले चुका था। शेष पांच हजार रुपए लेने के लिए आरक्षक ने छत्रपाल को बमोरी तिगैला बुलाया। यहाँ जैसे ही उसने रिश्वत की रकम ली, वैसे ही नजदीक खड़े लोकायुक्त दल ने उसे पकड़ लिया।

## माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जारी किया कक्षा 10वीं और 12वीं का परिणाम

# हाईस्कूल में मंडीदीप की सपना प्रदेश के टॉप टेन में, तो हायर सेकंडरी में निधि जिले में प्रथम स्थान पर आईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा का परिणाम मंगलवार को जारी कर दिया है। इस वर्ष कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 71.61 प्रतिशत रहा। यह पिछले वर्ष की तुलना में 17.5 प्रतिशत ज्यादा है। वहीं कक्षा 12वीं का परिणाम 74.3 प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 16.16 प्रतिशत ज्यादा रहा।

शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल की छात्रा सपना मिश्रा ने कक्षा 10वीं में 98.2 अंक प्राप्त कर प्रदेश



सपना मिश्रा
98 .2 प्रतिशत





निधि शिंधे
96 प्रतिशत

में दसवा स्थान प्राप्त किया है। वहीं एक निजी स्कूल की कक्षा 12वीं की छात्रा निधि शिंधे ने 96 प्रतिशत अंक लाकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सपना की सफलता पर प्राचार्य प्रतिभा त्रिवेदी, मां उर्मिला मिश्रा व पिता देवमुनि मिश्रा और गुरुजनों ने प्रसन्नता व्यक्त की। वहीं निधि शिंधे की सफलता पर उनके माता-पिता, गोल्डन केरी स्कूल के संचालक देवेन्द्र अजमेरा, संजू अजमेरा ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### नगर के टॉपर छात्र-छात्राएं

**हाई स्कूल**

सपना मिश्रा 98.2 शासकीय कन्या हायर सेकंड्री स्कूल, दीक्षा पटेल 97.2 शा.क.हा.से. स्कूल, अतुल रोशन 95.6, कृष्णा ठाकरे 95.4, संजना कुशवाह 95.2 शा.क.हा.से. स्कूल, आयुषी राजपूत 95, दीवांशी तिवारी 95 शा.क.हा.से. स्कूल, भावना लोधी 94.6, कृष्णा गुर्जर 94, ज्योति जायसवाल 93.8, श्रद्धासिंह 93.6, दीपेश बमनिया 93.2, आंकाक्षा गौर 93, नेहा लोधी 93, कर्तिका पाल 93, अभिषेक पारधे 93 प्रतिशत अंक मिले।

**हायर सेकंडरी**

निधि शिंधे 96, अर्चनागांव कामड़े 93.4, दीशा जैन 93.2, अनु नरविरया 93 शा.क.हा.से. स्कूल, आंकाक्षा विश्वकर्मा 92.2, रजनी मीना 91.8 शा.क.हा.से. स्कूल, रोहित साहू 91.6, ओम डेहरिया 91, मुस्कान मसौके 91, पल्लवी परमार 91, दीपिका पवार 90.6, सुहानी मीना 90.6, शैली चौरसिया 90शा.क.हा.से. स्कूल, सोनाली अमृतिकर 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परिणाम पर विधायक सुरेंद्र पटवा और स्कूल शिक्षकों ने शुभकमनाएं दी है।

# शादी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण, गर्भपात भी कराया

**आर्किटेक्ट युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रातीबढ़ इलाके में रहने वाली एक युवती ने आर्किटेक्ट युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। इस मामले में युवक की मां और भाई को भी सह आरोपी बनाया गया है। फिलहाल आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है।

पुलिस के मुताबिक 30 वर्षीय पीड़िता विवाहिता है। पति से विवाद होने की वजह से वह अलग रहकर प्राइवेट नौकरी करती है। करीब तीन साल पहले उसकी मुलाकात इलाके के ही रहने वाले अमन तिवारी नामक युवक से हुई थी। वह पेश से आर्किटेक्ट है। उसके बाद दोनों में दोस्ती हो गई। करीब दो साल पहले आरोपी महिला को घुमाने ले गया था और वहां उसने एक रिसोर्ट में उसके साथ दुष्कर्म किया था। बाद में शादी का झांसा देकर वह लगातार उसके साथ शारीरिक सबंध बना रहा था। इस बीच महिला को गर्भ ठहर गया, जिसके बाद उसने अपने भाई और मां की मदद से गर्भपात भी करवा और किसी को बताने से मना किया। अब महिला ने शादी करने को कहा तो अमन ने मना कर दिया। इससे परेशान होकर महिला ने मामले की शिकायत पुलिस को कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

स्वप्नयान के पहले सप्ताह का रंगीन पड़ाव

# नाटक की धड़कनों पर थिरकते बच्चे


**भोपाल।** विहान ड्रामा वर्क्स द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन बाल नाट्य कार्यशाला स्वप्नयान का पहला सप्ताह पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ पूरा हो गया है। इस सप्ताह में बच्चों ने केवल अभिनय ही नहीं, बल्कि संगीत, ताल, लय, कल्पना और सहयोग का गहरा अभ्यास किया है। मंगलवार को नाटक के संगीत पक्ष के साथ शुरुआत हुई, जिसमें बच्चों ने ताल-लय को समझा, गानों पर चालन और हाव-भाव को जोड़ा और धीरे-धीरे नाटक के मूड में उतरने लगे। एक तरह से आज से नाटक की आत्मा आकार लेने लगी है।





### हर बच्चे के भीतर नाटक पहले से होता है

*रंग निर्देशक सौरभ अनंत ने अपने एक भावुक संवाद में कहा, हर बच्चे के भीतर नाटक पहले से होता है, पर जैसे-जैसे वो बड़ा होता है, नाटक उसके भीतर से कम होने लगता है। लेकिन स्वप्नयान के इस एक हफ्ते ने जैसे बच्चों के भीतर छिपे उस नाटक को फिर से बाहर बुला लिया है वो आंखों में चमक है, वो संवादों में ऊर्जा है, और वो मंच पर उतरने की बेचैनी है।*



राजधानी में लगा सितारों का जमावड़ा

अभिनेता मनोज बाजपेई, एक्टर साकिब सलीम और अभिनेता अक्षय ओबेरॉय फिल्म की शूटिंग के लिए बुधवार को राजधानी पहुंचे।

## शहीद भवन में नाटक 'तिजोरी तोड़' का मंचन

# अभिव्यक्ति के वैचारिक मूल्यों का किया सहज प्रकटीकरण



◆ *ओ हेनरी की कहानी अ रिटराइव रिफॉर्म पर आधारित थी नाटक की कहानी*

◆ *नाटक की कहानी और ओ हेनरी की कहानी में दर्शकों को नजर आई असमानता*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार की शाम शहीद भवन में नाटक तिजोरी तोड़ का मंचन हुआ। प्रेरणा ओ हेनरी की कहानी अ रिटराइव रिफॉर्म पर आधारित इस कहानी में निर्देशन योगेश योगी का रहा। परंतु नाटक की कहानी और ओ हेनरी की कहानी में असमानता है। नाटक की कहानी के भीतर ओ हेनरी की कहानी का मंचन करते ग्रामीण कलाकार जुगाड़ का अमेरिकी नाट्य परिवेश बनाते हैं, जो असंगत नाटकीय प्रक्रिया की रचनात्मक प्रस्तुति की तरह दिख पड़ता है। यह नाटक बुंदेली गीत-संगीत के अतिरेक सौंदर्य की तरह है जो कि स्वांग अथवा अन्य स्थानीय नाट्य विधा से प्रभावित है। कुल मिला कर ये नाटक कलात्मक अभिव्यक्ति के वैचारिक मूल्यों का सहज प्रकटीकरण है।



भोपाल के ट्विंस क्लब ने बढ़ाया भारत का मान

## चीन के 19वें वर्ल्ड ट्विंस फेस्टिवल में भारतीय जुड़वां प्रतिभाओं ने मचाई धूम

**भोपाल।** भारत की संस्कृति, रंग और रचनात्मकता का अद्भुत संगम चीन के युन्नान प्रांत में देखने को मिला, जब भोपाल के प्रतिष्ठित ट्विंस क्लब भोपाल ने 19वें इंटरनेशनल ट्विंस फेस्टिवल-2025,चीन में हिस्सा लेकर भारत का नाम रोशन किया। 4 मई तक चले इस वैश्विक आयोजन में क्लब के 10 जुड़वां प्रतिभागियों ने अपने अनूठे प्रदर्शन से न सिर्फ सभी का ध्यान खींचा, बल्कि भारतीय संस्कृति की छाप भी पूरे फेस्टिवल में छोड़ दी।



### भारत की ओर से ये प्रतिभागी हुए शामिल

- ▶▶ अभिषेक-अनुज खरे
- ▶▶ ओनी-ओनस मल्होत्रा
- ▶▶ ऋद्धि-सिद्धि सातपुते
- ▶▶ मंजरी-मयूरी अरोरा
- ▶▶ नित्य-निश्चय खडोदे

## चैतन्य योग क्रिया पर तीन दिनी शिविर 9 मई से

**भोपाल।** सॉल फाउंडेशन ऑफ इंडिया, सर्कल कॉन्शियसनेस एंड हैप्पीनेस की ओर से 9 मई से योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय यह शिविर चैतन्य योग क्रिया पर केंद्रित है। कोलार रोड स्थित प्राइड होटल में शाम 5 बजे से शुरू होने वाले शिविर में फिलॉस्फर और वैज्ञानिक डॉ. भूपेन्द्र चौधरी प्रतिभागियों को शारीरिक, आत्मिक और बौद्धिक विकास का व्यावहारिक अनुभव कराएंगे। जिसमें प्रतिभागियों को जीवन को नए स्वरूप में ढालने, भाव शुद्धि से आनंदपूर्ण जीवन जीने, आध्यात्मिक जागृति और आधुनिक विज्ञान सहित आत्मबोध, सृजनात्मकता के महत्व की जानकारी मिलेगी।



### भोपाल आए अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी से हरिभूमि की खास बातचीत

# अपने जीवन का रिस्क लिया, केमिस्ट की जॉब छोड़ी और चला गया एक्टिंग करने

*बजरंगी भाई जान से मिला जीवन का बड़ा ब्रेक उसके बाद जो पकड़ी रफ्तार तो फिर थमी नहीं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मैंने अपनी कॉलेज की पढ़ाई गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार से की। मैंने केमेस्ट्री में ग्रेज्युएशन किया और इसके बाद केमिस्ट के तौर पर जॉब की जो काफी अच्छी चल रही थी, लेकिन लाइफ में रिस्क नहीं लिया तो क्या किया। मैंने सबकुछ छोड़ा और एक्टिंग करने चला गया, और दस साल बाद मुझे जीवन का बड़ा ब्रेक बजरंगी भाईजान से मिला। यह कहना है जाने माने अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी का। जो अपनी फिल्म कोस्टाओ फिल्म के प्रमोशन के लिए भोपाल आए और हरिभूमि से खास बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े अनुभव साझा किए।



हरिभूमि चर्चा

### सोशल मीडिया पर भी सरेआम परोसी जा रही अश्लीलता

ओटीटी में दिखाई जा रही अश्लीलता पर उन्होंने कहा कि केवल ओटीटी को ही क्यों दोष देते हो, अब तो अश्लीलता सोशल मीडिया पर भी सरेआम परोसी जा रही हैं। ओटीटी पर तो कम से कम प्रत्येक कंटेंट पर लिखा होता है कि यह कंटेंट 18 प्लस है या 16 प्लस।

### कोस्टाओ की तरह मैं भी अपने काम के लिए हूं समर्पित

कोस्टाओ फिल्म में मेन रोल निभाने वाले नवाज ने कहा कि कोस्टाओ एक रियल लाइफ पर आधारित फिल्म है। जैसे वो अपने ड्यूटी के लिए पूरी तरह से समर्पित है, कंट्री के लिए समर्पित है और मैं भी अपने काम के लिए अपने कर्तव्य के लिए समर्पित हूं और काम के लिए जान लगा देता हूं।

### ओशो कहते थे एक्टिंग ऐसे करो, जैसे जिंदगी जी रहे हो....

उन्होंने कहा कि मैं ओशो का बहुत बड़ा फैन हूं और उनका एक वाक्य मुझे हमेशा याद रहता है वह कहते थे की 'एक्टिंग ऐसे करो जैसे जिंदगी जी रहे हो और जिंदगी ऐसे जियो जैसे एक्टिंग कर रहे हो तो मैं जब भी एक्टिंग करता हूं तो उसको पूरा करने में अपनी जिंदगी लगा देता हूं'।

### स्ट्रगल के बाद अपनी मंजिल पाने का अपना ही सुकून है

*स्ट्रगल प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में होता है, जब आप कुछ काम करना चाहते हो तो उसमें स्ट्रगल का शामिल होता ही है और हर चीज वक्त लेती है, स्ट्रगल के बाद जब आप अपनी मंजिल पा लेते हो तो वह एक अलग ही सुकून होता है।*

# सकलपर्णा परिवार ने आसरा के बुजुर्गों के साथ बिताया एक दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोककला-लोकगीत और लोककथाओं के कार्यक्रम आयोजित करने वाले सकलपर्णा परिवार ने शहर के आसरा वृद्धाश्रम में सदस्यों द्वारा फल-मिठाई और वस्त्रों का वितरण किया। यहां रहने वाली वृद्ध महिला और पुरुषों के साथ बातचीत की, उनके साथ खूब भजन और मधुर फिल्मी गीत भी गाए।



# मुक्त छन्द की पुस्तक पाठकों को करेगी अचंभित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के साहित्यकार प्रेम चंद गुप्त के काव्य संग्रह 'दो पाटन के बीच' का लोकार्पण दुष्यंत संग्रहालय में हुआ। प्रेम चंद गुप्त ने बताया कि यह उनकी पहली पुस्तक है] जिसमें अन्य वरिष्ठ साहित्यकारों ने अपनी भूमिका लिखी है। उन्होंने कहा कि लोग उनको ग़ज़लकार या गीतकार के रूप में जानते हैं तो यह मुक्त छन्द की पुस्तक लोगों को अचंभित करेगी।




### पुस्तक की कुछ कविताएं वैज्ञानिक एवं गणितीय हैं

लोकार्पण की अध्यक्षता कर रहे मध्य प्रदेश लेखक संघ के निदेशक विकास दवे ने कहा कि यह पुस्तक सब कुछ समाप्त होता नहीं बताती बल्कि एक नए जीवन की उम्मीद दिखाती है। साहित्यकार राजेंद्र शर्मा अक्षर ने कहा कि इन नई कविताओं में प्रेम चंद गुप्ता की एक ओर दर्शानिक छवि उभर कर आती है, वहीं कुछ कविताएं वैज्ञानिक एवं गणितीय हैं।



### मनहर छन्दमुक्त नई कविता ने किया प्रभावित

मुख्य अतिथि एवं उर्दू अकादमी की निदेशक नुसरत मेहंदी ने कहा कि गुप्ता उर्दू को एक ग़ज़लकार के रूप में जानती थी परन्तु आज ये मनहर छन्दमुक्त नई कविता की पुस्तक ने उनको प्रभावित किया।

**भोपाल**

लेखन के विवेक और दृष्टि पर सार्थक विमर्श

# लेखक का विवेक सिर्फ शब्दों तक सीमित नहीं होता: जोशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएमएचआरसी में साहित्यिक कार्यशाला में कविता संग्रह 'और इन सब के बीच' को केंद्र में रखकर रचनात्मक लेखन पर गंभीर और भावपूर्ण चर्चा हुई। इस आयोजन ने साहित्य, चिकित्सा और जीवन को जोड़ने का एक सशक्त मंच प्रदान किया। संगोष्ठी में साहित्यकार राजेश जोशी, आलोचक डॉ. अरुणाभ सौरभ, लेखक और पत्रकार रामप्रकाश त्रिपाठी, अंशु कुमार चौधरी और बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने विचार साझा किए। राजेश जोशी ने कहा कि लेखक का विवेक सिर्फ शब्दों तक सीमित नहीं होता, बल्कि उसका जुड़ाव समाज और समय से भी होता है। उन्होंने 'और इन सब के बीच' को एक सजग और जरूरी रचना बताया। डॉ. अरुणाभ ने कविता की दृष्टि को महसूस करने की प्रक्रिया बताया और कहा कि यह संग्रह आज के समाज की आवाज बनकर उभरता है।

### यह समय, स्मृति और अस्मिता की कविता

रामप्रकाश त्रिपाठी ने इसे निजी अनुभवों को सामाजिक संदर्भों से जोड़ने वाला संग्रह बताया। अंशु कुमार ने इसे समय, स्मृति और अस्मिता की कविता बताया। डॉ. मनीषा ने कहा, जैसे डॉक्टर शरीर को ठीक करता है, वैसे ही कविता समाज को संवेदनशील बनाती है। इस संगोष्ठी ने दिखाया कि कैसे साहित्य हमारे समय, समाज और आत्मा के बीच पुल बन सकता है।

**प्रतियोगिता के दौरान कुल 27 रील्स प्रस्तुत की गईं**

# बरकतउल्ला विवि में आयोजित हुई ऑडियो-वीडियो रील्स प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में विधि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की दिशा में विधि एवं शोध विभाग के छात्रों ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। सीएपीटी द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में एनएलआईयू एवं बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें से प्रथम चारों स्थान ( प्रथम से चौथा स्थान) बरकतउल्ला विश्व विद्यालय के विधि विभाग के विद्यार्थियों ने प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। लॉ विभाग की विभाग अध्यक्ष प्रो मोना पुरोहित ने बताया कि इन विद्यार्थियों को दिल्ली में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया पुलिस कांग्रेस मे सहभागिता का अवसर प्राप्त होगा। प्रतियोगिता के दौरान कुल 27 रील्स प्रस्तुत की गई थीं, जिनमें से सीएपीटी के अधिकारियों द्वारा शीर्ष पाँच रील्स को चुना गया।

इनोवेटिव पैकेज री डिज़ाइन प्रतियोगिता

# छात्रों ने मौजूदा उत्पादों की पैकेजिंग को रचनात्मकता से दिया नया रूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में इनोवेटिव पैकेज री-डिज़ाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

न्यू मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्रों ने मौजूदा उत्पादों की पैकेजिंग को रचनात्मकता, मौलिकता, सौंदर्य अपील, ब्रांड प्रबंधन और शेल्फ इम्पैक्ट जैसे मानदंडों के आधार पर नए रूप में प्रस्तुत किया। कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी, विभागाध्यक्ष डॉ. पी. शशिकला एवं कुलसचिव डॉ. अविनाश वाजपेयी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि 'ऐसे प्रयोगात्मक कार्यक्रम छात्रों की प्रतिभा को निखारते हैं और उन्हें इंडस्ट्री के लिए तैयार करते हैं।' उन्होंने छात्रों और संकाय सदस्यों की सराहना करते हुए इस प्रयास को भविष्य के लिए प्रेरणादायक बताया और ऐसे आयोजनों पर गर्व जताया।

### विभागाध्यक्ष ने की इस प्रयास की प्रशंसा

विभागाध्यक्ष डॉ. पी.शशिकला ने छात्रों की मौलिक सोच की प्रशंसा की और भविष्य में इस तरह के रचनात्मक आयोजनों को और बढ़ावा देने की बात कही। कुलसचिव डॉ. अविनाश वाजपेयी ने भी छात्रों की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा को व्यावहारिक अनुभवों से जोड़ना समय की मांग है।

**पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में अहम कदम**
**कुछ जजों की संपत्ति का विवरण जल्द होगा प्रकाशित**

# सुप्रीम कोर्ट के 33 में से 21 जजों ने अपनी संपत्ति सार्वजनिक की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय न्यायपालिका में पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट के 33 मौजूदा जजों में से 21 जजों ने अपनी संपत्ति सार्वजनिक की है। इन 21 जजों में देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना भी शामिल हैं।

कोर्ट की वेबसाइट पर इन जजों की संपत्ति का विवरण अपलोड कर दिया गया है। शेष जजों की संपत्ति का विवरण भी जैसे ही प्राप्त होगा, वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट की ओर से जारी आधिकारिक बयान के अनुसार 1 अप्रैल को फुल कोर्ट मीटिंग में यह फैसला लिया गया था कि सुप्रीम कोर्ट के सभी जजों को अपनी संपत्ति की जानकारी सार्वजनिक करनी होगी। यह निर्णय सीजेआई खन्ना की अध्यक्षता में लिया गया था, जिसमें सभी जजों ने सहमति जताई थी।



## पदभार ग्रहण करते संपत्ति की घोषणा करनी होगी

सुप्रीम कोर्ट के जजों को न केवल पदभार ग्रहण करते समय अपनी संपत्ति की घोषणा करनी होगी, बल्कि भविष्य में कोई भी बड़ी संपत्ति अर्जित करने पर इसकी जानकारी भी मुख्य न्यायाधीश को देना अनिवार्य होगा। अब से जजों की संपत्ति का विवरण सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाएगा।

### 3 जज भविष्य में बनेंगे सीजेआई

जिन 21 जजों ने अपनी संपत्ति घोषित की है, उनमें वे तीन जज भी शामिल हैं, जो भविष्य में मुख्य न्यायाधीश बनने वाले हैं। इससे पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### न्यायपालिका में पारदर्शिता की मांग बढ़ी

यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब न्यायपालिका में पारदर्शिता की मांग बढ़ रही है। 13 मई को मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की सेवानिवृत्ति से पहले न्यायाधीशों की संपत्ति के विवरण का प्रकाशन जनता का विश्वास बढ़ाने के लिए एक समय पर उठाया गया कदम माना जा रहा है। इसके अतिरिक्त, उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया के पूर्ण प्रकाशन से न्यायिक नियुक्ति प्रक्रिया पर बहुत आवश्यक स्पष्टता मिलने की उम्मीद है।

### परिसंपत्ति प्रकटीकरण

*5 मई तक, सुप्रीम कोर्ट ने सभी पांच कॉलेजियम न्यायाधीशों सहित 21 न्यायाधीशों की संपत्ति का विवरण प्रकाशित किया। शेष 12 न्यायाधीशों की संपत्ति का खुलासा शीघ्र ही कर दिया जाएगा। दो महिला न्यायाधीशों न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्नाकी संपत्ति का आंशिक रूप से खुलासा किया गया है। न्यायमूर्ति त्रिवेदी की संपत्ति का खुलासा किया गया है, लेकिन न्यायमूर्ति नागरत्ना की संपत्ति का खुलासा नहीं किया गया है।*

### कॉलेजियम और नियुक्ति प्रक्रिया

*सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने न्यायिक नियुक्तियों की अपनी प्रक्रिया का भी खुलासा किया है, जिसमें शामिल हैं, 9 नवंबर 2022 से 5 मई 2025 तक उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के लिए सिफारिशें। उम्मीदवारों के स्रोतों, विशेष श्रेणियों (एससी/एसटी/ओबीसी/अल्पसंख्यक/महिला) तथा वर्तमान या सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के साथ संबंधों पर विस्तृत जानकारी।*

---

**खबर संक्षेप**

### वक्फ 'धोखाधड़ी' में 5 पर केस, ईडी का छापा



**अहमदाबाद।** ईडी ने गुजरात में कुछ वक्फ संपत्तियों में वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ी धनशोधन जांच में कई स्थानों पर छापे मारे। पीएमएलए के तहत मामला दर्ज किया है। सलीम खान, मोहम्मद यासर, महमूद खान, फैज मोहम्मद और शहीद अहमद के खिलाफ प्राथमिकी पर कार्रवाई की है।

### तेलंगाना में 14 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया



**हैदराबाद।** तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले में प्रतिबंधित भाकपा-माओवादी समूह के 14 सदस्यों ने मंगलवार को पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। भाकपा (माओवादी) छत्तीसगढ़ का प्रतिबंधित संगठन है। एरिया कमेटी के 2 सदस्यों सहित 14 ने माओवाद छोड़कर अपने परिवारों के साथ शांतिपूर्ण जीवन का फैसला किया।

### मीठी नदी गाद निकासी 13 लोगों पर केस दर्ज



**मुंबई।** मुंबई एसआईटी ने मीठी नदी गाद निकासी घोटाले के सिलसिले में मंगलवार को ठेकेदार और नागरिक अधिकारियों समेत 13 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की तथा आरोपियों के ठिकानों पर तलाशी अभियान शुरू किया। ईओडब्ल्यू के अधिकारियों की एसआईटी उस घोटाले की जांच कर रही है।

### कर्नाटक में ट्रक-कार की टक्कर में 5 नहीं रहे



**हुबली।** कर्नाटक के हुबली में मंगलवार सुबह ट्रक-कार की टक्कर में 3 महिलाओं सहित 5 लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना हुबली जिला मुख्यालय के बाहरी इलाके में इंगालाहल्ली चौराहे के पास हुई। वे शिवमोगा जिले के सागर के रहने वाले थे। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में एक मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

---

**कांग्रेस अध्यक्ष ने खुफिया विफलता को लेकर पीएम पर उठाए सवाल, भाजपा हमलावर**

# पीएम मोदी की आलोचना के पीछे सुरक्षाबलों और एजेंसियों का मनोबल गिराना ही उद्देश्य

**झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मरांडी ने 'कठिन समय' पर किया पलटवार**



**खरगे की टिप्पणी सर्वदा अनुचित**

एजेंसी ▶▶ रांची

भाजपा ने मंगलवार को दावा किया कि पहलगाम आतंकवादी हमले के संबंध में कथित खुफिया विफलता को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी की आलोचना करने का उद्देश्य 'सुरक्षाबलों का मनोबल कम करना' है। झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि खरगे की टिप्पणी ऐसे समय पर आई है जब आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई निर्णायक मोड़ पर है। मरांडी ने खरगे की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि खरगे ने पीएम मोदी की आलोचना सुरक्षा एजेंसियों का मनोबल गिराने के इरादे से की है।

उन्होंने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई निर्णायक चरण में है। खरगे ने आरोप लगाया कि पिछले महीने पहलगाम आतंकवादी हमले से तीन दिन पहले खुफिया रिपोर्ट मिलने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने अपना कश्मीर दौरा रद्द कर दिया था। उन्होंने यह भी दावा किया कि केंद्र ने सर्वदलीय बैठक के दौरान 'खुफिया विफलता' को स्वीकार किया था।

### कांग्रेस गंदी राजनीति न करे

*खरगे ने कहा कि लोगों की रक्षा के लिए कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था 'मजबूत नहीं करने' के लिए सरकार को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। मरांडी ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस ऐसे समय में राजनीति कर रही है जब पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में प्रधानमंत्री मोदी के साथ खड़ा है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस को गंदी राजनीति में लिप्त नहीं होना चाहिए और खरगे की टिप्पणी अनुचित है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे।*

**खरगे ने 'संविधान बचाओ रैली' में कहा**

### प्रधानमंत्री ने रद्द किया था अपना कश्मीर दौरा



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को दावा किया कि गत 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले से तीन दिन पहले खुफिया रिपोर्ट के आधार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना जम्मू-कश्मीर दौरा रद्द कर दिया था। उन्होंने यहां कांग्रेस की 'संविधान बचाओ रैली' को संबोधित करते हुए यह सवाल भी किया कि इसी खुफिया रिपोर्ट के आधार पर लोगों की सुरक्षा क्यों नहीं की गई? उन्होंने कहा कि सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर खुफिया विफलता की बात स्वीकार की है और ऐसे में उसे 26 लोगों की मौत की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। खरगे ने इस बात को दोहराया कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ उठाए गए हर कदम का कांग्रेस समर्थन करेगी तथा सरकार के साथ खड़ी होगी।

### सरकार ने खुफिया विफलता को स्वीकारा

*सरकार ने यह माना कि ये खुफिया विफलता है और इसे सुधारने की जरूरत है। उन्होंने सवाल किया कि जब आपको खुफिया विफलता मालूम है तो पहले ही अच्छी व्यवस्था क्यों नहीं की गई? जब आप चूक को मान रहे हैं तो इतने लोगों की मौत की जिम्मेदारी भी आपको लेनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि मुझे यह भी सूचना मिली है, अखबारों में भी यह आया है कि हमले के तीन दिन पहले वहां से खुफिया रिपोर्ट मोदी जी को भेजी गई थी। इसी कारण मोदी जी ने कश्मीर जाने का कार्यक्रम रद्द किया था।*

### सुरक्षा क्यों नहीं बढ़ाई गई?

*खरगे ने सवाल किया कि जब खुफिया तंत्र के लोगों का कहना था कि प्रधानमंत्री का जाना मुनासिब नहीं है तो लोगों की सुरक्षा क्यों नहीं की गई? पीएम की जम्मू-कश्मीर यात्रा 19 अप्रैल को निर्धारित थी, लेकिन प्रतिकूल मौसम पूर्वानुमान के कारण स्थगित कर दी गई थी। प्रधानमंत्री को दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलवे पुल का उद्घाटन करना था।*

### देश सबसे बड़ा फिर पार्टी, धर्म और जाति

*खरगे ने कहा कि देश सबसे बड़ा है। इसके बाद ही पार्टी, धर्म और जाति आती है। हमने देश के लिए अपनी जान दी है। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने देश को एक रखने के लिए बलिदान दिया है। महात्मा गांधी ने तो देश को आजादी दिलाई, लेकिन एक गद्दार ने उनके सीने में गोलियां दाग दी।*

### करनाल में राहुल ने शहीद लेफ्टिनेंट नरवाल के परिवार के प्रति संवेदना जताई



*करनाल। पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के परिवार से मिलने के लिए कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी करनाल पहुंचे। उ रोहतक के सांसद दीपेंद्र हुड्डा और हरियाणा यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा पहले ही विनय नरवाल के घर पहुंच चुके थे। राहुल शहीद की पत्नी हिमांशी नरवाल और उनके परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की।*

---

**ओबुलापुरम अवैध खनन मामले में कार्रवाई**

# कर्नाटक के पूर्व मंत्री रेड्डी समेत 3 अन्य दोषियों को 7 साल की सजा



**सीबीआई ने हिरासत में लिया**

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के पूर्व मंत्री गली जनार्दन रेड्डी और तीन अन्य लोगों को एक विशेष अदालत ने 7 साल की सजा सुनाई है। यह सजा उन्हें ओबुलापुरम अवैध खनन केस में दी गई है। वहीं कोर्ट का फैसला आते ही सीबीआई की टीम ने जनार्दन रेड्डी और बाकी दोषियों को अपनी हिरासत में ले लिया। यह मामला सालों पुराना है, जिसमें रेड्डी और उनके साथियों पर आरोप था कि उन्होंने नियमों का उल्लंघन कर के गैरकानूनी तरीके से खनन किया और करोड़ों का नुकसान सरकार को पहुंचाया।

### पूर्व मंत्री और उनके साथियों ने कानून तोड़ा

इस केस में जांच एजेंसियों ने बताया कि जनार्दन रेड्डी की कंपनी ने सीमा के बाहर जाकर भी खनन किया और इसके लिए जरूरी अनुमति नहीं ली थी। इससे पर्यावरण को भी भारी नुकसान हुआ। अब कोर्ट ने माना कि पूर्व मंत्री और उनके साथियों ने कानून तोड़ा और इसलिए उन्हें सात साल की कैद और जुर्माना भी भरना होगा।

### रेड्डी पर ये आरोप लगे

*पूर्व मंत्री रेड्डी पर भारत में घोटाला कर उन पैसों का कई देशों में निवेश करने का आरोप है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पांच सितंबर 2011 को रेड्डी और उनके रिश्तेदार बी.वी श्रीनिवास रेड्डी को बेल्लारी से गिरफ्तार किया था। श्रीनिवास रेड्डी ओबलापुरम माइनिंग कंपनी (ओएमसी) के प्रबंध निदेशक थे। इस कंपनी पर खनन पट्टे के सीमांकन को बदलने और बेल्लारी आरक्षित वन क्षेत्र में अवैध खनन करने का आरोप है।*

### इन पर भी आरोप

*मामले में बीवी श्रीनिवास रेड्डी, गली जनार्दन रेड्डी, ओबुलापुरम माइनिंग कंपनी, पूर्व मंत्री के निजी सहायक मेफाज अली खान, खान विभाग के तत्कालीन निदेशक वी.डी. राजगोपाल, पूर्व आईएएस कृपानंदम और तत्कालीन मंत्री सबिता इंद्रा रेड्डी पर भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत और कुछ अन्य पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। वहीं इस मामले में 2022 में उच्च न्यायालय ने आईएएस अधिकारी श्रीलक्ष्मी को मामले से मुक्त कर दिया।*

---

**फिलहाल तेज हवाएं नहीं रुक रहीं मौसम विभाग का अलर्ट जारी**

**गुजरात में आंधी-तूफान और बारिश ने बरपाया कहर**

# कई घरों की छत उड़ी, सड़क पर गिरे पेड़ और बिजली के खंभे, 14 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात में आंधी, तूफान बिजली गिरने और बारिश के चलते 14 लोगों की मौत हो गई है। राज्य के अलग-अलग हिस्सों में खराब मौसम के चलते कई घटनाओं में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई।

अधिकारियों ने नुकसान की जानकारी दी। गुजरात में अभी भी तेज हवाएं चल रही हैं और बारी बारिश हो रही है। मौसम सामान्य होने के बाद नुकसान का आंकलन किया जा सकेगा। मौसम विभाग ( आईएमडी) के अनुसार 7 मई तक गुजरात में भारी बारिश और तेज हवाओं का कहर जारी रहेगा।



### बारिश से जुड़ी घटनाओं में 13 लोगों की मौत

*सोमवार को अहमदाबाद, आनंद, खेड़ा, दाहोद, अरावली और वडोदरा जिलों में घटनाएं घटीं जबकि रविवार को अहमदाबाद के विरमगाम क्षेत्र में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हुई थी। कई जिलों में पेड़, होर्डिंग और बिजली के खंभे गिर गए वहीं कुछ घर भी ढह गए। खेड़ा जिले में 4, वडोदरा में 3, अहमदाबाद, दाहोद और अरावली में 2-2 तथा आनंद में एक की मौत हुई है।*

### 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल रहीं

*भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आगामी कुछ दिनों तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और बारिश होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने कहा कि गुजरात के 253 तालुकों में से 168 में सोमवार को असमय बारिश हुई। खेड़ा, गांधीनगर, मेहसाणा और वडोदरा जिलों में 25 से 40 मिमी तक वर्षा दर्ज की गई।*

---

**महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों में आरक्षण पर बोले जज**

# यहां पर रिजर्वेशन रेलगाड़ी की बोगी जैसा हो गया, जो चढ़ गए दूसरे को अंदर नहीं आने देते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत ने सुनवाई के दौरान देश में रिजर्वेशन सिस्टम की तुलना रेल यात्रा से की। जस्टिस कांत ने कहा कि देश में जाति आधारित आरक्षण रेलगाड़ी के डिब्बे की तरह हो गया है और जो लोग इस डिब्बे में चढ़ते हैं, वे दूसरों को अंदर नहीं आने देना चाहते।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एनके सिंह की बेंच महाराष्ट्र राज्य में स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी रिजर्वेशन से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही थी। महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव आखिरी बार 2016-2017 में हुए थे। 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत कोटा लागू करने के महाराष्ट्र सरकार के अध्यादेश को रद्द कर दिया था।

**सुप्रीम कोर्ट के जज की बड़ी टिप्पणी**



### अब रिजर्वेशन का कारोबार रेलवे की तरह हो गया

*जस्टिस सूर्यकांत ने मौखिक रूप से कहा कि जब आप समावेशिता के सिद्धांत का पालन करते हैं, तो राज्य वर्गों की पहचान करने के लिए बाध्य होते हैं। सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग, राजनीतिक रूप से पिछड़े वर्ग और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग होंगे। उन्हें फायदे से वंचित क्यों रखा जाना चाहिए? इसे एक विशेष परिवार या समूहों तक ही सीमित क्यों रखा जाना चाहिए? पीठ ने राज्य के विचार सुनने के लिए सुनवाई टाल दी।*

---

**सीएम ने जताया दुख** | **2 राज्यों में 14 लोगों की असमय मौत**

# बिहार में शादी की खुशियां पलभर में मातम में बदलीं, बेकाबू कार ने छीनी 8 जिंदगियां

एजेंसी ▶▶ कटिहार

बिहार में मंगलवार की सुबह अमंगल के साथ शुरू हुई। घर में शादी की ख़ुशी एक मिनट में मातम में तब्दील हो गया। कटिहार में भीषण सड़क हादसे में 8 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 2लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इस घटना में टुनटुन कुमार, ज्योतिष कुमार, प्रिंस कुमार, अजय कुमार, सिक्कू कुमार सहित तीन अन्य लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

लोगों का कहना है कि ढिबरा बाजार बड़हरा कोठी जिला पूर्णिया से स्कॉर्पियो पर 10 व्यक्ति सवार होकर बारात के लिए कुर्सेला के पास कोशकीपुर जा रहे थे। चांदपुर पश्चिमी पंचायत के चांदपुर चौक के समीप सड़क पर खड़े मक्का लदे ट्रैक्टर और बिखरे मक्का के कारण स्कॉर्पियो अनियंत्रित हो गई और ट्रैक्टर से जोरदार टक्कर हो गई।

### कार-बाइक की भीषण भिड़ंत 6 को लीला



**शाहजहांपुर।** यहां के मदनापुर थाना क्षेत्र में इको कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर होने से 6लोगों की मौत हो गई। हादसे में बाइक पर सवार 4युवकों की मौत हुई है। ये चारों दोस्त बताए गए हैं। इको कार में सवार दो लोगों की जान गई है। मदनापुर थाना क्षेत्र में काबिलपुर गांव के सामने पेट्रोल पंप से थोड़ा पहले सोमवार की रात करीब 11 बजे बरेली की ओर जा रही बाइक और मदनापुर की ओर से इको कार आमने-सामने टकरा गईं। टक्कर इतनी भीषण था कि बाइक में आग लग गई। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

---

**केंद्र सरकार पहले ही इस मुद्दे को सुलझाने प्रभावी कदम उठा चुकी**

**हरियाणा-पंजाब सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने दिए निर्देश**

# दोनों राज्य केंद्र का सहयोग करें समाधान निकालने की बात करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पंजाब और हरियाणा सरकारों को निर्देश दिया कि वे सतलुज-यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर विवाद के हल के लिए केंद्र सरकार के साथ में सहयोग करें। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच को केंद्र सरकार ने बताया कि वह पहले ही इस मुद्दे को सुलझाने के लिए प्रभावी कदम उठा चुकी है। कोर्ट ने कहा कि हम दोनों राज्यों को निर्देश देते हैं कि वे भारत सरकार के साथ मिलकर एक सौहार्दपूर्ण समाधान निकालने में सहयोग करें।

**सतलुज-यमुना लिंक नहर विवाद**







### हरियाणा ने कहा- पंजाब से पानी नहीं छोड़ना ठीक नहीं

*केंद्र की तरफ से सुनवाई में कोर्ट में एएसजी ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि हमने मध्यस्थता के लिए प्रयास किए हैं, लेकिन राज्यों को अपनी बात पर अमल करना होगा। वहीं हरियाणा सरकार के वकील श्याम दीवान ने कहा कि बातचीत से कोई भी हल नहीं निकल पा रहा है। जहां तक नहर के निर्माण की बात है तो हरियाणा ने अपने एरिया में पूरा काम कर लिया है और पानी नहीं छोड़ा जाना एक खास मुद्दा है।*

### यह बना विवाद का कारण

*अब पूरे विवाद की बात करें तो एसवाईएल नहर की परिकल्पना रावी और ब्यास नदियों से पानी के प्रभावी आवंटन के लिए की गई थी। इस प्रोजेक्ट में 214 किलोमीटर लंबी नहर बनाने की परिकल्पना की गई थी। इसमें से 122 किलोमीटर नहर पंजाब में और 92 किलोमीटर हरियाणा में बनाई जानी थी। हरियाणा ने तो अपने एरिया का काम पूरा कर लिया है, लेकिन पंजाब ने साल 1982 में काम तो शुरू किया था, लेकिन बाद में इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। यह विवाद दशकों पुराना है।*

### कोर्ट ने किया सवाल-2 दशक से पंजाब ने निर्माण कार्य पूरा नहीं किया?

*सुप्रीम कोर्ट ने 15 जनवरी 2002 को हरियाणा द्वारा 1996 में दायर एक मुकदमे में उसके पक्ष में फैसला सुनाया था और पंजाब सरकार को एसवाईएल नहर के अपने हिस्से का निर्माण करने का निर्देश दिया था। इसके बाद 2023 में बड़ा दखल दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए कहा था कि हमें सख्त आदेश देने पर मजबूर न करें। दो दशक से एसवाईएल का निर्माण न होने पर हम बेहद ही चिंतित हैं। कोर्ट ने केंद्र सरकार से यह भी कहा था कि हमें इस बात की जानकारी दें कि निर्माण का अब तक कितना काम पूरा हो चुका है? केंद्र सरकार दोनों सरकारों से बातचीत करती रहें।*

पाकिस्तान में सिंधु नदी प्रणाली प्राधिकरण (आईआरएसए) सलाहकार समिति ने सोमवार को मरला में चिनाब नदी के प्रवाह में अचानक कमी पर गहरी चिंता जताई। समिति ने आशंका जताई कि पानी का प्रवाह कम होने से खरीफ सीजन के शुरुआती दिनों में पाकिस्तान में 21% पानी की कमी हो सकती है।

**सिंधु जल संधि स्थगन के फैसले से पाक की बढ़ी चिंता**

# चिनाब नदी से पाकिस्तान के 24 शहरों में 3 करोड़ लोगों पर असर खतरे में किसान, खरीफ सीजन में पानी 21% घटने की आशंका

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। हमले के बाद, भारत ने सिंधु जल संधि को स्थगित रखने का फैसला किया है, जिससे पाकिस्तान की चिंता बढ़ गई है। सिंधु नदी प्रणाली प्राधिकरण (आईआरएसए) सलाहकार समिति ने सोमवार को मरला में चिनाब नदी के प्रवाह में अचानक कमी पर गहरी चिंता जताई। समिति ने आशंका जताई कि पानी का प्रवाह कम होने से खरीफ सीजन के शुरुआती दिनों में पाकिस्तान में 21% पानी की कमी हो सकती है। आईआरएसए सलाहकार समिति की बैठक अध्यक्ष साहिबजादा मुहम्मद शब्बीर की अध्यक्षता में आईआरएसए मुख्यालय इस्लामाबाद में आयोजित की गई।

## कपास, गन्ना और धान फसलों के उत्पादन में आएगी भारी गिरावट



## फैसलाबाद और हाफिजाबाद शहरों की 80% आबादी चिनाब नदी पर निर्भर

### खरीफ मौसम में पानी की होगी भारी कमी

आईआरएसए ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इस बात पर सर्वसम्मति से चिंता व्यक्त की गई कि भारत द्वारा कम आपूर्ति के कारण मराला में चिनाब नदी के प्रवाह में अचानक कमी के परिणामस्वरूप शुरुआती खरीफ मौसम में और अधिक कमी होगी। भारत से पानी की आपूर्ति कम होने के कारण पाक को खरीफ मौसम के दौरान पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ सकता है।

### सितंबर 2025 तक पानी की स्थिति की समीक्षा की

यह बैठक मई से सितंबर 2025 तक खरीफ की शेष अवधि के लिए प्रत्याशित जल उपलब्धता मानदंड को मंजूरी देने के लिए आयोजित की गई। सिंधु नदी प्रणाली प्राधिकरण सलाहकार समिति (आईएसी) ने 'शुरुआती खरीफ' (मई-10 जून) और देर खरीफ (11 जून-सितंबर) मौसम के शेष महीनों के लिए पानी की स्थिति की समीक्षा की।

### स्थिति की प्रतिदिन निगरानी करेंगे

*आईएसी ने शेष प्रारंभिक खरीफ सीजन के लिए 21 प्रतिशत की कुल कमी की घोषणा की है, बशर्ते कि चिनाब नदी में आपूर्ति सामान्य बनी रहे। हालांकि, स्थिति की प्रतिदिन निगरानी की जाएगी। यदि चिनाब नदी में कमी जारी रहती है, देर से खरीफ की कमी 7% होने की उम्मीद है।*

### कृषि उत्पादन पर विपरीत असर

वहीं, कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि खरीफ सीजन में 21 प्रतिशत पानी की कमी से पाकिस्तान में खरीफ फसलों की बुवाई पर विपरीत असर पड़ सकता है। नदी के प्रवाह में लंबे समय तक कमी से फसल की पैदावार कम हो सकती है, खासकर कपास, गन्ना और धान जैसी पानी की अधिक आवश्यकता वाली फसलों के लिए।

### चिनाब नदी में जलस्तर घटकर 7 फीट हो गया



भारत ने जम्मू-कश्मीर में चिनाब पर बने सियाल और बगलिहार बांध के गेट बंद कर दिए हैं। इसके चलते पाकिस्तान जाने वाला चिनाब का पानी रुक गया है और जल स्तर घटकर 15 फीट रह गया है। पाकिस्तान में चिनाब का पानी 22 फीट था जो 24 घंटे में 7 फीट घट गया। चिनाब के लगातार सिकुड़ने से 4 दिन बाद पंजाब के 24 अहम शहरों में 3 करोड़ से ज्यादा लोगों को पीने के पानी के लिए तरसना पड़ सकता है। पाकिस्तान के फैसलाबाद और हाफिजाबाद जैसे घनी आबादी वाले शहरों की 80% आबादी पेयजल के लिए चिनाब के सतही पानी पर निर्भर है। बता दें, सोमवार को रियासी जिले में सलाल डैम के गेट बंद कर दिए गए।

### बिजली उत्पादन में आएगी गिरावट

*पाकिस्तान की 80% खेती सिंधु, झेलम और चिनाब नदियों के पानी पर निर्भर है। अब भारत की तरफ से इन नदियों का पानी रोक देने से पाकिस्तान में जल संकट गहराएगा। वहां की आर्थिक स्थिति बिगड़ेगी।*

---

## मुक्त व्यापार समझौते पर सहमत हुए भारत और ब्रिटेन, पीएम मोदी बोले

# ये ऐतिहासिक उपलब्धि, दोनों के बीच साझेदारी और मजबूत होगी

सहयोग और समृद्धि के एक नए युग का मार्ग प्रशस्त होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ब्रिटेन मंगलवार को मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर सहमत हो गए हैं। इसके बाद दोनों देशों ने एक व्यापक व्यापार समझौते की घोषणा की है, जो अधिकांश वस्तुओं और सेवाओं पर से टैरिफ हटाने का प्रावधान करता है। यह कदम नई दिल्ली और अमेरिका सहित अन्य देशों के बीच इसी तरह के समझौतों के लिए आगे की राह खोल सकता है।

इस समझौते के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर इसे ऐतिहासिक उपलब्धि करार दिया है। पीएम मोदी ने कहा इससे दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी। पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर कहा कि अपने मित्र पीएम कीर स्टारमर से बात करके बहुत खुशी हुई। एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में, भारत और यूके ने एक महत्वाकांक्षी और पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते के साथ-साथ एक दोहरे योगदान सम्मेलन को सफलतापूर्वक संपन्न किया है।

*पीएम मोदी ने कहा है कि ये ऐतिहासिक समझौते हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेंगे, तथा हमारी दोनों अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार, निवेश, विकास, रोजगार सृजन और नवाचार को बढ़ावा देंगे। मैं जल्द ही पीएम स्टारमर का भारत में स्वागत करने के लिए उत्सुक हूं।*

❑ दोनों देश व्यापार, निवेश, विकास, रोजगार को बढ़ावा देंगे



### समझौता सुरक्षित अर्थव्यवस्था का हिस्सा

*पीएम कार्यालय ने बताया कि पीएम स्टारमर ने कहा कि दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं के साथ गठबंधन को मजबूत करना और व्यापार बाधाओं को कम करना, एक मजबूत और अधिक सुरक्षित अर्थव्यवस्था प्रदान करने के लिए उनके परिवर्तन योजना का हिस्सा है। दोनों नेताओं ने सहमति व्यक्त की कि भारत और ब्रिटेन के बीच आर्थिक और वाणिज्यिक संबंधों का विस्तार तेजी से मजबूत और बहुमुखी साझेदारी की आधारशिला है। वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार को कवर करने वाले एक संतुलित, न्यायसंगत और महत्वाकांक्षी एफटीए के समापन से द्विपक्षीय व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि, रोजगार के नए अवसर पैदा होने, जीवन स्तर में सुधार और दोनों देशों के नागरिकों की समग्र भलाई में सुधार होने की उम्मीद है।*

### व्यवसाय के नए अवसर खुलेंगे

पीएम कार्यालय ने एक बयान में कहा कि नरेंद्र मोदी और यूनाइटेड किंगडम के पीएम सर कीर स्टारमर ने आज टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने दोहरे योगदान सम्मेलन के साथ-साथ एक महत्वाकांक्षी और पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते के सफल समापन का स्वागत किया। नेताओं ने इसे द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया जो दोनों अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार, निवेश, नवाचार और रोजगार सृजन को बढ़ावा देगा। दोनों इस बात पर सहमत हुए कि दुनिया की दो बड़ी और खुली बाजार अर्थव्यवस्थाओं के बीच ऐतिहासिक समझौते व्यवसायों के लिए नए अवसर खोलेंगे, आर्थिक संबंधों को मजबूत करेंगे और लोगों के बीच संबंधों को गहरा करेंगे।

### पीएम स्टारमर को भारत आने का निमंत्रण दिया

*पीएम मोदी ने बताया कि यह दोनों देशों के लिए वैश्विक बाजारों के लिए उत्पादों और सेवाओं को संयुक्त रूप से विकसित करने की नई क्षमता को भी खोलेगा। यह समझौता भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी की मजबूत नींव को मजबूत करता है और सहयोग और समृद्धि के एक नए युग का मार्ग प्रशस्त करता है। पीएम मोदी ने पीएम स्टारमर को भारत आने का निमंत्रण दिया। नेताओं ने संपर्क में रहने पर सहमति व्यक्त की।*

## इटली के अपने समकक्ष से मिलीं वित्त मंत्री सीतारमण

# आपसी आर्थिक संबंधों और हितों को और मजबूत करेंगे, वैश्विक मंचों पर करेंगे सहयोग

अक्षय ऊर्जा, डिजिटल प्रौद्योगिकियों, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में अपार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को इटली के शहर मिलान में 58वीं एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) वार्षिक बैठक के मौके पर इटली के वित्त मंत्री जियान कार्लो जॉर्जेट से मुलाकात की। उन्होंने भारत-इटली आर्थिक संबंधों को मजबूत करने और आपसी हितों के मुद्दों पर वैश्विक और बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की।

बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी और इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी द्वारा नवंबर 2024 में घोषित संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना 2025-2029 के कार्यान्वयन पर प्रकाश डाला गया, जो प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग को गहराई और गति प्रदान करेगा। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 14.56 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है।



### जलवायु प्रतिबद्धताओं को आगे बढ़ाएं

वित्त मंत्री सीतारमण ने ग्रीन हाइड्रोजन, कार्बन कैप्चर, ऊर्जा दक्षता और सर्कुलर अर्थव्यवस्था में सह-वित्तपोषण मॉडल और सहयोग को रेखांकित किया और कहा कि दोनों देश वैश्विक बाजारों के लिए समाधान विकसित करने के लिए अपनी ताकत का लाभ उठा सकते हैं।

### भूटान की पंचवर्षीय योजना को सहयोग जारी रहेगा



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भूटान के वित्त मंत्री ल्योनपो लेके दोरजी से मुलाकात की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने भूटान के वित्त मंत्री ल्योनपो लेके दोरजी से मुलाकात की और भारत तथा भूटान के बीच स्थायी और समय की परीक्षा में खरी साझेदारी की पुष्टि की। दोनों नेताओं ने भारत और भूटान के बीच असाधारण विकास सहयोग पर विचार किया, भूटान की 13वीं पंचवर्षीय योजना और व्यापक आर्थिक आकांक्षाओं के प्रति भारत की निरंतर प्रतिबद्धता को जताया। दोनों देशों के बीच भौतिक, डिजिटल और वित्तीय संपर्क को मजबूत करने पर चर्चा हुई। सीमा पार व्यापार, बुनियादी ढांचे और वित्तीय एकीकरण को बढ़ाना साझा प्राथमिकता बनी हुई है।

### जापान से विशेष रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा

*भारतीय वित्त मंत्री ने जापान के वित्त मंत्री कात्सुनोबु काटो से भी मुलाकात की और दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी पर चर्चा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोकतंत्र और कानून के शासन के साझा मूल्यों पर आधारित भारत-जापान साझेदारी हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, समृद्धि और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है।*

---

## खबर संक्षेप

### नाव पलटने से 3 की मौत और 9 लापता



**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के सैन डिएगो तट के पास एक नाव पलट गई, नाव पलटने से कई लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए हैं। इस हादसे में 3 लोगों की मौत 4 घायल और 9 लापता बताए जा रहे हैं । 9 लापता लोगों में 2 भारतीय बच्चे भी शामिल हैं। प्रभावित लोगों में एक भारतीय परिवार शामिल है, जिसके माता-पिता का वर्तमान में स्क्रिप्स मेमोरियल अस्पताल ला जोला में इलाज चल रहा है, उनके बच्चे लापता हैं। विदेश मंत्रालय ने दुखद घटना के बारे में दुख जताया है और आवश्यक सहायता प्रदान कर दी है।

### पुंछ में खाई में गिरी बस 4 की मौत, 25 घायल



**पुंछ।** जम्मू कश्मीर के पुंछ में एक बस दुर्घटना में 4 लोगों की मौत हो गई और 25 लोग घायल हो गए। हादसा पुंछ जिले के गनी मेंढर इलाके में हुआ। घायलों को सेना के जवानों और पुलिस ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर बचा लिया और उन्हें इलाज के लिए मेंढर के उप-जिला अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे को लेकर बताया जा रहा है कि बस ड्राइवर ने बस पर से अपना नियंत्रण खो दिया था। जिससे यात्रियों से भरी बस खाई में गिर गई। हादसे के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बैंकॉक से मॉस्को जा रही थी फ्लाइट

# केबिन से निकला धुआं, दिल्ली में 400 यात्री सुरक्षित उतारे गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बैंकाक से मास्को जाने वाली एक फ्लाइट की मंगलवार शाम दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आइजीआई) एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। लैंडिंग के पीछे की वजह तकनीकी खराबी बताई जा रही है। फ्लाइट रशियन एयरलाइन की कंपनी एयरोफ्लोट की थी।

एयरोफ्लोट के प्लेन (बोइंग 777-300 ईआर) की फ्लाइट नंबर एसयू273 के केबिन धुएं उठने की बात कही गई थी। एयरपोर्ट प्रबंधन के अनुसार, जैसे ही पायलट को फ्लाइट के केबिन में ईंधन की गंध आई, तुरंत आपातकालीन प्रक्रिया शुरू कर दी गई। फ्लाइट को सुरक्षित तरीके से लैंड कराया गया और सभी 400 यात्रियों और क्रू सदस्यों को तुरंत सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। प्लेन की चेकिंग की गई। इस दौरान यात्रियों का खास ख्याल रखा गया।

## तीर्थयात्रियों को देहरादून ले जा रहे हेलिकॉप्टर ने की इमरजेंसी लैंडिंग



**चमोली।** बदरीनाथ धाम क्षेत्र में मौसम खराब होने के कारण तीर्थयात्रियों को लेकर बदरीनाथ से देहरादून जा रहे एक हेलिकॉप्टर को गोपेश्वर खेल मैदान में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। करीब पांच मिनट तक मैदान में रहने के बाद हेलिकॉप्टर देहरादून के लिए रवाना हो गया। सोमवार को अपराह्न करीब दो बजे पीपलकोटी से चमोली के बीच मौसम खराब होने के कारण खेल मैदान के बीचोंबीच पायलेट ने हेलिकॉप्टर उतार दिया। कुछ देर रहने के बाद मौसम सामान्य होने पर हेलिकॉप्टर देहरादून रवाना हो गया।

## विदेश मंत्री एस. जयशंकर बोले

### विदेशों में कार्यरत भारतीयों के क्षमता विकास पर ध्यान दे रहे



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मंगलवार को नई दिल्ली में 'ग्लोबल एक्सेस टू टैलेंट फ्रॉम इंडिया' फाउंडेशन के कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान विदेश मंत्री ने कहा कि सरकार ने विदेशों में भारतीय नागरिकों की शिकायतों को तुरंत सुनने और सुलझाने के लिए एक प्रभावी शिकायत पोर्टल शुरू किया है। साथ ही जरूरतमंद और संकट में फंसे नागरिकों की मदद के लिए एक विशेष कोष भी बनाया गया है। सरकार अब कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और पेशेवर तैयारी के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश कर रही है। हमारी कोशिश है कि भारतीय कार्यबल न केवल योग्य हो, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी भी हो।

## पीएम मोदी ने ऑस्ट्रेलिया समकक्ष एंथनी से की चर्चा

# रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने और नए क्षेत्रों में सहयोग करने पर हुए सहमत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज को टेलीफोन कर उनके दूसरे ऐतिहासिक कार्यकाल के लिए बधाई दी। इस संबंध में पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर में लिखा कि अपने मित्र एंथनी अल्बनीज से बात की और उन्हें उनकी पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर व्यक्तिगत रूप से बधाई दी। हम भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने और सहयोग के नए क्षेत्रों की खोज करने के लिए नए जोश के साथ मिलकर काम करने पर सहमत हुए।

### आपसी हित के मुद्दों पर की चर्चा

दोनों नेताओं ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया तथा एक स्वतंत्र, खुले, स्थिर, नियम-आधारित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। पीएम मोदी ने पीएम अल्बनीज को वार्षिक शिखर सम्मेलन और इस वर्ष के अंत में भारत में आयोजित होने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन सहित भारत आने का निमंत्रण दिया।

## 19 मई को सबरीमाला मंदिर जाएंगी द्रौपदी मुर्मू

# भगवान अयप्पा के दर्शन करने वाली पहली राष्ट्रपति होंगी, तैयारियां शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 19 मई को केरल के सबरीमाला मंदिर में भगवान अयप्पा के दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगीं। देश के इतिहास में वह पहली राष्ट्रपति होंगी जो सबरीमाला मंदिर जाएंगीं। मंदिर प्रबंधन संस्था त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) ने उनकी यात्रा की पुष्टि की। साथ ही इसे देश के इतिहास में गर्व का पल करार दिया। मंदिर प्रबंधन ने तैयारी शुरू कर दी है।

### यह गर्व का क्षण

*टीडीबी के अध्यक्ष पीएस प्रशांत ने कहा कि यह पहली बार है कि जब किसी राष्ट्रपति का सबरीमाला मंदिर में आगमन हो रहा है। वे यहां प्रार्थना करने वाली पहली राष्ट्रपति होंगी। यह गर्व का क्षण है। उन्होंने बताया कि 18 और 19 मई को मंदिर में भक्तों को दर्शन नहीं मिलेंगे। इसके लिए क्यूआर टिकट सेवाओं को भी बंद कर दिया गया है। हमने सड़कों की मरम्मत और निर्माण कार्य शुरू करा दिया है।*

## अमेरिकी संसद के स्पीकर ने की पहलगाम हमले की निंदा कहा

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम भारत के साथ

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



पहलगाम आतंकी हमले की लगातार निंदा हो रही है। अब अमेरिकी संसद के स्पीकर माइक जॉनसन ने भी पहलगाम हमले को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अमेरिका भारत का पूरा समर्थन करेगा।

भारत कई मायनों में अमेरिका का साझेदार है। माइक जॉनसन ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर भी बात की। कैपिटल हिल में कांग्रेस की ब्रीफिंग के दौरान माइक जॉनसन ने कहा कि भारत में जो भी कुछ हो रहा, उसके लिए हमारी बहुत सहानुभूति है। हम अपने सहयोगियों के साथ हैं। मुझे लगता है कि दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता अच्छी तरह से काम करेगी। भारत को आतंकवाद के खिलाफ खड़ा होना होगा। हम अमेरिका में भारत के प्रयासों का समर्थन करने का हर संभव प्रयास करेंगे।

*भारत कई मायनों में अमेरिका का साझेदार*

*ट्रंप भारत के साथ रिश्तों को महत्व देते हैं*

### भारत ने यूएस को शून्य टैरिफ का दिया प्रस्ताव

भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर जल्द सहमति बन सकती है। भारत ने व्यापार वार्ता में अमेरिका के समक्ष इस्पात, ऑटो पार्ट्स व दवाओं पर दोनों देशों में शून्य टैरिफ का प्रस्ताव रखा है। भारत का प्रस्ताव है कि उत्पादों की एक निश्चित मात्रा और पारस्परिक आधार पर इस टैरिफ व्यवस्था को अपनाया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले महीने वाशिंगटन में हुई बातचीत में भारतीय अधिकारियों ने यह प्रस्ताव रखा। इसके तहत एक तय सीमा तक वस्तुओं पर कोई आयात शुल्क नहीं लगेगा। आयात तय सीमा से ज्यादा होता है, तो सामान्य दरों पर शुल्क लागू होगा। यह प्रस्ताव साल के अंत तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते को पूरा करने की रणनीति का हिस्सा है।

### ट्रंप प्रशासन आतंकवाद के खतरे को समझता है

माइक जॉनसन ने कहा कि भारत और अमेरिका का रिश्ता लगातार विकसित हो रहा है। ट्रंप प्रशासन भी इस रिश्ते के महत्व को समझता है। वह आतंकवाद के खतरे के महत्व को भी समझता है। इसलिए अगर आतंकवाद बढ़ता है तो ट्रंप प्रशासन इससे निपटने में मदद करने के लिए अधिक ऊर्जा, संसाधन और समय लगाएगा।




# भारत की निगाह फाइनल में जगह बनाने पर, उम्मीद जीवंत रखने उतरेगा दक्षिण अफ्रीका

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

भारत महिला त्रिकोणीय एकदिवसीय क्रिकेट श्रृंखला में बुधवार को यहां जब दक्षिण अफ्रीका की टीम से भिड़ेगा तो वह पिछले मैच में श्रीलंका से मिली हार से उबरकर फाइनल में अपनी जगह पक्की करने को उत्सुक होगा। हरमनप्रीत कौर और उनकी टीम का आठ मैचों की जीत का सिलसिला रविवार को मेजबान श्रीलंका से हार के साथ समाप्त हो गया। भारतीय टीम हालांकि अब भी अपने बेहतर रन रेट के कारण फाइनल में पहुंचने की प्रबल दावेदार है लेकिन वह अपने अगले मैच में जीत हासिल करके इस मुकाम पर पहुंचना चाहेगी।

### भारतीय टीम अंक तालिका में शीर्ष पर

भारतीय टीम तीन मुकाबलों में चार अंक हासिल करके अंक तालिका में शीर्ष पर है। वे दूसरे स्थान पर मौजूद श्रीलंका से आगे हैं, जिसके भी चार अंक हैं लेकिन उसका नेट रन रेट -0.166 है। भारत का नेट रन रेट 0.433 है। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने अभी तक कोई मैच नहीं जीता है लेकिन उसे अभी दो मैच खेलने हैं और इनमें जीत हासिल करने पर वह भी फाइनल में जगह बना सकती है।



### बल्लेबाजी रही भारत का सकारात्मक पक्ष

इस श्रृंखला में भारत की बल्लेबाजी एक बड़ा सकारात्मक पक्ष रही है। सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल दो अर्धशतक सहित 163 रन बनाकर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। अन्य बल्लेबाजों ने भी इसमें योगदान दिया है। स्नेह राणा ने तीन मैचों में 4.25 की इकोनॉमी से गेंदबाजी करते हुए 11 विकेट लिए हैं। राणा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में पांच विकेट लिए थे और वह उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगी। इस मैच में ऑलराउंडर काशवी गौतम केवल पांच ओवर करने के बाद मैदान से बाहर चली गई थी।

### दक्षिण अफ्रीका आठ मैच हार चुकी है

जहां तक दक्षिण अफ्रीका का सवाल है तो उसकी टीम संघर्ष करती हुई नजर आ रही है। उसे पिछले नौ एकदिवसीय मैचों में से आठ में हार का सामना करना पड़ा है, जिसमें इस श्रृंखला के दोनों मैच भी शामिल हैं।

दक्षिण अफ्रीका ने अपने पहले मैच में भारत के सामने कड़ी चुनौती पेश की थी लेकिन अगले मैच में उसे श्रीलंका से बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा। श्रीलंका की भीषण गर्मी से निपटने का संघर्ष उनकी मुसीबतों को और बढ़ा रहा है।

आईपीएल-2025

## जीटी ने बारिश से प्रभावित मैच में एमआई को तीन विकेट से हराया



**मुंबई।** गुजरात टाइटंस ने उतार-चढ़ाव से भरे बारिश से प्रभावित इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच मे मंगलवार को यहां मुंबई इंडियंस को तीन विकेट से हराया। इस जीत से टाइटंस की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 155 रन बनाये लेकिन बारिश के कारण टाइटंस को 19 ओवर में 146 रन की चुनौती मिली जो उसने सात विकेट गंवाकर आखिरी गेंद पर हासिल कर ली। टाइटंस के लिए कप्तान शुभमन गिल ने 43, जोस बटलर ने 30 और शरफेन रदरफोर्ड ने 28 रन का योगदान दिया। मुंबई के लिए जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट और अश्वनी कुमार ने दो-दो विकेट लिये।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 11 | 8 | 3 | 16 |
| बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 |
| पंजाब | 11 | 7 | 3 | 15 |
| मुंबई | 12 | 7 | 5 | 14 |
| दिल्ली | 11 | 6 | 4 | 13 |
| कोलकाता | 11 | 5 | 5 | 11 |
| लखनऊ | 11 | 5 | 6 | 10 |
| हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 7 |
| राजस्थान | 12 | 3 | 9 | 6 |
| चेन्नई | 11 | 2 | 9 | 4 |

ऑरेंज कैप



सूर्यकुमार
510 रन
बेंगलुरु

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
19 विकेट
गुजरात

## खबर संक्षेप



### जोविक और नवा को फ्रेंच ओपन का वाइल्ड कार्ड

**ऑरलैंडो (फ्लोरिडा)।** सत्रह वर्षीय इवा जोविक और 23 वर्षीय एमिलियो नवा को 25 मई से पेरिस में शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है। महिलाओं की विश्व रैंकिंग में 120वें स्थान पर काबिज जोविक लगातार तीसरे ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में भाग लेगी। वह पिछले सितंबर में अमेरिकी ओपन और जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में दूसरे दौर में पहुंचीं थी। पुरुषों की विश्व रैंकिंग में 137वें स्थान पर मौजूद नवा दूसरी बार फ्रेंच ओपन में भाग लेंगे।

### नॉटिंघम फ़ॉरेस्ट लीग में जगह बनाने की उम्मीदें धूमिल

**लंदन।** नॉटिंघम फॉरेस्ट ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबाल टूर्नामेंट में क्रिस्टल पैलेस के साथ 1-1 से ड्रा खेला जिससे उसकी चैंपियंस लीग में जगह बनाने की उम्मीदें धूमिल हो गईं। नॉटिंघम फ़ॉरेस्ट की टीम ने साल का अधिकतर समय लीग के



शीर्ष तीन में बिताया, लेकिन चार मैच में से केवल एक में जीत दर्ज करने से वह चेल्सी, न्यूकैसल और मैनचेस्टर सिटी से पीछे हो गया है। क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ जीत से वह चेल्सी और न्यूकैसल की बराबरी पर आ जाता लेकिन इस मैच में केवल एक अंक मिलने से वह पहले की तरह छठे नंबर पर ही है।

### खुश रहने के लिए कप्तानी छोड़ी: कोहली

**बेंगलुरु।** लगभग एक दशक तक भारत और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का नेतृत्व करने और उनकी बल्लेबाजी पर रखी जा रही कड़ी निगरानी के बाद विराट कोहली ने सोचा कि अब बहुत हो गया और उन्होंने जिंदगी में खुश रहने के



लिए आखिर में कप्तानी छोड़ने का फैसला किया। कोहली ने कहा इसलिए मैंने कप्तानी छोड़ दी क्योंकि मुझे लगा अगर मुझे इस खेल में बने रहना है तो उसके लिए मेरा खुश रहना जरूरी है। कोहली ने 2021 में विश्व कप के बाद टी20 कप्तान के पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद उन्होंने आरसीबी की कप्तानी भी छोड़ दी।

## आईपीएल : कोलकाता के ईडन गार्डन स्टेडियम में मैच आज शाम 7.30 बजे से

# चेन्नई के पास खोने को कुछ नहीं, कोलकाता के लिए करो या मरो जैसा आज का मुकाबला

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पांच बार की चैंपियन चेन्नई की टीम प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है। चेन्नई की टीम के लिए अब खोने के लिए कुछ भी नहीं है और वह इस मैच में अधिक स्वच्छंद होकर खेलेगी लेकिन कोलकाता के लिए यह मैच करो या मरो जैसा है क्योंकि उसे प्लेऑफ की अपनी उम्मीद बरकरार रखने के लिए बाकी बचे तीनों मैच में जीत हासिल करनी होगी। कोलकाता के अभी 11 अंक हैं और अगले तीनों मैच में जीतने पर उसके 17 अंक हो जाएंगे। यहां पहुंचने पर भी उसकी प्लेऑफ में सीट पक्की हो जाएगी यह कहा नहीं जा सकता क्योंकि अन्य टीमों के परिणाम पर भी काफी कुछ निर्भर करेगा और ऐसे में नेट रन रेट पर भी मामला अटक सकता है। कोलकाता के ईडन गार्डन स्टेडियम में मैच आज शाम 7.30 बजे से शुरू होगा।

चेन्नई के बाद कोलकाता को सनराइजर्स हैदराबाद और आरसीबी के खिलाफ उनके घरेलू मैदान पर मैच खेलने हैं लेकिन फिलहाल वह राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मिली एक रन की जीत की लय को कायम रखना चाहेगा।अजिंक्य रहाणे की अगुवाई वाली कोलकाता की टीम को वेंकटेश अय्यर से भी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो इस सत्र में अभी तक रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं।



### सीएसके का पलड़ा रहा है भारी

अब तक दोनों टीमों के बीच मैचों में चेन्नई सुपर किंग्स का पलड़ा भारी रहा है। आईपीएल में ये दोनों टीमें कुल 31 मैचों में आमने-सामने थी, जिसमें से 19 मैच सीएसके ने जीते और 11 मैच केकेआर ने अपने नाम (बेनतीजा-1) किए। आईपीएल 2025 की पहली भिड़ंत में केकेआर ने 8 विकेट से जीत दर्ज की थी। आईपीएल 2024 में दोनों टीमें 1 मैच में आपस में भिड़ी थी, जिसमें सीएसके को 7 विकेट से शानदार जीत मिली थी।

### कैसा है ईडन गार्डन में पिच का मिजाज?

ईडन गार्डन स्टेडियम में काली मिट्टी की पिच बनाई जाती है। ऐसे में यह बल्लेबाजों को काफी रास आती है। खेल की शुरुआत में यहां तेज गेंदबाजों को थोड़ी मदद मिलती है। उसके बाद स्पिनर्स हावी होते हैं। इस पिच पर अगर बल्लेबाज की निगाह एक बार जम गई तो आसानी से बड़े-बड़े शॉट्स लगते हैं। यहां की तेज आउटफील्ड भी बल्लेबाजों के पक्ष में जाती है। पहली पारी में यहां का औसत स्कोर 165 रन का रहा है।

### इस बार चूकी चेन्नई के नाम सबसे ज्यादा बार प्लेऑफ में पहुंचने का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 में प्लेऑफ की जंग दिलचस्प हो चली है। 54 मैच खेले जा चुके हैं और अब तक सिर्फ दो टीमें- चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स ही प्लेऑफ की रेस से बाहर हुई है। आठ टीमें अब भी अंतिम-चार में पहुंचने की दौड़ में हैं। अब तक सबसे ज्यादा बार प्लेऑफ में पहुंचने का रिकॉर्ड पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के नाम है, लेकिन यह टीम इस साल सबसे आखिरी 10वें स्थान पर है। वहीं, दूसरे नंबर पर मुंबई इंडियंस है। तीसरे स्थान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, चौथे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद और पांचवें स्थान पर कोलकाता नाइट राइडर्स है। हालांकि, शीर्ष पांच में एक आरसीबी ही है, जिसके नाम अनचाहा रिकॉर्ड है। शीर्ष पांच टीमों में आरसीबी ही एकमात्र टीम है, जिसने अभी तक एक भी बार आईपीएल का खिताब नहीं जीता है। सीएसके की टीम आईपीएल के प्लेऑफ में 12 बार पहुंच चुकी है। इनमें से पांच बार टीम ने खिताब भी अपने नाम किया है। टीम 2010, 2011, 2018, 2021 और 2023 में खिताब जीत चुकी है।

### बुमराह नहीं तो कौन होगा उप-कप्तान पंत, गिल या फिर जायसवाल....!

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से पांच मैचों की टेस्ट



सीरीज खेली जानी है। यह सीरीज इंग्लैंड के पांच अलग-अलग मैदानों पर खेली जाएगी। इस सीरीज से पहले एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसके मुताबिक बीसीसीआई इस दौरे के लिए जसप्रीत बुमराह को नेतृत्व से दूर रखने का फैसला कर सकती है। बोर्ड का मानना है कि बुमराह अपनी पीठ की पुरानी चोट के कारण सभी पांचों टेस्ट मैचों में हिस्सा नहीं ले पाएंगे, इसलिए उन्हें ऐसे उप-कप्तान की जरूरत होगी, जो सभी मैच खेले। ऐसे में बुमराह की जगह कौन इंग्लैंड दौरे के लिए भारत का उप-कप्तान होगा फिलहाल अभी यह तय नहीं है फिर भी इन तीन खिलाड़ियों की चर्चा चल रही है।

**ऋषभ पंत :** साल 2017 में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाले ऋषभ पंत ने नेशनल टीम के लिए बीते 8 सालों में कमाल का प्रदर्शन किया है। विकेटकीपर बल्लेबाज ने साल 2022 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ होम टी20I सीरीज में भारत की कप्तानी की हैं। उनके पास 54 बार आईपीएल मैचों में दिल्ली के लिए 43 मैच और लखनऊ के 11 मैच में कप्तानी का अनुभव हैं। लीडरशिप में उनके अनुभव को देखते हुए वह फ्यूचर में भारत का टेस्ट कप्तान बनने के बेहतर विकल्प हैं।



**शुभमन गिल :** अंडर-19 विश्व कप 2018 में शुभमन गिल ने टीम की



कप्तानी की थी। उनके पास भारत की कप्तानी का 5 मैचों का अनुभव हैं। जब पिछले साल जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्होंने पांच टी20I मैचों की कप्तानी की थी और भारत को सीरीज में 4-1 से जीत दिलाई। 2019 में 25 साल के गिल ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अरुणाचंल और हैदराबाद के खिलाफ पंजाब की कप्तानी की।

**यशस्वी जायसवाल :** यशस्वी जायसवाल को इंग्लैंड दौरे के लिए भारत का उप-कप्तान बनाया जा सकता हैं। उनके पास किसी भी फॉर्मेट में कप्तानी का अनुभव नहीं हैं, लेकिन साल 2023 में वेस्टइंडीज दौरे के दौरान उन्होंने डेब्यू के बाद जो प्रदर्शन किया, उसकी खूब चर्चा हो रही है। जायसवाल ने भारतीय टेस्ट टीम और टी20 इंटरनेशनल में शानदार प्रदर्शन किया। उन्हें अब माना जा रहा है कि इंग्लैंड दौरे पर भारत का उप-कप्तान मनाया जा रहा है।

## टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया तो वनडे और टी-20 में भारत की बादशाहत



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने टेस्ट, वनडे और टी-20 की सालाना टीम रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम अपना दबदबा कायम रखने में सफल रही है, लेकिन उसकी बढ़त 15 अंकों से गिरकर 13 की ही रह गई है। इसी तरह वनडे और टी-20 क्रिकेट में भारतीय क्रिकेट टीम की बादशाहत बरकरार है और वह शीर्ष पर बनी हुई। वनडे रैंकिंग में भारत को 2 अंकों को और फायदा हुआ है।

### टेस्ट रैंकिंग में कौन सी टीम किस स्थान पर

आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग के अनुसार, कंगारू टीम 126 अंकों के साथ शीर्ष पर है। पिछले साल चार में से तीन टेस्ट सीरीज जीतने वाली इंग्लैंड क्रिकेट टीम 113 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर है। दक्षिण अफ्रीका (111) और भारत (105) एक-एक स्थान की गिरावट के साथ क्रमशः तीसरे और चौथे नंबर पर हैं। शीर्ष 10 में शेष स्थान अपरिवर्तित हैं। न्यूजीलैंड 5वें, श्रीलंका छठे, पाकिस्तान 7वें, वेस्टइंडीज 8वें, बांग्लादेश 9वें और जिम्बाब्वे 10वें पायदान पर हैं।

### वनडे रैंकिंग में भारत की पकड़ और मजबूत

वनडे रैंकिंग में भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में जीत के दम पर शीर्ष पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। उसके रेटिंग अंक 122 से बढ़ाकर 124 हो गए हैं। इसी तरह न्यूजीलैंड एक स्थान की बढ़त के साथ दूसरे, ऑस्ट्रेलिया तीसरे, श्रीलंका 5 रेटिंग अंकों की बढ़त के साथ चौथे, पाकिस्तान 5वें, दक्षिण अफ्रीका छठे, अफगानिस्तान 7वें, इंग्लैंड 8वें, वेस्टइंडीज 9वें और बांग्लादेश की टीम 4 अंकों की गिरावट के साथ 10वें यानी अंतिम पायदान पर है।

### टी-20 रैंकिंग में भी शीर्ष पर बरकरार है भारत

टी-20 रैंकिंग में मौजूदा टी-20 विश्व कप चैंपियन भारत शीर्ष पर है, जबकि ऑस्ट्रेलिया टीम दूसरे पायदान पर मौजूद है। इसी तरह इंग्लैंड तीसरे, न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम चौथे, वेस्टइंडीज 5वें, दक्षिण अफ्रीका छठे, श्रीलंका 7वें, पाकिस्तान 8वें और बांग्लादेश 9वें और अफगानिस्तान क्रिकेट टीम 10वें पायदान पर मौजूद है। इनके अलावा आयरलैंड ने भी अपने खेल में सुधार दिखाया है और वह जिम्बाब्वे के साथ स्थान बदलकर 11वें स्थान पर आ गई है।

### राजस्थान के मयंक ने जीता निशानेबाजी में दूसरा स्वर्ण

**नई दिल्ली।** राजस्थान के मयंक चौधरी ने खेलो इंडिया युवा खेलों में मंगलवार को लड़कों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में शीर्ष



स्थान हासिल करते हुए दो दिन में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। मयंक ने इससे पहले सोमवार को मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था। मयंक ने 239.2 अंक हासिल करते हुए चंडीगढ़ के धैर्य पराशर (235.3) को आसानी से पछाड़ा। मध्य प्रदेश के युग प्रताप सिंह राठौर ने 214.8 अंक हासिल कर कांस्य पदक जीता।

**लड़कियों में प्राची ने मारी बाजी :** प्राची गायकवाड़ ने लड़कियों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में कर्नाटक की तिलोत्तमा सेन को हराया। अपने दूसरे खेलो इंडिया युवा खेलों में हिस्सा लेते हुए प्राची ने पिछले सत्र के प्रदर्शन में सुधार किया, जहां उन्होंने कांस्य पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक के पदक विजेता स्वप्निल कुसाले से प्रेरणा लेने वाली महाराष्ट्र की इस निशानेबाज ने तिलोत्तमा के 455.6 अंकों के मुकाबले 458.4 अंक हासिल किए।

## सुपरबेट क्लासिक शतरंज में चुनौती पेश करेंगे गुकेश

**बुकारेस्ट (रोमानिया)।** विश्व चैंपियन डी गुकेश बुधवार से शुरू हो रहे सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी होंगे जहां यह दिग्गज युवा खिलाड़ी अपने करियर में पहली बार 2800 रेटिंग का आंकड़ा पार करने के लिए चुनौती पेश करेगा। यह टूर्नामेंट इस साल ग्रैंड चेस टूर में क्लासिकल शतरंज के तहत पहली प्रतियोगिता है। मेजबान देश के डेक बोगदान-डेनियल को वाइल्ड कार्ड दिया गया है। दुनिया में तीसरे नंबर के खिलाड़ी गुकेश की राह हालांकि आसान नहीं होगी क्योंकि सभी नौ टूर प्रतिभागी पहले टूर्नामेंट में एक साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 3,50,000 डॉलर है।



### प्रज्ञानानंदा भी टक्कर देने तैयार

विश्व चैंपियन गुकेश के अलावा आर प्रज्ञानानंदा इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले एक अन्य भारतीय हैं जो सभी को कड़ी टक्कर देने के लिए तैयार हैं। टाटा स्टील मास्टर्स के विजेता प्रज्ञानानंदा ने पोलैंड के वारसॉ में पिछले सुपरबेट रेपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया था। दो भारतीयों के अलावा अमेरिका के फाबियानो करुआना, उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा खिताब के अन्य मुख्य दावेदार हैं।

### निहाल एशियाई महाद्वीपीय शतरंज चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे

**अल ऐन (यूएई)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन यहां एशियाई महाद्वीपीय शतरंज चैंपियनशिप में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे। नौ दौर की इस प्रतियोगिता में शीर्ष वरीयता प्राप्त और फॉर्म में चल रहे सरीन खिताब के साथ-साथ इस साल के अंत में अक्टूबर में नयी दिल्ली में होने वाले अगले विश्व शतरंज कप में



जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। सबसे कड़ी एशियाई चैंपियनशिप में 18 भारतीय ग्रैंडमास्टर चुनौती पेश करेंगे जिसमें से शीर्ष 10 खिलाड़ी अगले विश्व शतरंज कप के लिए क्वालीफाई करेंगे। हाल ही में ताशकंद ओपन जीतने वाले सरीन अब भारत के अगले 2700 ईएलओ रेटिंग खिलाड़ी बनने के करीब हैं। वह इस प्रतिष्ठित रेटिंग से सिर्फ सात अंक पीछे हैं। इस प्रतियोगिता में पुरुषों और महिलाओं के लिए दो ब्लिट्ज चैंपियनशिप भी होंगी जो अंतिम दिन के लिए आरक्षित होंगी।

## बीसीसीआई के बहिष्कार से दोनों देशों पर पड़ेगा आर्थिक संकट

# पीसीबी को 220, बीसीबी को 130 करोड़ की चोट


**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्तों की खटास और बढ़ गई है। इसका असर खेलों पर भी नजर आ रहा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड अब एशिया कप और आईसीसी विश्व कप में पाकिस्तान का बहिष्कार करने की योजना बना रहा है। ऐसी ही स्थिति बांग्लादेश के साथ भी है। अगर ऐसा होता है तो पाकिस्तान और बांग्लादेश को 350 करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है।


### कैसे हो सकता है अधिक नुकसान?

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने दिसंबर 2022 में भारतीय टीम के दौरे से 70-80 करोड़ रुपये कमाए थे, जिसमें 3 वनडे और 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली गई थी। अगर अगस्त में भारतीय टीम बांग्लादेश नहीं आती है तो बांग्लादेश बोर्ड को उतना ही या उससे अधिक नुकसान हो सकता है। इसी तरह दोनों देशों को आईसीसी टूर्नामेंट और एशिया कप में अगल ग्रुप में रखने से दोनों देशों को प्रति चक्र साझा प्रसारण राजस्व में लगभग 20-30 करोड़ रुपये का नुकसान होगा।

### क्या है बीसीसीआई की तैयारी.....

मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की मौत होने के बाद बीसीसीआई पाकिस्तान से रिश्ते खत्म करने की सोच रहा है। इसके लिए उसने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल को पत्र भेजकर एशिया कप और विश्व कप में दोनों टीमों को अलग-अलग ग्रुप में रखने को कहा है। इसके तहत दोनों टीमें केवल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल या फाइनल में ही आमने-सामने हो सकती है।




### बांग्लादेश से भी बिगड़ रहे हैं रिश्ते

शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद से ही भारत के बांग्लादेश के साथ संबंध बिगड़ गए हैं। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमलों ने संबंधों को और बिगाड़ दिया। इसी तरह बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के सलाहकार पूर्व मेजर जनरल एएलएम फजलुर रहमान के भारत के पूर्वोत्तर राज्यों पर कब्जा करने के बयान ने स्थिति को और बिगाड़ दिया है। ऐसे में बीसीसीआई बांग्लादेश से भी क्रिकेट रिश्ते खत्म कर सकता है।

### बीसीसीआई के बहिष्कार से यह होगा नुकसान

बीसीसीआई के बहिष्कार से पाकिस्तान और बांग्लादेश दोनों को भारी वित्तीय नुकसान होगा। बीसीसीआई अकेला आईसीसी के कुल राजस्व का 80 प्रतिशत हिस्सा अर्जित करता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड भी अपने परिचालन के लिए इसी पर निर्भर हैं। अगर, भारत दोनों के साथ नहीं खेलने का फैसला करता है, तो दोनों देशों को लगभग 350 करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है। इसमें पीसीबी को लगभग 220 करोड़ और बांग्लादेश को 130 करोड़ रुपये का नुकसान होगा।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन में चिंगारी, मिसरोद के पास दुर्घटना टली

**भोपाल।** रानी कमलापति स्टेशन से इटारसी की ओर डीजल के लिए जा रही मालगाड़ी (वैगन) में मिसरोद स्टेशन से करीब एक किलोमीटर आगे एक पहिए से चिंगारी निकलती देखी गई। रेलवे ट्रैक पर कार्यरत गैंगमैन, ट्रेन के गार्ड और पायलट ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तत्काल भोपाल कंट्रोल रूम को इसकी जानकारी दी। कंट्रोल रूम ने तुरंत रानी कमलापति स्टेशन के रेलवे स्टाफ और आरपीएफ को सूचित किया। सूचना मिलते ही रेलवे की तकनीकी टीम और सुरक्षा बल मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मालगाड़ी की जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में पहिए में तकनीकी गड़बड़ी की आशंका जताई जा रही है। गनीमत रही कि समय पर सूचना मिलने से कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि मालगाड़ी की पूरी जांच के बाद ही उसे आगे रवाना किया गया।

### बीयू में रैगिंग, आयोग ने दिए जांच के निर्देश

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) में सामने आए रैगिंग के मामले में संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने पुलिस कमिश्नर को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन भी मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि बीयू में इंजीनियरिंग पढ़ने वाले सीनियर स्टूडेंट द्वारा जूनियर स्टूडेंट्स को हॉस्टल में बुलाकर उन्हें कपड़े उतरवाकर उनके साथ रैगिंग और मारपीट करने की घटना सामने आई है। सीनियर स्टूडेंट द्वारा जूनियर स्टूडेंट्स को हॉस्टल में बुलाकर जबरन उन्हें कपड़े उतरवाने के लिए कहा जाता है और ऐसा नहीं करने पर उनके साथ मारपीट की जाती है। साथ ही उन्हें अमानक पदार्थ पीने के लिए मजबूर किया जाता है। इस कारण जूनियर स्टूडेंट को मानसिक एवं शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### फूलों से सजे मंदिरों में भक्तों ने लगाए जय सीता राम के जयकारे

# सीता नवमी: गुफा मंदिर व शीतला माता मंदिर में माता जानकी की स्तुति कर की गई विशेष आरती

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल



सीता नवमी पर मंगलवार को राजधानी के जानकी व श्रीराम मंदिरों में विशेष पूजा-पाठ की गई। राम दरबार फूलों से सजाया गया। दिन-भर भजन कीर्तन किए गए। मां चामुंडा दरबार भोपाल पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि रामनवमी के समान ही सीता नवमी पर्व का भी विशेष महत्व है।

सीता नवमी के दिन ही माता जानकी का जन्म हुआ था और इस कारण सीता नवमी पर माता सीता की पूजा करने से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। सीता नवमी का त्योहार हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। इसी के तहत मंगलवार को राजधानी सहित प्रदेशभर में धूमधाम से सीता नवमी मनाई गई।



**गुफा मंदिर धाम में हुए धार्मिक अनुष्ठान**

श्री जगत जननी माता जानकी की जयंती पर श्री रामानंद आश्रम गुफा मंदिर धाम में जानकी नवमी पर श्रीमदजगदगुरु द्वाराचार्य महंत रामप्रवेशदास देवाचार्य महाराज, संतों एवं पंडित लेखराज शर्मा के आचार्यत्व में ब्राह्मणों ने वैदिक विधान से माता जानकी का पंचामृत, गंगा जल से स्नान कराकर षोडशोपचार पूजन किया। इसके बाद श्रीसूक्त पाठ तथा जानकी जी स्तुति गाई गई। इस मौके पर माता रानी को खीर का भोग लगाकर भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

**501 दीप प्रज्जलित किए गए**

शीतला माता जनकल्याण भक्त मंडल के तत्वावधान में शीतला माता मंदिर शॉपिंग सेंटर टीला जमालपुरा में सीता नवमी जानकी माता के जन्मोत्सव के पावन पर्व को धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के पुजारी श्रीहरि जोशी ने बताया कि मंदिर को विशेष रूप से फूलों से सजाया गया। इस मौके पर जानकी स्तुति पाठ किया गया। शाम 7 बजे से 501 दीप प्रज्जलित किए गए। इसके बाद विशेष आरती की गई। तो वहीं खीर का भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया।

### आशीष सोनी बने ऐबू के कार्यवाहक अध्यक्ष



**भोपाल।** ऑल इंडिया बीएचईएल एम्प्लॉईज यूनियन के महासचिव एवं निफ्टू के प्रदेश अध्यक्ष रामनारायण गिरी ने यूनियन की नई कार्यकारिणी की घोषणा 1 मई अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस समारोह में की है। जिसमें कई महत्वपूर्ण पदों पर बदलाव किए गए हैं, जिसमें मुख्य रूप से आशीष सोनी को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया है।

वहीं कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी विशाल वाणी को बनाया गया है। इसके साथ ही संगठन सचिव राजमल बैरागी, कार्यालय मंत्री, योगेश देवस्कर, सह-कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जसोदिया, रोहित कुमार, वरिष्ठ सचिव अल्ताफ अंसारी एवं बीरेंद्र सिंह मनोनीत किए गए। वहीं मार्गदर्शक मंडल एवं प्रमुख सलाहकार- धर्मेंद्र डाहट, संजीब कुमार नंदा, सावन कुमार पासी, यूपी शर्मा, अख्तर खान नामित किए गए।

## हाइवा ने 14 साल के बच्चे को मारी टक्कर, घायल



**भोपाल।** कोलार इलाके में एक हाइवा चालक को 14 साल के मासूम को टक्कर मार दी। घटनाक्रम में वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक आर्यन सिंह परिहार पिता प्रमोद सिंह कैपिटल हिल्स कॉलोनी में रहता है। वह 9वीं क्लास का छात्र है। मंगलवार सुबह वह घर के कॉलोनी के गेट पर स्कूटी लेकर खड़ा था। इसी दौरान एक हाइवा ने पीछे से टक्कर मार दी। घटनाक्रम में उसके सिर और पैर में गंभीर चोट आई है। वहीं स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

## रेस्टोरेंट संचालक आलू-प्याज सप्लायर ने लगाया सवा चार लाख रुपए का चूना

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

गोविंदपुरा इलाके में एक रेस्टोरेंट के संचालक को आलू-प्याज के सप्लायर ने सवार लाख रुपए का चूना लगा दिया है। मामला दर्ज होने की सूचना मिलने के बाद आरोपी मोबाइल बंद कर फरार हो गया है। पुलिस के मुताबिक साकेत नगर निवासी संजय कुमार नेमा रेस्टोरेंट का संचालन करते हैं। उनकी दुकान पर आलू-प्याज के अलावा अन्य सब्जियां सप्लाई करने काम शिवाय होम्स निवासी अक्षय वर्मा लंबे समय से कर रहे थे। करीब चार साल पहले सितंबर 21 में अक्षय ने संजय को लालच दिया कि वे उसके व्यवसाय में पैसा लगा दें तो उन्हें अच्छी कमाई हो जाएगी। संजय ने उन्हें 12 लाख 25 हजार रुपए दे दिए। उसने आठ लाख रुपए लौटाए और सवा चार लाख नहीं दिए।

## पीएम आवास योजना के अधूरे हाउसिंग प्रोजेक्ट्स का विरोध

### कलेक्टोरेट पहुंचे गंगानगर, 12 नंबर-बाग मुगालिया के रहवासी

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल




प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कई हाउसिंग प्रोजेक्ट अधूरे पड़े हैं। गंगानगर, 12 नंबर और बाग मुगालिया में अब तक मकान हैंडओवर नहीं किए जा सके हैं, जबकि मार्च 2025 से फ्लैट्स सौंपे जाने थे। जिसको लेकर मंगलवार को बड़ी संख्या में लोग रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंचे और मेन गेट पर ही सड़क पर बैठ गए।

प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि नगर निगम ने दिसंबर 2025 तक मकान देने का वादा किया है, लेकिन सभी लोगों को मकान मिलेंगे, इसकी संभावना कम है। क्योंकि, अब तक कई बिल्डिंग के स्ट्रक्चर भी खड़े नहीं हुए हैं। जिसको लेकर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने नगर निगम की अपर आयुक्त टीना यादव को भी तलब किया और मकान को हैंडओवर करने की तारीख पूछी। इधर हितग्राही लोकेंद्र श्रीवास्तव, पवन शाक्य ने बताया कि 2018 में मैंने 12 नंबर प्रोजेक्ट में आवास बुक कराया था। उस वक्त 18 माह में प्रोजेक्ट पूरा करने का दावा किया था, लेकिन 7 साल बाद भी आवास कब तक बनेंगे, ये अधिकारी नहीं बता पा रहे।

## करुणाधाम के शिविर में 82 लोगों ने किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

करुणाधाम आश्रम में ब्रह्मलीन मातृश्री श्रीमती दुर्गा शांडिल्य की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आश्रम के शाश्वत शांडिल्य ने बताया कि पीठाधीश्वर गुरूदेव सुदेश शांडिल्य महाराज के मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में शिविर लोगों ने रक्तदान किया।

आश्रम मातृशक्ति ब्रह्मालीन मातृश्री श्रीमती दुर्गा शांडिल्य की दसवें पुण्य स्मरण के अवसर पर एम्स अस्पताल समूह और आश्रम के प्रयास से शिविर का आयोजन किया गया। करीब 82 लोगों ने रक्तदान किया एवं आश्रम पीठाधीश्वर सुदेश शांडिल्य महाराज ने रक्तदाताओं के साथ मिल कर आश्रम में भजन कीर्तन कर समाज के स्वास्थ्य उन्नति की कामना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है।

## कार की टक्कर से घायल हुई बुजुर्ग महिला की मौत, लोगों का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

छोला मंदिर इलाके में 2 दिन पहले कार की टक्कर से एक बुजुर्ग महिला श्याम बाई गंभीर रूप से घायल हो गई थी। महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

इसको लेकर शंकर नगर इलाके के रहवासी आक्रोशित हो गए। वहीं शव को कार चालक के घर के सामने रखकर प्रदर्शन किया। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाइश दी। काफी देर तक लोग मौके पर जुटे रहे। पुलिस ने तत्काल आरोपी कर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया। इसके बाद लोग शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गए।

### पिस्टल और जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**भोपाल।** क्राइम ब्रांच पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उनके पास से एक पिस्टल मय जिंदा कारतूस के बरामद की है। फिलहाल इसे उसने किससे खरीदा है, इसको लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

पुलिस के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर हिनोतिया कछियान स्टेशन बजरिया निवासी 26 वर्षीय आसिफ खान उर्फ बम को स्लाटर हाउस के समीप निमार्णाधीन मेट्रो स्टेशन के समीप से गिरफ्तार किया है। उसकी तलाशी लेने पर उससे एक देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। आरोपी पेशे से इलेक्ट्रीशियन है। आरोपी ने बताया कि वह इसे शौकिया तौर पर लोगों पर रौब जमाने के लिए लेकर घूमता है।

## स्थानीय खेल समाचार

### 93 रन ठोककर भोपाल के कप्तान प्रारब्ध रहे मैच के हीरो

बॉयज अंडर-22 लिमिटेड ओवर्स इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट

## बारिश ने डाला खलल... भोपाल व ग्वालियर डिवीजन बने संयुक्त विजेता

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-22 बॉयज लिमिटेड ओवर्स इंटर डिवीज़नल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला इंदौर के होल्कर स्टेडियम में ग्वालियर डिवीज़न और भोपाल डिवीज़न के मध्य मैच खेला गया। ग्वालियर डिविजन ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया और भोपाल डिवीजन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 44.1 ओवर में 237 रन बनाए। भोपाल से प्रारब्ध मिश्रा ने शानदार 93 रनों की कप्तानी पारी खेली, वहीं पृथ्वीराज तोमर ने 43 रन और मीत त्रिपाठी ने 33 रन बनाए। ग्वालियर डिवीजन के गेंदबाज अक्षय शर्मा और युवराज कांग ने 3-3 विकेट लिए एवं नेक सिंह, ऋषि और शुभम को 1-1 विकेट मिला।




**238 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ग्वालियर डिवीजन की टीम**

जवाब में ग्वालियर डिवीजन ने 5.3 ओवर में 3 विकेट पर 20 रन बना लिए थे। ये तीनों विकेट भोपाल डिवीजन के अनिमेष सिंह ने घातक गेंदबाजी से प्राप्त किए। भोपाल संभाग क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डॉ. सुशील सिंह ठाकुर ने बताया कि इस दौरान स्टेडियम के आसमान पर बादल घिर आए और मैच के दौरान बारिश होने लगी। नतीजा ये हुआ कि आगे का मैच नहीं हो सका और एमपीसीए द्वारा फाइनल मैच के दोनों टीमों भोपाल डिवीजन और ग्वालियर डिविजन को संयुक्त विजेता घोषित कर दिया गया। प्लेयर ऑफ़ द मैच भोपाल डिवीजन के प्रारब्ध मिश्रा रहे।

## मलखंभ टीम चैंपियनशिप बालक वर्ग में मप्र को मिला पहला स्वर्ण पदक

**खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 (बिहार)**

### 10 मीटर शूटिंग में युगप्रताप ने जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

पटना (बिहार) में आयोजित किए जा रहे खेलो इण्डिया यूथ गेम्स 2025 में मप्र के खिलाड़ियों ने अब तक एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक आर्जित किया है, मध्य प्रदेश मैडल टैली में सातवें स्थान पर है। मध्य प्रदेश ने मलखंब में स्वर्ण पदक 123.60 अंको के साथ जीता, वहीं महाराष्ट्र 122.50 के साथ द्वितीय और छत्तीसगढ़ 122.05 के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मध्य प्रदेश की टीम के खिलाड़ियों में देवेन्द्र पाटीदार, यतिन कोरी, युवराज राव, नीरज काछावा, जयंत राठौर, और दक्ष कहार शामिल हैं। वहीं मध्य प्रदेश के युगप्रताप सिंह राठौर ने व्यक्तिगत बालक वर्ग 10 मी. पिस्टल शूटिंग में कांस्य पदक अपने नाम किया। इसी प्रतियोगिता में राजस्थान के मयंक चौधरी ने स्वर्ण और चंडीगढ़ के धैर्य पराशर ने रजत पदक आर्जित किया।



**गतका में सेमीफाइनल में पहुंचा मप्र**

गतका में बालिका फारी सोत्ती टीम प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की टीम ने चंडीगढ़ की टीम को कवाटर फाइनल मुकाबले में हरा कर सेमी फाइनल में अपनी जगह पक्की की। वहीं ट्रैप बालक वर्ग में मंगलवार को तीन राउंड के मुकाबले खेले गए, जिसमें मध्य प्रदेश के खिलाडियों सैयद अली तीसरी पोजीशन पर, दीर्घ चौहान सातवीं, मनित्वा सिंह रावत ग्यारवीं, नवजीत बिश्नोई तेरहवीं, रुस्तम पुखाम्बम चौदहवीं पोजीशन पर रहे। चौथे और पांचवे राउंड के मुकाबले बुधवार को होंगे।



अपना पदक दिखाते हुए शूटिंग खिलाड़ी युगप्रताप।

**ट्रैप बालिका वर्ग में हुए तीन राउंड मुकाबले**

ट्रैप बालिका वर्ग में मंगलवार को तीन राउंड के मुकाबले खेले गए, जिसमे मध्य प्रदेश की पूनम रघुवंशी चौथी पोजीशन हिना रश्मि बैरवा आठवीं, अनन्य मौर्या ग्यारवी पोजीशन पर रहीं। चौथे और पांचवे राउंड के मुकाबले बुधवार को होंगे।

### एमएस धोनी एकेडमी के ग्लोबल ऑपरेशंस हेड पहुंचे अकादमी

## सोहेल रऊफ ने सेंचुरियन के खिलाड़ियों को दिए टिप्स



**भोपाल।** शहर की प्रतिष्ठित सेंचुरियन क्रिकेट एकेडमी में आज भारतीय अंडर-19 टीम, दिल्ली रणजी ट्रॉफी टीम और एमएस धोनी क्रिकेट एकेडमी के ग्लोबल ऑपरेशंस हेड सोहेल रऊफ का आगमन हुआ। इस विशेष अवसर पर सोहेल रऊफ ने एकेडमी के खिलाड़ियों को निरंतर मेहनत करने और अपने लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहने का प्रेरणादायक संदेश दिया। उन्होंने युवाओं को अनुशासन, समर्पण और निरंतर अभ्यास के महत्व को समझाया। कार्यक्रम में एकेडमी के संचालक अभिनव रईसा, मोहसिन हसन और मेंटर फैसल मीर भी उपस्थित रहे।




Congratulations
Kanishk Pratap Singh
and his Proud Parents for attaining MBBS Degree from DATTA MEGHE Institute of Higher Education & Research (Deemed to be University) Wardha - Maharashtra

RAJDEEP GLOBAL INSTITUTE OF MANAGEMENT
(APPROVED BY AICTE, NEW DELHI AND AFFILIATED TO BU, BHOPAL)
TUMDA ROAD, NEAR DORAHA JOD, Bhopal - 462030
Mobile-9300817222,7354209056 Email id-rajdeepglobal institute@gmail.com
Web: www.rgim. in
APPOINTMENT
UNDER COLLEGE CODE 28 FOR MBA (FULL-TIME)
• Director • Professors
• Associate Professors • Asst. Professors
Qualification and pay as per AICTE norms and experience. The application with Bio-data should reach the above address or email id within 10 days.
Director
RGIM,Bhopal

कार ड्राईवर की आवश्यकता है
भोपाल में मीडिया समूह में 2 (दो) कार ड्राईवरों की आवश्यकता है। अपने ड्राईविंग लाइसेंस एवं आधार कार्ड के साथ सम्पर्क करें।
पता : हरिभूमि कार्यालय, बी-ब्लॉक, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, शिवाजी नगर, भोपाल (म.प्र.)
मो. नं. 9303508298


### इंदौर में हुई तीसरी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता, पुरुष और महिला वर्ग में दिखा रोमांचक मुकाबला

# टीबीएएमपी राज्य रैंकिंग बॉलिंग टूर्नामेंट में अंकुर और तनुश्री बने चैंपियन

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

टेनपिन बॉलिंग एसोसिएशन ऑफ मध्यप्रदेश (टीबीएएमपी) द्वारा आयोजित तीसरी राज्य रैंकिंग प्रतियोगिता 2 से 4 मई तक थंडर स्ट्राइक बॉलिंग एली, इंदौर में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

इस टूर्नामेंट में प्रदेश के कई बेहतरीन खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया।



**पुरुष वर्ग**

पिछली बार के विजेता अंकुर बजाज ने एक बार फिर अपना दम दिखाते हुए खिताब अपने नाम किया। उन्होंने फाइनल में उत्कर्ष श्रीवास्तव को कड़े मुकाबले में हराया। उत्कर्ष पूरे टूर्नामेंट में शानदार लय में नजर आए और उपविजेता रहे। आर्यन नायक ने अच्छा खेल दिखाते हुए तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि अमन मोदी ने सभी को चौंकाते हुए चौथा स्थान पाया। अमन ने पहली बार इतना बड़ा प्रदर्शन किया और कई अनुभवी खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा।

**महिला वर्ग**

तनुश्री सरदाना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब जीत लिया। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल दिखाया और मध्यप्रदेश की शीर्ष महिला खिलाड़ियों में अपनी जगह और पक्की की। रागिनी रायकवार ने भी अच्छा खेल दिखाते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। टीबीएएमपी के सचिव अंकुर बजाज ने बताया कि इस साल एक और राज्य रैंकिंग टूर्नामेंट और एक राज्य चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी। इन आयोजनों के आधार पर मध्यप्रदेश की टीम का चयन किया जाएगा, जो नवंबर के अंत में होने वाली राष्ट्रीय टेनपिन बॉलिंग चैंपियनशिप में भाग लेगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930